

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू नेताजी सुभाष चंद्र बोस को श्रद्धांजलि दी।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्षः 19 अंकः 24 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## आदर्श विचार



"कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता हैं। - भगवत गीता"

## मन की बात



"सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं।
-स्वामी विवेकानंद"

# 2047 तक भारत बनेगा विकसित: पीएम

● मोदी ने सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी, पीएम संसद के सेंट्रल हॉल में स्कूल स्टूडेंट्स से मिले

**याद किया**

**जयंती पर नेताजी को श्रद्धांजलि दी। वे संसद के सेंट्रल हॉल में स्कूल स्टूडेंट्स से मिले और उनसे बातचीत की**



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। वे संसद के सेंट्रल हॉल में स्कूल स्टूडेंट्स से मिले और उनसे बातचीत की। मोदी ने बच्चों से पूछा कि खाने का डिब्बा लेकर आए हो या नहीं। बच्चों के मना करने पर पीएम हंसकर बोले- बताओ तो मैं खाऊंगा नहीं। इसके अलावा पीएम ने बच्चों को सूर्योदय योजना के बारे में समझाया और बताया कि ये कैसे क्लाइमेट चेंज के खिलाफ है। उन्होंने बच्चों से 2047 तक का लक्ष्य पूछा। बच्चों ने बताया कि 2047 तक देश को विकसित बनाना है। पीएम ने बच्चों के साथ जय हिंद के नारे भी लगाए।

पीएम मोदी ने बच्चों से 3:27 मिनट की बातचीत का वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर शेयर किया।

**पीएम- 2047 तक का क्या लक्ष्य है।**
**बच्चे**- विकसित बनाना है अपने देश को, पक्का। जब तक हमारी पीढ़ी है वो तैयार हो जाएगी, दूसरा आजादी के 100 साल हो जाएंगे।
पीएम- नॉर्मली कितने बजे घर से निकलते हैं।
**बच्चे**- 7 बजे
पीएम खाने का डिब्बा साथ रखते हैं...(हंसकर) अरे मैं खाऊंगा नहीं बताओ तो सही... अच्छा खाके आए, लेके नहीं आए...बच्चों ने हामी भरी।
**पीएम**- आज क्या दिवस है।
**बच्चे**- आज नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जन्मदिन है।
**पीएम**- उनका जन्म कहां हुआ था।
**बच्चे**- ओडिशा के कटक मे।
**पीएम**- आज कटक में बहुत बड़ा समारोह है। नेताजी का कौन सा नारा है जो आपको मोटिवेट करता है।
**बच्चे**- सर नेताजी हमें सिखाते हैं कि वे कैसे लीडर थे और उनकी प्रायरिटी में देश था इससे हमें प्रेरणा मिलती है।
**पीएम**- क्या क्या प्रेरणा मिलती है।
**बच्चे**- सर जो एसडीजी गोल हैं हमारे, हम उनके माध्यम से जो कार्बन फुटप्रिंट हैं उन्हें रिड्यूस करना चाहते हैं।

### नेताजी की जयंती पर प्रधानमंत्री सेंट्रल हॉल में बच्चों से मिले

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि देश में कार्बन उत्सर्जन कम करने की पहल के तहत केंद्र सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई 1,200 से अधिक इलेक्ट्रिक बसें दिल्ली में चल रही हैं तथा आगे और भी शामिल की जाएंगी। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती पराक्रम दिवस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली में संविधान सदन (पुराने संसद भवन) के सेंट्रल हॉल में विद्यार्थियों से बातचीत की।

# सीएम भगवंत मान को आतंकी पन्नू की धमकी



**टीम एक्शन इंडिया**
**फरीदकोटः फरीदकोट** में आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नु के प्रतिबंधित संगठन एसएफजे के अज्ञात कार्यकर्ता द्वारा दीवारों पर खालिस्तान जिंदाबाद के नारे लिखने तथा झंडे लगाने का मामला सामने आने के बाद 26 जनवरी को स्थानीय नेहरू स्टेडियम में आयेजित किए जा रहे गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्यातिथि के तौर पर पहुंच रहे मुख्यमंत्री भगवंत मान का प्रोग्राम भी अब कैंसिल कर दिया गया है।

अब उनकी जगह फरीदकोट में स्पीकर कुलतार सिंह संधवां ध्वजारोहण करेंगे। उधर, इस संबंध में फरीदकोट के सांसद सरबजीत सिंह खालसा ने इसे गलत करार देते हुए कहा कि पंजाब बड़ी मुश्किल से आतंकवाद के दौर से निकला है। इसलिए हमें पंजाब का माहौल बिगाड़ने की जगह इसे सुधारने की ओर ध्यान देना चाहिए।

**प्रशासन सतर्क**

**धमकी के बाद हाई अलर्ट पर प्रशासन, फरीदकोट में रद्द हुआ 26 जनवरी का कार्यक्रम**

गुरुवार सुबह यह मामला सामने आया जब फरीदकोट के नेहरू स्टेडियम और रेलवे स्टेशन के फुट ओवर ब्रिज पर खालिस्तान जिंदाबाद के नारे लिखे हुए पाए गए तथा खालिस्तान जिंदाबाद के झंडे भी लगाए गए थे।

# सरकार 100 नए सैनिक स्कूल खोलेगी: राजनाथ सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**अलप्पुझा।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को कहा कि भारत में बुनियादी शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए केंद्र सरकार ने देशभर में 100 नए सैनिक स्कूल स्थापित करने का फैसला किया है। सरकार का यह कदम राष्ट्र के समग्र विकास में योगदान देगा।

**सैनिक स्कूलों में लड़कियों के प्रवेश का मार्ग भी प्रशस्त किया- राजनाथ सिंह**

केरल के अलप्पुझा में विद्याधिराज सैनिक स्कूल के 47वें वार्षिक दिवस समारोह को संबोधित करते हुए राजनाथ ने कहा कि केंद्र सरकार ने सैनिक स्कूलों में लड़कियों के प्रवेश का मार्ग भी प्रशस्त किया है। रक्षा मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने सैनिक स्कूलों की पहुंच देश के जिले तक बढ़ाने का फैसला किया है, ताकि विभिन्न सांस्कृतिक पृष्ठभूमि और दूरदराज के क्षेत्रों से छात्रों को इसमें शामिल किया जा सके। सैनिक को केवल युद्ध के नजरिये से नहीं देखा जाना चाहिए उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जैसे-जैसे देश स्वास्थ्य, संचार, उद्योग, परिवहन और रक्षा जैसे विभिन्न क्षेत्रों में प्रगति के साथ आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है, उसे देखते हुए शिक्षा और बच्चों के समग्र विकास में क्रांति की आवश्यकता है।

# मंत्रिमंडल ने हरियाणा एकमुश्त निपटान योजना-2025 को दी मंजूरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़ः हरियाणा** के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने एक बार फिर छोटे व्यापारियों को सशक्त बनाने और राज्य में व्यापार के अनुकूल माहौल को बढ़ावा देने के लिए सरकार की अटूट प्रतिबद्धता प्रदर्शित की है। संकल्प पत्र में किए गए वादे को पूरा करते हुए सरकार ने कर बकाया राशि की वसूली के लिए हरियाणा एकमुश्त निपटान योजना 2025 शुरू की है, जिसका उद्देश्य जीएसटी व्यवस्था से पहले के अधिनियमों के तहत मुकदमेबाजी के बोझ को कम करना, बकाया राशि की वसूली में तेजी लाना और छोटे करदाताओं को राहत देना है।



मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में आज यहां हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में ह्यहरियाणा एकमुश्त निपटान योजना 2025ह्यको मंजूरी दी गई।

**योजना से 2 लाख से अधिक करदाताओं को मिलेगा लाभ**

जीएसटी से पहले के सात अधिनियमों के तहत बकाया कर देनदारियों के निपटान के लिए तैयार की गई नई योजना में, किसी एक अधिनियम के तहत 10 लाख रुपये तक की बकाया देनदारियों वाले करदाताओं को 1 लाख रुपये तक की रियायत दी जाएगी। साथ ही, शेष मूल कर राशि का 60 प्रतिशत भी माफ किया जाएगा। इसके अलावा, 10 लाख रुपये से अधिक और 10 करोड़ रुपये तक की बकाया देनदारियों वाले करदाताओं को भी उनकी कर राशि पर 50 प्रतिशत की रियायत मिलेगी। इस योजना से 2 लाख से अधिक करदाताओं को लाभ मिलने की उम्मीद है। विशेष रूप से, इस योजना का लाभ उठाने वाले सभी करदाताओं की ब्याज और जुर्माना राशि पूरी तरह से माफ कर दी जाएगी।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

# एकता का सशक्त संदेश देता है महाकुंभ: अमित शाह

**टीम एक्शन इंडिया**
**अहमदाबादः** महाकुंभ 2025 का आयोजन 13 जनवरी से प्रारंभ हो चुका है। इस आयोजन में देश-विदेश से साधु-संत और श्रद्धालु पवित्र नदी में स्नान के लिए एकत्र हो रहे हैं। वहीं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी इस आध्यात्मिक आयोजन की सराहना की है। उन्होंने कहा कि दुनिया में कोई भी अन्य आयोजन महाकुंभ से अधिक सद्भाव और एकता का संदेश नहीं देता है। इस दौरान शाह ने पुष्टि की कि वह 27 जनवरी को गंगा में पवित्र डुबकी लगाने के लिए महाकुंभ में आएंगे। वे गुजरात विश्वविद्यालय के मैदान में हिंदू आध्यात्मिक और सेवा मेले का उद्घाटन करने के बाद संबोधित कर रहे थे। यहां बोलते हुए उन्होंने कहा कि जिस पैमाने पर प्रयागराज में महाकुंभ का आयोजन किया गया है।



**पवित्र डुबकी**

**दुनिया में कोई भी अन्य आयोजन महाकुंभ से अधिक सद्भाव और एकता का संदेश नहीं देता है : शाह**




**संयंत्र को पूरी तरह से राज्य वित्तपोषित करेगा: मुख्यमंत्री**

# ढगवार दुग्ध प्रसंस्करण संयंत्र से 35,000 किसान होंगे लाभान्वित: सीएम सुक्खू

**टीम एक्शन इंडिया**
**विजय समयाल**
**कांगड़ाः** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने जिला कांगड़ा के ढगवार में 1.50 लाख लीटर प्रतिदिन (एलएलपीडी) क्षमता के अत्याधुनिक दुग्ध प्रसंस्करण संयंत्र की आधारशिला रखी। उन्होंने कहा कि संयंत्र की प्रारंभिक प्रसंस्करण क्षमता 1.50 एलएलपीडी है, जिसे भविष्य में तीन एलएलपीडी तक बढ़ाया जा सकता है। इस संयंत्र के क्रियाशील होने के बाद कांगड़ा, मंडी, हमीरपुर, चंबा और ऊना जिलों के किसानों की आर्थिकी सुदृढ़ होगी जिससे 35,000 से अधिक दुग्ध उत्पादक लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि दुग्ध उत्पादकों की आय में वृद्धि होने के साथ इससे दुग्ध संग्रहण, प्रसंस्करण, गुणवत्ता नियंत्रण और वितरण में रोजगार के अवसर सृजित होंगे। इससे लोगों को परिवहन, आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन और रखरखाव सेवाओं जैसे क्षेत्रों में अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर मिलेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस संयत्र के निर्माण के लिए राज्य सरकार द्वारा पूर्ण धनराशि उपलब्ध करवाई जा रही है और इसका निर्माण कार्य फरवरी 2026 तक पूरा हो जाएगा। यह संयत्र ग्रामीण अर्थव्यवस्था के सुदृढ़ीकरण में मील पत्थर साबित होगा। संयत्र के क्रियाशील होने के बाद किसानों को प्रतिदिन 40 लाख रुपये के भुगतान किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा दूध की दरों में वृद्धि के बाद मिल्कफेड की दैनिक दूध खरीद क्षमता 1,40,000 लीटर से बढकर 2,10,000 लीटर हो गई है। इस अत्याधुनिक दुग्ध प्रसंस्करण संयंत्र में प्रतिदिन 1.50 लाख लीटर दूध का प्रसंस्करण किया जाएगा जिससे दही, लस्सी, मक्खन, घी, पनीर, फ्लेवर्ड मिल्क, खोया और मोजरेला चीज सहित विभिन्न प्रकार के डेयरी उत्पाद तैयार किए जाएंगे।



**आधारशिला**

**हर प्रोजेक्ट के लिए तय हों नोडल अधिकारी, सप्ताह में मिले प्रोग्रेस रिपोर्ट : मुख्यमंत्री**

# भारत में तेजी से बढ़ रहे मतदाता



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** भारत में मतदाताओं की संख्या अब 99.1 करोड़ हो गई है, जो पिछले वर्ष लोकसभा चुनाव के समय 96.88 करोड़ थी। इसकी जानकारी चुनाव आयोग के आंकड़ों में दी गई है।

राष्ट्रीय मतदाता दिवस से पहले जारी एक बयान में, चुनाव आयोग ने बुधवार को कहा कि मतदाता सूची युवा और लिंग-संतुलित दिखती है, जिसमें 18-29 आयु वर्ग के 21.7 करोड़ मतदाता हैं और मतदाता लिंग अनुपात 2024 में 948 से छह अंक बढ़कर 2025 में 954 हो गया है। राष्ट्रीय मतदाता दिवस हर वर्ष 25 जनवरी को निर्वाचन आयोग के स्थापना दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिसकी स्थापना **1950 में इसी दिन हुई थी।** चुनाव कार्यक्रम की घोषणा करते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार ने कहा था कि भारत जल्द ही एक अरब से अधिक मतदाताओं का नया रिकॉर्ड बनाएगा।

# नमो भारत के इन दो स्टेशनों पर 'स्मार्ट लॉकर' की सुविधा



## तमंचा लेकर दिल्ली जा रहा था युवक, सुरक्षाकर्मियों ने दबोचा, नमो भारत स्टेशन पर मची खलबली

**मोदीनगर** : नमो भारत रैपिड ट्रेन मोदीनगर साउथ स्टेशन पर चैकिंग के दौरान सुरक्षाकर्मियों ने तमंचे समेत युवक को गिरफ्तार किया। बताया गया है कि युवक तमंचा लेकर दिल्ली जा रहा था। एसीपी ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि नमो भारत रैपिड ट्रेन पर मोदीनगर साउथ स्टेशन पर



सुरक्षा कर्मी चेकिंग कर रहे थे। चैकिंग के दौरान एक युवक के बैग से तमंचा निकला। सुरक्षाकर्मियों ने युवक को मोदीनगर पुलिस के हवाले कर दिया। एसीपी ने बताया कि पुलिस पूछताछ में युवक ने अपना नाम विशाल पुत्र चंद्रपाल निवासी गांव निजामपुर बताया है।

**टीम एक्शन इंडिया**
**गाजियाबाद : दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ** नमो भारत कॉरिडोर के संचालित खंड में यात्रियों के लिए अब स्मार्ट लॉकर की सुविधा उपलब्ध है, जिसमें यात्री प्रतिघंटा की दर पर बेहद कम खर्च से इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। इस क्रम मे साहिबाबाद और गाजियाबाद स्टेशनों पर स्मार्ट लॉकर की सुविधा यात्रियों के लिए आरंभ हो गयी है। खास बात यह है कि इन लॉकर्स का उपयोग यात्री अपना सामान रखने के साथ ही ई-कॉमर्स पार्सल मंगवाने के लिए भी कर सकते हैं।

**ऐसे मिलेगी यात्रियों को स्मार्ट लॉकर की सुविधा:** इस सुविधा का लाभ उठाने के लिए यात्री को लॉकर पर दी गई डिजिटल स्क्रीन पर अपनी डीटेल डाल कर एकाउंट बनाना होगा। इसके बाद यात्री अपनी आवश्यकता के अनुसार लॉकर को रेंट पर ले सकते हैं। स्टेशनों पर यात्री जरूरतों के आधार पर स्मार्ट लॉकर में स्माल, मीडियम और लार्ज झ एक्स्ट्रा लार्ज लॉकर की सुविधा उपलब्ध है।

**टाइम ओवर होने पर लगेगा अतिरिक्त शुल्क:** इस स्मार्ट लॉकर में एक से 6 घंटों तक की अवधि तक के लिए लॉकर बुक करने का विकल्प दिया गया है। लॉकर बुक करने के लिए समय और लॉकर साइज का चयन करना अनिवार्य होता है। यात्री अपनी जरूरत के मुताबिक लॉकर का साइज चुनकर लॉकर बुकिंग की प्रक्रिया के लिए आगे बढ़ सकते हैं। यात्री इस सुविधा के लिए भुगतान यूपीआई के जरिए कर सकते हैं। अगर किसी यात्री का सामान लॉकर बुकिंग टाइम से ज्यादा समय तक लॉकर में रहता है, तो लॉकर से सामान निकालने के लिए लॉकर के साइज के हिसाब से प्रतिघंटा अतिरिक्त शुल्क का भुगतान करना होगा।

**रेंट ए लॉकर पर जल्द मिलेगी यात्रियों को सुविधा:** इसके साथ ही जल्द ही इस लॉकर को बुक करने की सुविधा नमो भारत कनेक्ट ऐप पर भी उपलब्ध होगी। इस लॉकर को बुक करने के लिए ऐप में यात्रियों को रेंट ए लॉकर का ऑप्शन दिया जाएगा, जिसकी मदद से वे इस सुविधा का लाभ उठा सकेंगे। इस ऑप्शन पर क्लिक करने के बाद यात्री को उस स्टेशन के नाम और तारीख का चयन करना होगा जहां और जब वह लॉकर बुक करना चाहता है। इसके साथ ही यात्री को यह भी बताना होगा कि लॉकर की सुविधा कितने घंटे के लिए लेना है। इस प्रक्रिया के तहत यात्री को ऐप में यह भी बताना होगा की वह लॉकर की सुविधा का लाभ चयनित तिथि पर किस समय उठाना चाहते हैं।

**यात्रियों को देना होगा इतना रेंट:** इस सुविधा के लिए यात्रियों को स्माल लॉकर के लिए 20 रुपए प्रति घंटा, मीडियम लॉकर के लिए 30 रुपए प्रति घंटा और लार्ज झ एक्स्ट्रा लार्ज लॉकर के लिए 40 रुपए प्रतिघण्टा के हिसाब से ऑनलाइन भुगतान करना होगा। भुगतान करने बाद लॉकर बुक हो जाएगा। लॉकर के बुक होने पर उपभोक्ता को एक एक्सेस कोड मिलेगा, जिसे लॉकर को खोलने और बंद करने के लिए उपयोग किया जाएगा। लॉकर में सिक्यूरिटी के लिए एक्सेस कोड दिया जाएगा, ताकि कोई और लॉकर को न खोल सके। इस एक्सेस कोड का उपयोग लॉकर खोलने व बंद करने के लिए सिर्फ एक बार ही किया जा सकेगा। यात्री इस लॉकर में अपना सामान स्वयं रखने के साथ ही, इसका उपयोग ई- कॉमर्स पार्सल मंगाने के लिए भी कर सकेंगे। अगर की यात्री को ई-कॉमर्स पार्सल मंगाना है तो उन्हें अपना एक्सेस कोड और फोन नंबर डिलिवरी पर्सन को बताना होगा। जब डिलिवरी पर्सन स्टेशन में पहुंचेगा तो वहां पार्सल सिक्यिटी चेक के बाद नमो भारत स्टेशन के कस्टमर केयर बूथ पर पार्सल डिलिवरी की जानकारी देनी होगी। इसके बाद डिलिवरी पर्सन को लॉकर में सामान सखने के लिए अनुमति दी जाएगी और पार्सल को लॉकर में रखने के बाद वह स्टेशन से बाहर आ जाएगा। नमो भारत ट्रेन महज एक घंटे से भी कम समय में दिल्ली के सराय काले खां से मेरठ के मोदीपुरम तक 82 किमी की दूरी तय करेगी। ऐसे में अगर किसी यात्री को दिल्ली से मेरठ या मेरठ से दिल्ली आना-जाना करना है और यात्री के पास सामान है तो सामान को साथ में लेकर चलने से परेशानी हो सकती है। ऐसी ही परेशानी से यात्रियों को बचाने के लिए एनसीआरटीसी सभी नमो भारत स्टेशनों पर स्मार्ट लॉकर की सुविधा उपलब्ध कराने की योजना पर काम कर रही है। इस सुविधा की मदद से यात्री अपना सामान स्मार्ट लॉकर में सुरक्षित रखकर अपनी यात्रा का लुत्फ उठा सकते हैं।

**शांति**

▶▶ यात्री इस लॉकर में अपना सामान स्वयं रखने के साथ ही, इसका उपयोग ई-कॉमर्स पार्सल मंगाने के लिए भी कर सकेंगे

## श्रमिक कार्ड में पैसे भेजने के लिए भेजा ऐसा लिंक, तुरंत खाते से उड़े 50 हजार

**टीम एक्शन इंडिया**
**बुलंदशहर: देहात** कोतवाली क्षेत्र के गांव काहिरा निवासी युवक सचिन सिंह से शातिर साइबर ठगों ने श्रमिक कार्ड धारकों के खाते में 15 हजार रुपये भेजने का लालच देकर ठगी कर ली। आरोपी ठग के भेजे गए लिंक पर क्लिक करते ही पीड़ित के खाते से 50 हजार रुपये काट लिए गए। पीड़ित ने मामले में अज्ञात शातिर साइबर ठग के खिलाफ तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। कोतवाली देहात में गांव काहिरा निवासी पीड़ित सचिन सिंह ने तहरीर देकर बताया कि 12 दिसंबर 2023 को उनके मोबाइल पर एक अंजान नंबर से कॉल आई थी। आरोपी कॉलकर्ता ने खुद को सीएससीई गवर्नेंस लखनऊ का अधिकारी राहुल शर्मा बताया और कहा कि जिन लोगों के ई-श्रमिक कार्ड बने हुए हैं, उनके खाते में 15 हजार रुपये सरकार की तरफ से ट्रांसफर किए जा रहे हैं। इसके बाद आरोपी ने उनके बैंक खाते में पहले एक रुपया और फिर दो रुपये भेजे। आरोपी के कहने पर पीड़ित ने पेटीएम के माध्यम से अपना खाता चेक किया, जिसमें तीन रुपये आने की पुष्टि हुई। इसके बाद आरोपी ने कहा कि वह एक लिंक भेज रहा है। लिंक पर क्लिक कर खाता चेक करना होगा।




## घर के बाहर टहल रहे सड़क ठेकेदार की गोली मारकर हत्या

**गाजियाबाद।** नंदग्राम थाना क्षेत्र की दीनदयाल पुरी में बुधवार की रात मोटरसाइकिल पर सवार तीन युवकों ने 35 वर्षीय युवक की गोली मारकर हत्या कर दी और फरार हो गये। मरने वाले का भाई हिस्ट्रीशीटर बदमाश बताया जा रहा है जबकि मृतक सड़क निर्माण का ठेकेदार था। इस मामले में मृतक के भाई ने तीन लोगों के खिलाफ पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। डीपी सिटी राजेश कुमार के मुताबिक हमला करने वाले युवक का नाम चंचल जाटव था और उसकी उम्र 35 साल थी। वह दीनदयालपुरी में रहता था और सड़क निर्माण का ठेकेदार था। उसका भाई हिस्ट्रीशीटर बदमाश है जिसका नाम कुलदीप है। उसके खिलाफ पुलिस में कुल 17 आपराधिक मामले दर्ज हैं। उन्होंने बताया कि चंचल जाटव बुधवार की देर रात अपने घर के बाहर टहल रहा था।


### अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **रतन कुमार उर्फ कन्हैया पुत्रः** खाव चन्द्र, **पताः** 23/245, ब्लॉक 23, त्रिलोकपुरी, पॉडव नगर, पूर्व दिल्ली ने **FIR No. 427/2020, U/s 379/411 IPC,** थानाः मधु विहार, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रतन कुमार उर्फ कन्हैया** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रतन कुमार उर्फ कन्हैया** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 427/2020, U/s 379/411 IPC,** थानाः मधु विहार, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **रतन कुमार उर्फ कन्हैया** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **01.03.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**उद्धव कुमार जैन**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट, प्रथम श्रेणी–04**
**कमरा नं. 13, दूसरी मंजिल, जिला शाहदरा**
**कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली**

**DP/934/ED/2025**
**(Court Matter)**

### अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अंकित सिंह, पुत्र :** श्री चतर पाल सिंह, **पताः** शांति नगर, खजूरी गली, लाल कुआँ, गाज़ियाबाद, उ.प्र.; वर्तमान पता – ए–216, बुद्ध मार्ग, शंकर मार्ग, मंडावली, दिल्ली ने मुकदमा **FIR No. 209/2017 थानाः मंडावली, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अंकित सिंह** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अंकित सिंह** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 209/2017 थानाः मंडावली, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **अंकित सिंह** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **23.05.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री सचिन**
**न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी–03**
**कमरा नं. 16, कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली**

**DP/797/ED/2025**
**(Court Matter)**

### उत्तर मध्य रेलवे

ई-निविदा सूचना संख्याः झाँसी-इन्जी0-सी-2025-08 **दिनांकः** 21.01.2025

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मण्डल रेल प्रबन्धक/कार्य/झाँसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिगं) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं।

**कार्य का नामः** परौना-कानपुर सेक्शन-प्रोटेक्शन ऑफ़ सीपेज थ्रो जॉइंट्स/गैप इन आरसीसी बॉक्स ऑफ़ एलएचएस/आरयूबी हैवी रिपेयर्स एंड अदर एसोसिएटेड वर्क्स इन वेरियस सबवे अंडर एडीईएन/कानपुर जूरिडिक्शन।

**अनुमानित लागत (रू):** ₹22795469.70 | **अमानत राशिः** ₹ 264000.00

**निविदा बन्द होने की तिथि: 17.02.2025 at 15:00 hrs.**

**स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः** 09 माह

- निविदा **दिनांक 17.02.2025** को **15.00 बजे** तक आनलाईन जमा कर सकेगें।
- पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेल के बेवसाईट **www.ireps.gov.in** पर देखें। **143/25(A)**

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

### उत्तर रेलवे

**शुद्धिपत्र**

**संदर्भः i) निविदा सूचना क्रमांक 73/2024–2025 दिनांक 19.11.2024**
**ii) निविदा संख्या 15245204 19.01.2025 को देय है।**

**1.** उपरोक्त निविदा के संदर्भ में, नियत तिथि 29.01.2025 से बढ़ाकर **19.02.2025** कर दी गई है। **2.** उपरोक्त निविदा के संदर्भ में दो नये दस्तावेज संलग्न किए गए हैं। अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी। शुद्धि पत्र वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर प्रकाशित किया गया है। **248/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr. P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी बॉबी उर्फ गोलू पुत्र** श्री. बरम प्रकाश, **पताः** चंचल पार्क मेन रोड रणहौला बस स्टैंड, **दिल्ली FIR No: 530/2021, U/S: 394/411/34 IPC, पुलिस थानाः पश्चिम विहार वेस्ट, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **बॉबी उर्फ गोलू,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **बॉबी उर्फ गोलू,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **बॉबी उर्फ गोलू, FIR No: 530/2021, U/S: 394/411/34 IPC, पुलिस थानाः पश्चिम विहार वेस्ट, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **24.03.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**अंकित करण सिंह**
**महानगर दण्डाधिकारी–08 पश्चिम**
**कमरा नंबर 30 तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/924/OD/2025**
**(Court Matter)**

### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **रिज़वान उर्फ अन्नू पुत्र हबीब पताः ई–1/497, सुंदर नगरी, नंद नगरी, दिल्ली ने एफआईआर संख्या 1182/2020 धारा 379/411 भा.द.स. के तहत** थानाः नंद नगरी, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **रिज़वान उर्फ अन्नू** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **रिज़वान उर्फ अन्नू** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **एफआईआर संख्या 1182/2020 धारा 379/411 भा.द.स. के तहत थाना नंद नगरी, दिल्ली के उक्त रिज़वान उर्फ अन्नू** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **24.02.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**दीपाक्षी राणा**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–03**
**कमरा नं.19, प्रथम तल, शाहदरा जिला**
**कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली**

DP/980/NE/2025

### उत्तर रेलवे

**ई–नीलामी नोटिस**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अंबाला छावनी द्वारा ई–नीलामी की जाएगी, जिसका विवरण सारणीबद्ध है–

| क्र. सं. | कैटगरी एवं विवरण | Area | ई–कैटलॉग | ई–नीलामी की तिथि और समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन के आउट ऑफ़ होम में वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 89.16 sqm | UMB-Advt-03-25 | 31.01.2025 को 15:00 बजे |
| 2 | सरहिन्द रेलवे स्टेशन के आउट ऑफ़ होम में वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 2160 sq. ft. | UMB-Advt-03-25 | 31.01.2025 को 15:00 बजे |
| 3 | गिदड़बाहा रेलवे स्टेशन के आउट ऑफ़ होम में वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 1500 sq. ft. | UMB-Advt-03-25 | 31.01.2025 को 15:00 बजे |
| 4 | धुरी रेलवे स्टेशन के आउट ऑफ़ होम में वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 1872 sq. ft. | UMB-Advt-03-25 | 31.01.2025 को 15:00 बजे |
| 5 | सहारनपुर स्टेशन के आउट ऑफ़ होम में वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 1440 sq. ft. | UMB-Advt-03-25 | 31.01.2025 को 15:00 बजे |
| 6 | फतेगढ़ साहिब रेलवे स्टेशन के आउट ऑफ़ होम में वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 4188 sq. ft. | UMB-Advt-03-25 | 31.01.2025 को 15:00 बजे |
| 7 | भटिंडा रेलवे स्टेशन के आउट ऑफ़ होम में वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 2109.41 sq. ft. | UMB-Advt-03-25 | 31.01.2025 को 15:00 बजे |
| 8 | अंबाला शहर रेलवे स्टेशन परिसर मे डिजिटल मीडिया द्वारा वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 91.12 sq. ft. | UMB-Advt-03-25 | 31.01.2025 को 15:00 बजे |
| 9 | अंबाला छावनी रेलवे स्टेशन परिसर मे नॉन–डिजिटल मीडिया द्वारा वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 6109 sq. ft. | UMB-Advt-03-25 | 31.01.2025 को 15:00 बजे |
| 10 | सहारनपुर रेलवे स्टेशन परिसर मे नॉन–डिजिटल मीडिया द्वारा वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 1440 sq. ft. | UMB-Advt-03-25 | 31.01.2025 को 15:00 बजे |
| 11 | शिमला रेलवे स्टेशन के आउट ऑफ़ होम में वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 1028 sq. ft. | UMB-Mix-03-2025 | 06.02.2025 को 12:00 बजे |
| 12 | बठिंडा स्टेशन के आउट ऑफ़ होम में होडिंग /यूनिपोल द्वारा वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 2528 sq. ft. | UMB-Mix-03-2025 | 06.02.2025 को 12:00 बजे |
| 13 | अंबाला शहर स्टेशन के आउट ऑफ़ होम में होर्डिंग/यूनिपोल द्वारा वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 1600 sq. ft. | UMB-Mix-03-2025 | 06.02.2025 को 12:00 बजे |
| 14 | अम्बाला मंडल के कालका स्टेशन पर रेल कोच रेस्तरां की स्थापना और संचालन हेतु ठेका | - | UMB-Mix-03-2025 | 06.02.2025 को 12:00 बजे |
| 15 | अंबाला कैंट व सहारनपुर स्टेशनों पर बीओसी की आपूर्ति, संचालन व रख–रखाव करते हुए, भुगतान राशि प्राप्त कर यात्रियों को गंतव्य तक पहुँचाना एवं उन्ही बीओसी के ऊपर वाणिज्य विज्ञापन करने का ठेका। | - | UMB-Mix-03-2025 | 06.02.2025 को 12:00 बजे |

ई–नीलामी लीजिंग आमंत्रण सूचना, नीलामी प्रपत्र, एक बार पंजीकरण व अधिक जानकारी हेतु, रेलवे वेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर जाये।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ **254/25**

## एक्शन इंडिया

**(राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)**

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया- पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्रः 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।

## क्लासीफाइड

### टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 73476708

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश** 9815119633, 9855577523

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 7087033731

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

### आवश्यकता सूचना

**गाँव लल्हेड़ी कला के राजकीय प्राथमिक पाठशाला व राजकीय माध्यमिक विद्यालय लल्हेड़ी कलां के दोनों स्कूलों में Cook - Cum - helper की आवश्यकता है। सभी इच्छुक महिला उम्मीदवार स्कूल मुखिया से सम्पर्क करें।**

### बेदखली सूचना

**मैं, श्री कृष्ण पुत्र सुरजा निवासी खिजरपुर अहीर तह० गन्नौर जिला सोनीपत अपने हल्फ से ब्यान करता हूँ मेरा लड़का राजेश पुत्र कृष्ण, मेरे व मेरे परिवार के सदस्यों के कहने सुनने से बाहर है। इसलिये मैं अपने उक्त लड़के राजेश को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल और संबंध विच्छेद करता हूं। आज के बाद अगर कोई भी राजेश से लेनदेन या व्यवहार करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा, मेरी व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।**

### सूचना

मैं, विनीता पुत्री सुरेश निवासी गांव खेड़ी गुज्जर तहसील गन्नौर जिला सोनीपत बयान करती हूं कि मेरी 12वीं कक्षा की मार्कशीट में मेरा अनुक्रमांक न०.3023323098 है, मेरी मार्कशीट में मेरा आधार नंबर 728 10521239 गलत दर्ज हो गया था जबकि मेरा सही आधार नंबर 728105212392 है कृपया ठीक किया जाए।

### बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2, पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

### बेदखली सूचना

**में जो की रणधीर पुत्र श्री रामधारी निवासी भोरा रसूलपुर तह गन्नौर जिला सोनीपत का स्थाई निवासी हु और अपने हल्प से बयान करता हु। कि सतीश कुमार मेरा पुत्र है और मेरे साथ रहता है। मेरा पुत्र सतीश कुमार मेरे कहने सुने से बहार है। अपने पुत्र सतीश कुमार को अपनी चल अचल सम्पति से बेदखल करता हूँ। सतीश कुमार किसी से किसी भी प्रकार का लेन देन करता है उसका वो स्वम ही जिमेदार होगे में व मेरे परिवार की कोई जिमेदारी नही होगी। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिमेदार नही होगी।**

### बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक, नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

### नाम परिवर्तन

मैं, सोना देवी, कानूनी रूप से विवाहित पत्नी संख्या 3151470 सिपाही स्वर्गीय दलीपा निवासी वीपीओ - पुगथला, तहसील। गन्नौर, जिला-सोनीपत (हरियाणा) ने मेरे पति के सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम सोना डे से बदलकर सोना देवी कर दिया है। भविष्य में मुझे सोना देवी के नाम से ही जाना जायेगा।

# आदर्श नगर में आम आदमी पार्टी का माहौल बना गए राघव चड्ढा

## ● सांसद राघव चड्ढा और आप प्रत्याशी मुकेश गोयल ने पूरी विधानसभा में किया विशाल रोड शो

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र से आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी मुकेश गोयल ने अपने चुनाव प्रचार को रोजना नई धार मिल रही है। गुरुवार को आम आदमी पार्टी के सांसद राघव चड्ढा भी आदर्श नगर पहुंचे। इस दौरान चड्ढा ने पूरी विधानसभा में रोड शो किया। इस दौरान हजारों की संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता और समर्थक इस रोड शो में शामिल हुए। रोड शो की भव्यता देखकर हर कोई हैरान था। लोग अपने घरों से निकल निकलकर राघव चड्ढा और मुकेश गोयल का इस्तकबाल करते दिखे।

**मुकेश गोयल के बार में क्या बोले राघव चड्ढा**

राघव चड्ढा ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने आप सबके चहेते और क्षेत्र के लोकप्रिय नेता मुकेश गोयल को प्रत्याशी बनाया है। आप सब भारी वोटों से मुकेश गोयल को जीत दिलाएं। राघव ने कहा कि मैं आप सबको गारंटी देता हूं कि आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्य को मुकेश गोयल चार चांद लगा देंगे। राजनीति में ये मेरे भी सीनियर हैं। इन्हें काम करवाने का लंबा अनुभव है।

**राघव चड्ढा का हुआ अभिनंदन, फूलमालाओं से किया भव्य स्वागत:** सांसद राघव चड्ढा का आदर्श नगर पहुंचने पर आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार मुकेश गोयल और उनके कार्यकर्ताओं ने भव्य अभिनंदन किया। सभी ने मिलकर फूल-मालाओं से स्वागत किया। इस मौके अरविंद केजरीवाल जिंदाबाद, मुकेश गोयल जिंदाबाद, राघव चड्ढा के नारों से पूरे क्षेत्र गुंजायमान हो रहा था। पूरा क्षेत्र आम आदमी पार्टी के झंडों और कार्यकताओं से भरा नजर आ रहा था।

**आम आदमी से किया हर वादा होगा पूरा, ये है आम आदमी पार्टी का वादा:** जनसैलाब को संबोधित करते हुए राघव चड्ढा ने कहा कि आप भारी संख्या मुझे सुनने के लिए आएं हैं। उसके लिए मैं आप सबका धन्यवाद करता हूं और आज आपसे वादा करता हूं कि चुनाव में जो भी वादे पार्टी ने किए हैं। उनको अमलीजामा पहनाया जाएगा। पिछले 12 वर्षों से आप सबका भरपूर प्यार और आशीर्वाद आम आदमी पार्टी को मिला है, आज भी आपका प्यार पाकर मैं अभिभूत हूं।

**राघव ने बीजेपी को घेरा:** इस मौके पर राघव ने बीजेपी को घेरा। राघव ने कहा कि आज दिल्ली की जो सुविधाएं मिल रहीं हैं अगर दिल्ली में बीजेपी की सरकार बनेगी तो सारी सुविधाएं छीन लेगी। बीजेपी वाले इसे रेवड़ियां कहते हैं, जबकि आज खुद बीजेपी के नेता प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दिल्ली की जनता से चुनावी वादों में रेवड़ियां बांट रहे है।

**राघव ने की मुकेश गोयल की तरीफ:** इस मौके पर राघव ने कहा कि आप सबके बीच से आपके चहेते नेता को आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र से खड़ा किया है, आप सब भारी बहुमत से मुकेश गोयल को जीत दिला कर विधानसभा भेजें। मुकेश गोयल इस क्षेत्र के विकास में चार चांद लगा देंगे।

**रोड शो में मिले भारी जन समर्थन को देख गदगद हुए मुकेश गोयल**

रोड शो के दौरान भारी जनसमर्थन देखकर मुकेश गोयल फूले नहीं समा रहे थे। उनके चेहरे की मुस्कान बता रही थी कि इस बार वो जीत के लिए पूरी तरह आश्वस्त हैं। इस दौरान मुकेश गोयल ने भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशी को एक-एक करके आड़े हाथों लिया। इस दौरान मुकेश ने गोयल ने कहा कि भाजपाई सिर्फ वोटों की राजनीति करते हैं। धरातल पर इनके नेता बात नहीं करते। वहीं, कांग्रेस के पास तो न नेता हैं न ही नीति।

इस बार भी कांग्रेस दिल्ली विधानसभा चुनाव में जीरो की हैट्रिक लगाएगी।

**जनता से किया हर वादा होगा पूरा: प्रत्याशी** मुकेश गोयल ने कहा कि आप आप भारी संख्या मुझे सुनने के लिए आएं हैं उसके लिए मैं आप सबका धन्यवाद करता हूं और आज आपसे वादा करता हूं चुनाव में जो भी वादे पार्टी ने किए हैं उसको पार्टी के शीर्ष नेता अमलीजामा पहनाएंगे।

पिछले 12 वर्षों से आप सबका भरपूर प्यार और आशीर्वाद हमें मिला है, आज भी आपका प्यार पाकर मैं अभिभूत हूं।



# वजीरपुर: भाजपा प्रत्याशी पूनम भारद्वाज ने तेज किया चुनाव प्रचार अभियान

## ● वजीरपुर विधानसभा का है संकल्प, 8 फरवरी को खिलाना है कमल' ● भाजपा प्रत्याशी पूनम शर्मा भारद्वाज को जनता का मिल रहा है समर्थन, भाजपा के कार्यों से खुश है जनता











**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी पूनम शर्मा भारद्वाज ने क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले कई इलाको में जनसंपर्क किया। हर बढ़ते दिन के साथ पूनम भारद्वाज ने अपने जनसंपर्क अभियान को तेज कर दिया है।

इस दौरान भाजपा प्रत्याशी पूनम भारद्वाज ने जनता से कहा कि आप सभी मेरा समर्थन करें, मैं आप सभी से वादा करती हूं कि क्षेत्र का विकास करके दिखाउंगी।

**क्षेत्र के कई इलाको में किया जनसंपर्क:** भाजपा प्रत्याशी पूनम शर्मा भारद्वाज ने क्षेत्र के कई इलाको में जनंसपर्क किया। जिनमें अशोक विहार फेस-1 और फेस-2, भारत नगर, बुनकर कॉलोनी, वजीरपुर जेजे कॉलोनी, वजीरपुर गांव सहित कई इलाको में जनंसपर्क किया और बैठको को भी संबोधित किया।

**जनता से किये सभी वादे होंगे पूरे:** भाजपा प्रत्याशी पूनम शर्मा भारद्वाज ने बैठक के दौरान लोगों से कहा कि मैं आप सभी से वादा करती हूं कि आप सभी से जो सभी वादे में कर रही हूं, वह सभी पूरे करके दिखांऊगी।

**पूनम शर्मा भारद्वाज को बुजुर्गों ने दिया जीत का आशीवार्द:** जनसंपर्क व बैठक के दौरान क्षेत्र के बुजुर्गों ने पूनम शर्मा भारद्वाज को जीत का आशीर्वाद दिया और कहा कि बिटिया अवश्य ही विजयी होगी क्योंकि निगम पार्षद रहते हुए पूनम बेटी ने कई सारे विकास कार्य किये है।

**भाजपा प्रत्याशी पूनम शर्मा भारद्वाज का महिलाओं ने किया स्वागत:** जनंसपर्क के दौरान भाजपा प्रत्याशी पूनम शर्मा भारद्वाज का स्थानीय महिलाओं ने स्वागत किया और विजयी होने का आशीर्वाद भी दिया।

**भाजपा के कार्यो से लोग है प्रभावित:** भाजपा प्रत्याशी पूनम शर्मा भारद्वाज ने कहा कि जनता भाजपा के कार्यों से काफी ज्यादा खुश है और राजधानी दिल्ली में भाजपा की सरकार चाहती है। क्योंकि भाजपा हमेशा ही जनहित में कार्य करती है।











# हरियाणा 2030 तक बनेगा प्रदूषण मुक्त

**मंजूरी**

**हरियाणा स्वच्छ वायु परियोजना (हरियाणा क्लीन एयर प्रोजेक्ट फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट) को मंजूरी दी**

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़: हरियाणा** के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में आज यहां हुई मंत्रिमंडल की बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 से 2029-30 तक की अवधि के लिए सतत विकास हेतु हरियाणा स्वच्छ वायु परियोजना (हरियाणा क्लीन एयर प्रोजेक्ट फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट) को मंजूरी दी गई। इस परियोजना का उद्देश्य भारत-गंगा के मैदान ( इंडो गंगेटिक प्लेन) में वायु की गुणवत्ता में सुधार करना और प्रदूषण के उत्सर्जन को कम करना है, जो कई राज्यों की सीमाओं में फैला हुआ है। सतत विकास हेतु हरियाणा स्वच्छ वायु परियोजना को विश्व बैंक द्वारा मदद दी जा रही है। यह खास पहल हरियाणा सरकार की है। इस परियोजना के लिए कुल प्रस्तावित बजट 3,647 करोड़ रुपये है। इस परियोजना को विश्व बैंक के परिणाम कार्यक्रम तंत्र के माध्यम से वित्तपोषित किया जाएगा। यह परियोजना राज्य में वायु गुणवत्ता प्रबंधन प्रणालियों को मजबूत करने में सहायता करेगी, साथ ही भारत सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों में के साथ भी तालमेल बनाएगी। यह क्षेत्र-विशिष्ट वायु प्रदूषण निवारण उपायों को डिजाइन करने और लागू करने तथा सीमा-पार उत्सर्जन को कम करने के लिए भारत-गंगा के मैदान (आईजीपी) राज्यों के बीच समन्वय को सुविधाजनक बनाने पर ध्यान केंद्रित करेगा। इसके अतिरिक्त, परियोजना का उद्देश्य हरियाणा के शहरों में नागरिकों के लिए 'जीवन की सुगमता' को बढ़ाना भी है। परियोजना के संभावित लाभों में अत्याधुनिक प्रदूषण नियंत्रण तकनीकों के परीक्षण और विस्तार का समर्थन करना शामिल है। यह परियोजना शेष भारत के लिए एक मॉडल के रूप में भी काम कर सकती है। यह वायु गुणवत्ता निगरानी नेटवर्क के विस्तार, प्रदूषण के राज्यव्यापी स्त्रोतों को पकड़ने और राज्य-स्तरीय उत्सर्जन सूची के विकास के माध्यम से एयर-शेड प्रबंधन को भी सक्षम करेगा। इस परियोजना से प्रदूषण के उत्सर्जन में कमी और सकारात्मक स्पिलओवर प्रभावों के माध्यम से हरियाणा में वायु गुणवत्ता में सुधार होने की उम्मीद है। सतत विकास के लिए हरियाणा स्वच्छ वायु परियोजना हरियाणा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सहयोग से पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन विभाग के नेतृत्व में एक बहु-क्षेत्रीय पहल है।

सतत विकास के लिए हरियाणा स्वच्छ वायु परियोजना को विभिन्न विभागों द्वारा संयुक्त रूप से क्रियान्वित किया जाएगा, जिसमें पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, कृषि एवं किसान कल्याण, परिवहन, उद्योग एवं वाणिज्य, शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय, नगर एवं ग्राम नियोजन, हरियाणा राज्य औद्योगिक एवं अवसंरचना विकास निगम (एचएसआईआईडीसी), हरियाणा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, ग्रामीण विकास, पशुपालन एवं डेयरी, विकास एवं पंचायत, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, गुरुग्राम मेट्रोपॉलिटन सिटी बस लिमिटेड, फरीदाबाद मेट्रोपॉलिटन सिटी बस लिमिटेड, हरियाणा सिटी बस सर्विस लिमिटेड और एमएसएमई निदेशालय शामिल हैं। सतत विकास हेतु हरियाणा स्वच्छ वायु परियोजना में इसकी प्रगति की समीक्षा और निगरानी के लिए तीन स्तरीय शासी संरचना होगी। शीर्ष स्तर पर, मुख्य सचिव की अध्यक्षता वाली शासी समिति तिमाही आधार पर परियोजना की प्रगति की समीक्षा करेगी। दूसरे स्तर पर, संचालन समिति का नेतृत्व पर्यावरण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव करेंगे, जिसमें सदस्य कार्यान्वयन विभागों के निदेशक होंगे। संचालन समिति मासिक आधार पर परियोजना के तहत प्रगति की समीक्षा करेगी।





## कैबिनेट ने पूर्व कर्मचारियों के हित में लिया निर्णय

**राहत**

**कॉन्फेड, हरियाणा मिनरल्स लिमिटेड (एचएमएल) तथा हथकरघा एवं निर्यात निगम के पूर्व कर्मचारियों को दी राहत**

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा सरकार ने हरियाणा राज्य लघु सिंचाई एवं नलकूप निगम (एचएसएमआईटीसी) की तर्ज पर कॉन्फेड, हरियाणा मिनरल्स लिमिटेड (एचएमएल) तथा हथकरघा एवं निर्यात निगम के उन पूर्व कर्मचारियों से वसूली योग्य राशि माफ करने का निर्णय लिया है, जिन्होंने वृद्धावस्था सम्मान भत्ता योजना के तहत लाभ प्राप्त किया था। इस आशय का निर्णय आज यहां मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में आयोजित राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया। निर्णय के अनुसार, 1 अक्टूबर, 2020 से पहले की अवधि के लिए भुगतान की गई कुल मूल राशि, कॉनफेड, हरियाणा मिनरल्स लिमिटेड (एचएमएल) और हैंडलूम एंड एक्सपोर्ट कॉरपोरेशन के पूर्व कर्मचारियों से बिना ब्याज के वसूल की जाएगी। वसूली एक वर्ष तक सीमित होगी, विशेष रूप से अक्टूबर 2019 से सितंबर 2020 तक। इसके अतिरिक्त, 1 अक्टूबर, 2020 के बाद भुगतान की गई कुल मूल राशि भी उसी तर्ज पर बिना ब्याज के वसूल की जाएगी। कॉन्फेड, हरियाणा मिनरल्स लिमिटेड और हरियाणा हैंडलूम एंड एक्सपोर्ट कॉरपोरेशन के पूर्व कर्मचारियों से वसूली के लिए लंबित कुल मूल राशि 1,46,89,690 रुपये, जो 1 अक्टूबर, 2019 से पहले की अवधि से संबंधित है, माफ कर दी जाएगी। इन तीनों निगमों के किसी भी पूर्व कर्मचारी की मानदेय की पात्रता बकाया मूल राशि की वसूली तथा जिले में संबंधित जिला समाज कल्याण अधिकारी से नो ड्यूज प्रमाण पत्र प्राप्त करने के अधीन 1 अक्टूबर, 2020 से ही प्रभावी होगी।

इन तीनों निगमों के किसी भी भूतपूर्व कर्मचारी द्वारा किसी अवधि के लिए भुगतान की गई पेंशन के विरुद्ध पहले से वसूल की गई/जमा की गई सामाजिक सुरक्षा पेंशन की कोई भी राशि केवल उनकी वसूली योग्य राशि में समायोजित की जाएगी। हालांकि, किसी भी भूतपूर्व कर्मचारी द्वारा पहले से वसूल की गई/जमा की गई कोई भी अतिरिक्त राशि, चाहे वह किसी भी अवधि की हो, वापस नहीं की जाएगी। वृद्धावस्था भत्ता के तहत जारी योजना दिशा-निर्देशों के अनुसार, यदि कोई व्यक्ति किसी सरकारी या स्थानीय/सांविधिक निकाय या किसी सरकारी या स्थानीय/सांविधिक निकाय द्वारा वित्तपोषित किसी संगठन से पेंशन प्राप्त कर रहा है।

## हरियाणा में अब 10 और श्रेणियों के दिव्यांगजनों को मिलेगी पेंशन

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़: हरियाणा** में दिव्यांगजनों के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने और जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाने के उद्देश्य से सरकार ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए 10 अन्य श्रेणियों के तहत दिव्यांगजनों को पेंशन का लाभ देने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में आयोजित हरियाणा मंत्रिमंडल ने हरियाणा दिव्यांग पेंशन नियम, 2016 में संशोधन को मंजूरी दे दी है। केंद्र सरकार द्वारा दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 के तहत 21 प्रकार की दिव्यांग श्रेणियों को शामिल किया गया है। वर्तमान में, हरियाणा सरकार 11 श्रेणियों में दिव्यांगजनों को पेंशन का लाभ प्रदान कर रही है। अब हरियाणा सरकार ने शेष 10 श्रेणियों को भी लाभांवित करने का फैसला किया है, जिसके तहत 32,000 दिव्यांगजन लाभांवित होंगे। पार्किंसंस रोग, सिकल कोशिका रोग, बहु-दिव्यांगता, विनिर्दिष्ट सीख दिव्यांगता, स्वपरायणता स्पेक्ट्रम विकार और चिरकालिक तंत्रिका दशाएं शामिल है।

## सीएम ने सिविल सचिवालय में सफाई व्यवस्था का लिया जायजा



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा में सार्वजनिक स्थानों और सरकारी कार्यालयों में स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्वच्छ हरियाणा मिशनके अंतर्गत 31 जनवरी, 2025 तक चलाए जा रहे विशेष सफाई अभियान के चलते आज मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने हरियाणा सिविल सचिवालय में औचक निरीक्षण कर अभियान का जायजा लिया। उनके साथ मुख्य सचिव डॉ विवेक जोशी, सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के महानिदेशक के मकरंद पांडुरंग, विशेष सचिव, निगरानी एवं समन्वय श्रीमती प्रियंका सोनी और विशेष सचिव, सचिवालय स्थापना श्री संवर्तक सिंह उपस्थित रहे।

इस दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने हरियाणा को साफ व स्वच्छ बनाने के लिए विशेष अभियान चलाया हुआ है, जिसके तहत सभी जिला अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने कार्यालयों में सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दें।

कार्यालयों में स्वच्छ वातावरण होगा तो कार्य में गति आएगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने देश को स्वच्छ बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। उन्होंने देश के नागरिकों से स्वच्छ भारत-स्वस्थ भारत बनाने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले लोग खुले में शौच के लिए जाते थे, लेकिन प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने हर घर शौचालय योजना चलाकर आज देश को ओडीएफ मुक्त किया है। इसके अलावा, उन्होंने पर्यावरण की स्वच्छता पर भी विशेष ध्यान दिया है और इसके लिए एक पेड़ माँ के नाम अभियान चलाया हुआ है, जिसके अंतर्गत अब तक लाखों पेड़ लगाए जा चुके हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सभी की व्यक्तिगत स्वच्छता के साथ-साथ अपने आस-पास के स्थल को भी साफ सुथरा बनाये रखने की जिम्मेदारी है। स्वच्छ वातावरण होने से हम निरोगी रहेंगे।

**दिशा-निर्देश**

**मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को दिए निर्देश, कार्यालयों में स्वच्छता का ध्यान रखें सभी अधिकारी**

## बाबा श्री खाटू श्याम चुलकाना धाम पूजास्थल बोर्ड की होगी स्थापना

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में आज यहां हुई मंत्रिमंडल की बैठक में हरियाणा बाबा श्री खाटू श्याम चुलकाना धाम पूजा स्थल विधेयक, 2025 के मसौदे को मंजूरी दी गई। विधेयक का उद्देश्य तीर्थयात्रियों/श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं प्रदान करना तथा तीर्थ स्थल की परिसंपत्तियों का बेहतर प्रबंधन करना है। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार ने श्री माता मनसा देवी पूजा स्थल बोर्ड, पंचकूला, श्री माता शीतला देवी पूजा स्थल बोर्ड, गुरुग्राम, श्री कपाल मोचन, श्री बद्री नारायण, मन्तरा देवी और श्री केदारनाथ पूजा स्थल बोर्ड, यमुनानगर की स्थापना करके विभिन्न पूजा स्थलों का प्रबंधन अपने अधिकार क्षेत्र में लिया है।



गौरतलब है कि हरियाणा एवं पड़ोसी राज्यों से लाखों भक्त/श्रद्धालु भगवान के दर्शनों हेतु प्रतिवर्ष मंदिर में आते हैं। श्री श्याम बाबा के धाम में प्रत्येक एकादशी को जागरण एवं फाल्गुन मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी व द्वादशी को प्रतिवर्ष मेले आयोजित किए जाते हैं। इसके अलावा, प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु सुख-समृद्धि के लिए भगवान के दर्शनों के लिए आते हैं।

## अंगदान के अभियान को 14 देशों में पहुंचाएंगे साइकिलिस्ट महेश

**गुरुग्राम।** अंगदान एवं विश्व मैत्री का उद्देश्य लेकर रेवाड़ी से हांगकांग तक अंतर्राष्ट्रीय साइकिल यात्रा पर युवा महेश कुमार निकले हैं। गुरुवार को उन्होंने गुरुग्राम पहुंचकर उपायुक्त अजय कुमार से मुलाकात की। उपायुक्त ने युवा को इस यात्रा के लिए अपनी ओर से शुभकामनाएं दी। महेश कुमार (28) ने बताया कि उसने 15 जनवरी को उसने साइकिल यात्रा शुरू की थी। भारत के अलावा वह भूटान, नेपाल, वियतनाम, फिलीपींस, लाओस, इंडोनेशिया, कंबोडिया, चीन, सिंगापुर, ताईवान, मलेशिया होते हुए हांगकांग तक पहुंचेगा।

## मंत्रिमंडल ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस को दी श्रद्धांजलि

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में आज यहां हुई मंत्रिमंडल की बैठक में सर्वप्रथम पराक्रम दिवस के मौके पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। बैठक के उपरांत मीडिया से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि नेताजी एक महान स्वतंत्रता सेनानी थे और भारत की आजादी में उनका महत्वपूर्ण योगदान था। एक सवाल का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने जो संकल्प पत्र में वायदे किए थे, वो एक-एक करके पूरे करने का काम किया जा रहा है। उसी कड़ी में महिलाओं के लिए लाडो लक्ष्मी योजना की रूपरेखा तैयार की जा रही है। राज्य के आगामी बजट में इसकी पूरी जानकारी दी जाएगी और बजट का प्रावधान किया जाएगा।



**उनकी (आम आदमी पार्टी) शराब की नीति है, हमारी विकास की नीति**

दिल्ली विधानसभा चुनावों के संबंध में पूछे गए प्रश्न के उत्तर में श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि जो स्वयं को आम आदमी कहते थे, उन्होंने अपना शीशमहल खड़ा कर लिया है। दिल्ली की जनता में आम आदमी पार्टी की सरकार के प्रति रोष है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली के मंत्री आज भी शराब नीति की बात करते हैं, जबकि हरियाणा सरकार की नीति विकास की नीति है। हरियाणा में बिना पर्ची-खर्ची के गरीब परिवारों के बच्चे एचसीएस अधिकारी तक लग रहे हैं। इस अवसर पर सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले राज्य मंत्री राजेश नागर, खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम, सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के महानिदेशक श्री के मकरंद पांडुरंग और मीडिया सचिव श्री प्रवीण आत्रेय उपस्थित थे।

**याद किया**

**भारतीय जनता पार्टी ने जो संकल्प पत्र में वायदे किए थे, वो एक-एक करके पूरे करने का काम किया जा रहा है**

## नए आपराधिक कानूनों पर महत्वपूर्ण तीन कानूनी ग्रंथों का किया विमोचन

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़: पंजाब** एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के परिसर में स्थित बार एसोसिएशन रूम में गुरुवार को तीन महत्वपूर्ण कानूनी ग्रंथों का विमोचन किया। इस अवसर पर पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस शील नागू ने आधिकारिक रूप से "भारतीय न्याय संहिता पर विवेचना और टिप्पणी", "भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता पर विवेचना और टिप्पणी" और "भारतीय साक्ष्य अधिनियम पर विवेचना और टिप्पणी" शीर्षक से तीन पुस्तकें शामिल हैं। इस अवसर पर विमोचन समारोह की अध्यक्षता मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्य न्यायाधीश, जस्टिस अजय कुमार मित्तल ने की। ये ग्रंथ रविंद्र खंडेलवाल, कमलजीत दहिया, अनु सिंह और वरुण चुघ के सह-लेखन में तैयार किए गए। इस अवसर पर अपने भाषण में जस्टिस शील नागू ने इन नए कोडों को न्याय, समानता और कानून के शासन के सिद्धांतों को अभिव्यक्त करने वाली एक न्यायिक प्रणाली की ओर एक कदम बताया। उन्होंने कहा कि भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम न केवल विधायी अपडेट का प्रतीक हैं, बल्कि कानूनी ढांचे के पूर्ण परिवर्तन का प्रतीक हैं।

## अम्बाला छावनी की दस सड़कों को मिलेगी मजबूती

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज के प्रयासों से अम्बाला छावनी के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में दस सड़कों की मरम्मत के लिए प्रदेश सरकार द्वारा मंजूरी प्रदान की गई है। बीते वर्ष जून माह में इन दस सड़कों की मरम्मत हेतु एस्टीमेट भेजा गया था जिससे अब सरकार ने जनवरी में मंजूरी प्रदान की है। श्री विज ने बताया कि अम्बाला छावनी के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र की दस सड़कों की मरम्मत के लिए 4.26 करोड़ रुपए की राशि मंजूर की गई है। इन सड़कों बनने से स्थानीय निवासियों को फायदा होगा। गौरतलब है कि इन दस सड़कों की मरम्मत के लिए बीते वर्ष 13 जून को पीडब्ल्यूडी की ओर से एस्टीमेट बनाकर प्रदेश सरकार को मंजूरी के लिए भेजा गया था जिसकी मंजूरी अब प्रदेश सरकार द्वारा इस वर्ष जनवरी माह में 16 जनवरी को प्रदान की गई है। सड़कों की मरम्मत से शहर व ग्रामीण क्षेत्र के निवासियों को लाभ मिलेगा तथा वाहन चालकों को आने-जाने में बेहतर सुविधा मिलेगी।

**मरम्मत**

**सदर क्षेत्र की सड़कों के अलावा मुख्य जगाधरी रोड, महेशनगर रोड व अन्य कई सड़कों को नया बनाया गया है**

**इन सड़कों की मरम्मत हेतु मिली मंजूरी**

पंजोखरा साहिब से धीरा माजरा गांव तक रोड की मरम्मत। इसी प्रकार नारायणगढ़ हाईवे से गांव बरनाला तक रोड की मरम्मत, नारायणगढ़ हाईवे से गांव मंडौर तक रोड की मरम्मत, टुंडला से लिंक रोड स्थानीय मंडी तक, पंजोखरा साहिब से टुंडला तक लिंक रोड की मरम्मत, जगाधरी रोड पर चंदपुरा से मुन्नरहेड़ी तक मरम्मत, एफसीआई गोदाम के निकट रंगिया मंडी-नन्हेड़ा रोड की मरम्मत, इसी तरह जीटी रोड से नन्हेड़ा से रंगिया मंडी रोड की मरम्मत, शाहपुर से मच्छौंडा रोड की मरम्मत तथा जीटी रोड से मच्छौंडा रोड की मरम्मत 4.26 करोड़ रुपए की लागत से की जाएगी।

**कैबिनेट मंत्री अनिल विज के नेतृत्व में लगातार हो रहे विकास कार्य**

गौरतलब है कि कैबिनेट मंत्री श्री अनिल विज के नेतृत्व में अम्बाला छावनी में लगातार विकास कार्य हो रहे हैं। छावनी की प्रमुख सड़कों के अलावा संपर्क मार्गों का भी कायाकल्प किया जा रहा है। सदर क्षेत्र की सड़कों के अलावा मुख्य जगाधरी रोड, महेशनगर रोड व अन्य कई सड़कों को नया बनाया गया है। इसी प्रकार टांगरी बांध रोड से नई रोड जीटी रोड तक बनाई जा रही है।

इस रोड के जरिए वाहन चालक जगाधरी रोड से होते हुए सीधा जीटी रोड पर निकल पाएंगे।

## नेताजी के जीवन से प्रेरणा लेती रहेगी आज की युवा पीढ़ीः मनोहर

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन से प्रेरणा लेती रहेगी। उन्होंने आज करनाल के कमेटी चौक पर स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित किए और उन्हें याद किया। केंद्रीय मंत्री श्री मनोहर लाल ने जय हिंद के नारे के साथ, वहां मौजूद सभी लोगों को नेताजी के विचारों को जीवन में अनुसरण करने का आह्वान किया। इस मौके पर करनाल के विधायक जगमोहन आनंद मौजूद रहे।

केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री श्री मनोहर लाल ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस को आजादी के आंदोलन का बड़ा श्रेय दिया जाता है। उन्होंने नौजवानो को साथ लेकर आजादी के लिए अहम भूमिका निभाई। आज उनके जन्मदिवस के अवसर पर उनके चरणों में अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। उन्होंने कहा कि आने वाली युवा पीढ़ी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जीवनी से हमेशा प्रेरणा लेती रहेगी और देश के प्रति अपना दायित्व निभाने से कभी पीछे नहीं रहेगी।

## नगर निगम के सुपरवाइजर को कोर्ट ने सुनाई चार साल की सजा

**टीम एक्शन इंडिया**
**फरीदाबाद,।** शेड को तुड़वाने का भय दिखाकर तीस हजार रुपए रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किए गए नगर निगम के सुपरवाइजर को गुरुवार को सत्र न्यायाधीश न्यायालय फरीदाबाद ने चार साल की कैद व बीस हजार रुपए जुमार्ने की सजा सुनाई है।

जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता श्याम मनोहर निवासी गांव ककड़ीपुर, थाना चांदहट, जिला पलवल द्वारा 5 फरवरी 2020 को ए.सी.बी. फरीदाबाद में दी गई अपनी शिकायत में आरोप लगाया था कि उसके द्वारा अपनी जमीन पर निजी प्रयोग के लिये शेड बनाया गया है। आरोपी राजपाल, सुपरवाईजर उसके शेड को तुडवाने का भय दिखाकर उससे 30 हजार रुपए बतौर रिश्वत की मांग कर रहा है। शिकायत पर कार्यवाही करते हुये ए.सी.बी. की फरीदाबाद टीम द्वारा आरोपी राजपाल, सुपरवाईजर को रिश्वत की राशि लेते हुए मौका से गिरफ्तार किया गया था तथा आरोपी राजपाल के विरूद्व धारा 7 पी.सी. एक्ट 1988 के तहत थाना भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, फरीदाबाद अंकित किया गया था। मुकदमा की तफ्तीश पूर्ण करने उपरान्त धारा 7, 13(1)डी सहपठित 13(2) पी.सी. एक्ट 1988 के तहत उक्त आरोपी राजपाल, सुपरवाईजर के विरूद्ध ए.सी.बी. फरीदाबाद द्वारा चालान (चार्जशीट) माननीय अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, न्यायालय फरीदाबाद में दिया गया। उपरोक्त केस का ट्रायल पूरा होने उपरान्त सत्र न्यायाधीश, न्यायालय, फरीदाबाद द्वारा आरोपी राजपाल, सुपरवाईजर, नगर निगम, फरीदाबाद को धारा 7 पी.सी. एक्ट 1988 के तहत 3 साल की सजा व 20,000 रुपये जुमार्ने तथा धारा 13(1)डी सहपठित 13(2) पी.सी. एक्ट 1988 के तहत दोषी करार देते हुये 4 साल की सजा व 20,000 रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई गई है।

## नूंहः अवैध निर्माण ढहाने गई टीम पर पथराव, डयूटी मजिस्ट्रेट से हाथापाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**नूंह: जिला के खंड पुन्हाना में अवैध कालोनियों में** निमाणों को गिराने गई डीटीपी की टीम पर महिलाओं ने पथराव कर दिया। इस पथराव में जेसीबी मशीन में भी तोडफोड़ की गई। साथ ही मौके पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट के साथ महिलाओं ने हाथापाई की। पुलिस ने इस उपद्रव में एक महिला को गिरफ्तार किया। अवैध निमार्णों की तोडफोड़ के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए जिला नगर योजनाकार बिनेश कुमार ने बताया कि पुन्हाना के डुडौली, ठेक व पटाकपुर में विभाग को काफी समय से अवैध निमार्णों की सूचना मिल रही थी। भूमाफियाओं द्वारा अवैध कॉलोनी काटकर वहां पर निर्माण कराया जा रहा है। इस सूचना पर पुलिस सुरक्षा के बीच वे अवैध निमार्णों को ढहाने के लिए जेसीबी लेकर पहुंचे। गांव पटाकपुर में करीब सात एकड़ जमीन से रास्तों व डीपीसी को तोड़ा गया। इसी तरह से गांव डुडौली क्षेत्र में भी करीब पांच एकड़ जमीन में काटी जा रही कालोनियों में निर्माण तोड़े गए। टीम जब ठेक गांव में निर्माण तोडने पहुंची तो काफी संख्या में महिलाएं जेसीबी के सामने आ गईं। डीटीपी बिनेश कुमार के मुताबिक



महिलाओं ने सरकार काम में बाधा डालना शुरू कर दिया। देखते ही देखते कुछ महिलाओं ने जेसीबी मशीन पर पथराव करना शुरू कर दिया। डीटीपी के साथ भी महिलाओं द्वारा बदसलूकी करते हुए हाथापाई की गई। पुलिस ने महिलाओं को तितर-बितर करने का प्रयास किया। डीटीपी के मुताबिक महिलाओं ने उनके साथ गाली-गलौज कर जान से मारने की भी धमकी दी।

मौके पर पुलिस ने शबनम नामक महिला को पथराव करते हुए पकड़ा। पुलिस थाना से जांच अधिकारी देवी सिंह ने गुरुवार को जानकारी दी कि शिकायत मिलन पर आरोपी महिला के खिलाफ केस दर्ज करके उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

# बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान की 10वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। महिला एवं बाल** विकास विभाग द्वारा वीरवार को स्थानीय कर्ण स्टेडियम में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान की 10वीं वर्षगांठ के उपलक्ष में जिला स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक जगमोहन आनंद ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। कार्यक्रम में एक वर्ष से कम आयु की 30 लड़कियों की माताओं को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही बेटियों के नाम लोहडी भी मनाई गई। विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि 10 वर्ष पूर्व देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र




मोदी ने पानीपत की धरती से बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ की शुरूआत की थी। इस संदेश पर हरियाणा ने बहुत अच्छा काम करके दिखाया है। हरियाणा में लिंगानुपात में प्रति जागरूकता आई है। जहां पहले बेटियों के पैदा होने पर खुशियां नहीं मनाई जाती थी, वहीं आज बेटियों के नाम पर लोहड़ी बनाई जा रही है। निश्चित ही समाज में लिंगानुपात के प्रति जागरूकता आई है और यह बरकरार रहनी चाहिए, इसके लिए इस प्रकार के कार्यक्रम होते रहने चाहिए। उन्होंने कहा कि आज बेटियां किसी भी क्षेत्र में बेटों से पीछे नहीं है। बेटियां बेटों के बराबर है तथा पुरुषों के मुकाबले महिलाएं ज्यादा निष्ठा से कार्य करती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10 वर्ष पूर्व जब बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का संदेश दिया तब मनोहर लाल प्रदेश के मुख्यमंत्री थे। उन्होंने इस उत्कृष्ट कार्य को आगे बढ़ाने का कार्य किया जिसका नतीजा हम सबके सामने हैं और आज मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी बेटियों के प्रति समर्पण भावना से कार्य कर रहे हैं। बेटियों के हित में नई नई योजनाएं लेकर आ रहे हैं। आज समाज में जागरूकता आई है बेटियों के नाम पर भी अब लोहड़ी मनाई जा रही है। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग सीमा प्रसाद, सीडीपीओ डॉ. राज बाल मोर, मीना, संतोष, पीओआईसी सुमन, भावना, गीता, दीपक, खेल विभाग से कोच मनीष व सतीश उपस्थित रहे। प्रतियोगिताओं के परिणाम इस प्रकार रहे-400 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान पर रेनू, द्वितीय स्थान पर सविता तथा तीसरे स्थान पर मुस्कान।

इसी प्रकार 100 मीटर रेस में ममतेश प्रथम, कविता द्वितीय तथा बबली तृतीय स्थान प्राप्त किया। 300 मीटर रेस में सिमरजीत प्रथम, शिवानी द्वितीय तथा साक्षी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 100 डिस्कस थ्रो में ममता प्रथम, हुसन देवी द्वितीय तथा कविता तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# सरपंच एसोसिएशन इन्द्री के सदस्यों ने सरकार व विधायक का जताया आभार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। प्रदेश सरकार** ने ग्राम पंचायतों, पंचायत समितियों और जिला परिषद के कार्यों का दायरा बढ़ाने का सराहनीय कदम उठाया है। इसी कड़ी में सरपंच एसोसिएशन इन्द्री के सदस्यों ने मिलकर सरकार एवं विधायक रामकुमार कश्यप का धन्यवाद किया। विधायक रामकुमार कश्यप ने इस दौरान कहा कि सरकार ग्रामीण क्षेत्र में विकास कार्यों को प्राथमिकता से करवाने पर जोर दे रही है, और ग्रामीण स्तर पर चुने गए जनप्रतिनिधियों का ग्रामीण विकास कार्यों में अहम योगदान होता है। उन्होंने कहा कि सरकार ने ग्रामीण स्तर के जनप्रतिनिधियों की मांगों को स्वीकार किया है, जो अपने आप में सरपंच, पंचायत



समितियों व जिला परिषद के लिए अच्छी सौगात है। विधायक एवं चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप ने कहा कि प्रदेश सरकार विकास कार्यों के प्रति गंभीरता से कार्य कर रही है और सरकार का यही प्रयास है कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में अधिक से अधिक विकास कार्य हों। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में जनता का सहयोग बहुत जरूरी होता है और जितने अधिक विकास कार्य पूरे होंगे, उतना ही लाभ जनता को होगा। इसलिए विकास कार्यों करवाने में हम सभी का आपसी तालमेल बहुत आवश्यक है। इस मौके पर सरपंच एसोसिएशन के प्रधान प्रताप सिंह मनोहरपुर, उपप्रधान पुष्पा सोहन कश्यप मुखाली, उपप्रधान शशि कांबोज, किसान मोर्चा महामंत्री भरत काम्बोज सहित अन्य मौजूद रहे।

# सीआईए नारनौल की टीम ने देसी कट्टा के साथ एक आरोपित पकड़ा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़ । पुलिस अधीक्षक** पूजा वशिष्ठ ने सभी थाना प्रबंधकों, चौकी इंचार्जों को अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। जिनके तहत कार्रवाई करते हुए सीआईए नारनौल की पुलिस टीम ने थाना सतनाली क्षेत्र से अवैध हथियार रखने के मामले में गुप्त सूचना के आधार पर एक आरोपित सुरेश वासी बलाना को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है, आरोपित से पुलिस ने एक अवैध देसी कट्टा व 2 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। आरोपित को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस द्वारा आरोपित से पूछताछ की जा रही है। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि सीआईए नारनौल की पुलिस टीम गस्त के दौरान ढाढोत टी प्वाइंट गाँव बलाना पर मौजूद थी, टीम को गुप्त सूचना मिली कि सुरेश कुमार वासी गाँव बलाना ने पुराने खण्डर मकान में एक देशी कट्टा दबाकर रखा है और अपने पुराने खण्डर मकान मे काम कर रहा है। सूचना पर टीम ने रेडिंग पार्टी तैयार की और बतलाए हुए स्थान पर रेड की तो एक व्यक्ति एक खण्डर मकान के पत्थर को इधर-उधर कर रहा था, जिसको काबू कर-के नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम सुरेश कुमार उपरोक्त बतलाया। पुलिस ने एक देशी कट्टा और 2 जिन्दा कारतूस बरामद किए।

# खण्ड स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः भारत ,** नेहरु युवा केन्द्र सोनीपत( युवा कार्यक्रम एंव खेल मंत्रालय भारत सरकार) के द्वारा 2 दिवसीय खण्ड स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता का समापन नवज्योति शिक्षा सदन भँवर गनौर सोनीपत में हुआ। जिसमे लड़को की 400 मीटर की दौड़ करवाई गई ,लड़कियों की 200 मीटर की दौड़ हुई। साथ ही लड़को और लड़कियों की लंबी कूद भी करवाई गई 400 मीटर दौड़ में प्रथम लोकेश ,द्वितीय सोहैल,तृतीय आकाश। 200 मीटर दौड़ में लड़कियों में प्रथम पिंकी,द्वितीय शिवानी , तृतीय स्नेहा रही। लड़को की लंबी कूद में प्रथम आकाश,द्वितीय



सोहैल,तृतीय नैतिक, लड़कियों में प्रथम पिंकी, द्वितीय स्नेहा, तृतीय अनुष्का रही इस दौरान लड़कियों की खो खो में नवज्योति शिक्षा सदन भँवर प्रथम स्थान पर रही ।द्वितीय रतिराम स्कूल खूबरु रही। इसी तरह से बॉलीवाल में प्रथम स्थान पर बजाना की टीम रही ,द्वितीय स्थान पर खूबरू की टीम रही। मुख्यातिथि सरपंच मोनिका जी के प्रतिनिधि के तौर पर देवेन्द्र जी रहे।

मुख्यातिथि ने खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर मैच शुरू करवाया। कार्यक्रम के समापन पर मुख्यातिथि प्रिंसीपल श्री राजेन्द्र कौशिक जी ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल ,ट्रॉपि,सार्टिफिकेट व

**प्रतियोगिता**

**▶▶ लड़कों की 400 मीटर की दौड़ करवाई गई ,लड़कियों की 200 मीटर की दौड़ हुई।**

कॉफी मग देकर देकर सम्मानित किया।

प्रिंसिपल ने युवा पीढ़ी को बताया कि खेलो में युवाओं का भविष्य स्वर्णिम हैं इससे युवाओं का समय अपने खेलो की तैयारी में बीतता न कि नशे या फालतू की गतिविधियों में इसलिये युवाओं को खेलो में आगे बढ़कर भाग लेना चाहिये।

## न्यूज फ्लैश

### दुभेटा और पांची जाटान गांव से ट्रांसफार्मर का सामान चोरी

**गन्नौर। दो अलग-अलग** गांवो से चोर बिजली निगम के ट्रांसफार्मर का सामान चोरी कर ले गए। पहली घटना दुभेटा गांव की है। जिसमें 21 जनवरी की रात चोरों ने किसान विरेंद्र के खेत से 10 केवी ट्रांसफार्मर का सामान और तेल चोरी कर लिया। बिजली विभाग के एसडीओ के आदेश पर जेई नरेंद्र ने गन्नौर थाना पुलिस में शिकायत दी है। इस चोरी से विभाग को 55 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। वहीं दूसरी घटना पांची जाटान गांव में 22 जनवरी की रात हुई, जहां किसान टेकचंद के खेत से 25 केवी ट्रांसफार्मर चोरी हो गया। खेत में ट्रांसफार्मर का बाहरी कवर खेत में पड़ा मिला। इस चोरी से विभाग को 70 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। निगम के जेई ने मामले की शिकायत थाना गन्नौर में दी है। दोनों मामलों में पुलिस ने शिकायत दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

### सड़क पर खड़ ट्रक से टकराया कैंटर, चालक की मौत

**गन्नौर । जीटी रोड** पर गांव बड़ी के पास सड़क हादसे में एक कैंटर चालक की मौत हो गई। मृतक की नरेश कुमार (51) सोनीपत के शामड़ी सिसाना गांव का रहने वाला था। स्वजन ने मामले की शिकायत थाना बड़ी में दी। शिकायत में मृतक के भाई राकेश कुमार ने बताया कि उसका भाई नरेश कुमार कैंटर चालक था। 23 जनवरी की सुबह कैंटर मालिक विक्की ने उन्हें हादसे की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नरेश कुमार कैंटर ले कर पानीपत से सोनीपत की तरफ आ रहा था। गांव बड़ी के पास जियो पेट्रोल पंप के नजदीक एक ट्रक बिना किसी संकेत के सड़क पर खड़ा था। जिस वजह से नरेश का कैंटर सड़क किनारे खड़े ट्रक से जा टकराया। इस हादसे में उसके भाई की मौके पर ही मौत हो गई। ट्रक चालक बच्चू लाल नाम का व्यक्ति था। शिकायत पर पुलिस ने ट्रक चालक बच्चू लाल के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### गणतंत्र दिवस को लेकर हुई रिहर्सल

गन्नौर। गणतंत्र दिवस समारोह नई अनाज मंडी में मनाया जाएगा। प्रशासनिक तौर पर तैयारियां को लेकर परेड और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रिहर्सल नई अनाज मंडी में हुई। 24 जनवरी को फुल ड्रेस रिहर्सल का आयोजन किया जाएगा। 26 जनवरी कार्यक्रम में 761 बच्चे विभिन्न कार्यक्रमों में प्रस्तुति देंगे। मार्चपासट में 305, पीटी में 78, संस्कृतिक में 219 एवं डंबल पीटी शो में 159 छात्र भाग लेगे। समारोह में विधायक देवेंद्र कादियान मुख्यातिथि शिरकत करेंगे।

### अपोलो क्रिकेट प्रीमियर लीग में अंकुश रिबेल्स ने दर्ज की जीत




**गन्नौर । रौनक पब्लिक** स्कूल के खेल मैदान में वीरवार को अपोलो क्रिकेट प्रीमियर लीग के तीसरे चरण के मैच खेले गए। इस अवसर पर तीन रोमांचक मैच खेले गए। पहले मैच में आरपीएस चैंपियंस ने 108 रन बनाए, जिसे गन्नौर रायल्स ने 16.5 ओवर में 5 विकेट खोकर हासिल कर लिया। राहुल को उनके 14 रन और 3 विकेट के लिए प्लेयर आफ द मैच चुना गया। दूसरे मैच में गन्नौर रायल्स ने 94 रन बनाए, जिसे अंकुश रिबेल्स ने 9.4 ओवर में 2 विकेट खोकर पूरा कर लिया। सचिन ने 6 चौकों की मदद से 31 रन बनाकर प्लेयर आफ द मैच का खिताब जीता। तीसरे मैच में बैंकर्स फाइटर ने 131 रन बनाए, जिसे टेहा इलेवन ने 19.2 ओवर में 8 विकेट खोकर पूरा किया। रवींद्र वत्स ने 4 ओवर में 25 रन देकर 3 विकेट लेकर प्लेयर आफ द मैच का पुरस्कार हासिल किया। प्रीमियर लीग का फाइनल रविवार को खेला जाएगा।

# 18 किलो 250 ग्राम चूरापोस्त के साथ पंजाब के दो नशा तस्कर गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरूक्षेत्रः हरियाणा राज्य** नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के प्रमुख महानिदेशक ओ.पी. सिंह एवं पुलिस अधीक्षक श्री मोहित हांडा के नेतृत्व व उप पुलिस अधीक्षक श्री जगबीर सिंह के दिशा निर्देश पर कार्य करते हुए विशेष अभियान के तहत हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो कुरूक्षेत्र यूनिट ने महत्वपूर्ण सुराग जुटाते हुए एक ट्रक में सवार दो युवकों से 18 किलो 250 ग्राम चुरा पोस्त बरामद करने में बड़ी सफलता हासिल की है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि कुरूक्षेत्र यूनिट के इंचार्ज उप निरीक्षक



गुरनाम सिंह अपनी टीम के साथ ढांड थाना, जिला कैथल एरिया में मौजूद थे। तभी गुप्त सूचना के आधार पर एक संदिग्ध ट्रक में दो युवकों को दबोचा गया। पुलिस टीम ने ट्रक की नियमानुसार तलाशी ली तो ट्रक में चूरा पोस्त का कट्टा बरामद हुआ। इस चूरा पोस्त का कुल वजन 18 किलोग्राम 250 ग्राम मिला। आरोपीयों की पहचान हरजीत सिंह पुत्र जोगिंदर सिंह वासी गांव ताशपुर पटियाला व गुरपरित सिंह पुत्र सुरजीत सिंह निवासी गांव तुरना थाना लोहिया खासा जिला पटियाला के रूप में हुई है। जिसके संबंध में थाना ढांड मे मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया और आगामी जांच थाना ढांड को सौंपी गई। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस आगामी कार्यवाही कर रही है ताकि पता लगाया जा सके कि आरोपी यह नशा कहाँ से खरीद कर लाए थे और आगे किसको पहुंचाना था। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि हरियाणा एनसीबी प्रमुख श्री ओ पी सिंह का स्पष्ट संदेश है कि हरियाणा में नशे का व्यापार किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आम जन से अपील की जाती है कि अगर आपको कहीं पर भी नशा बिकता हुआ दिखाई देता है तो बेफिक्र होकर हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के टोल फ्री नंबर नंबर 9050891508 अथवा भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अंतर्गत मादक पदार्थ निषेध आसूचना केंद्र की बेवसाइट www.ncbmanas.gov.in MANAS पोर्टल अथवा हेल्पलाइन 1933 पर सूचना दे सकते हैं सूचना देने वाले का नाम पता पूर्णता गुप्त रखा जाएगा।

# विकलांग व्यक्तियों के अधिकार अधिनियम के बारे में दी जानकारी

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर। राजकीय** वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गन्नौर में हरियाणा स्कूल शिक्षा परिषद परियोजना नियोजित दो दिवसीय समवेशी शिक्षा पर आधारित जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस अवसर पर मुख्यातिथि सहायक परियोजना समन्वयक डा. अतर सिंह ने विकलांग व्यक्तियों के अधिकार अधिनियम के बारे में बताया। डा. अतर सिंह ने कहा कि हमारे समाज में दिव्यांग व्यक्तियों की स्थिति कुछ ज्यादा अच्छी नही है, इसी वजह से सरकार द्वारा समय-समय पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। कार्यक्रम में रिर्सोस




पर्सन के रूप में अलका गुप्ता ने प्रसस्थ एप, विकलांग व्यक्तियों के अधिकार अधिनियम, 2016 के अनुसार 21 प्रकार की दिव्यांगताओ से अवगत करवाया। कार्यक्रम का नेतृत्व स्कूल इंचार्ज सुदेश व संचालन अनुराधा गौतम ने किया। इस मौके पर 25 सामान्य शिक्षक, 10 स्कूल प्रबंधक समिति, 10 आंगनवाडी वर्कस, 16 दिव्यांग के माता पिता ने हिस्सा लिया।

# 29 को सतकुंभा धाम में स्नान से मिलेगा अमृत स्नान का फल

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर। सिद्धपीठ तीर्थ** सतकुंभा धाम के पीठाधीश्वर महंत राजेश स्वरूप महाराज ने कहा कि 14 जनवरी से 26 फरवरी 2025 तक आयोजित प्रयागराज महाकुंभ सनातन धर्म का सबसे पवित्र पर्व है। इसका प्रमुख आकर्षण 29 जनवरी को होने वाला अमृत स्नान है, जिसमें दुर्लभ ग्रह संयोग अद्वितीय ऊर्जा का संचार करेगा। उन्होंने कहा कि जो श्रद्धालु प्रयागराज नहीं जा सकते, वे सिद्धपीठ तीर्थ सतकुंभा धाम के कुंभ में स्नान कर समान पुण्य प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि सतकुंभा धाम सप्तऋषियों की तपोभूमि है जो भारत के 68 प्रमुख तीर्थों में शामिल है। सतकुंभा के तालाब में 67 तीर्थ



स्थानों का जल लाकर उसमें एकत्रित किया गया। यह स्नान आत्मिक शुद्धि और पापों से मुक्ति का मार्ग है। सतकुंभा धाम प्रबंधन समिति ने स्नान और पूजा-अर्चना के लिए समुचित व्यवस्था की है। यह पवित्र अवसर सनातन धर्म के मूल्यों, श्रद्धा, भक्ति और आत्मिक चेतना को सुदृढ़ करता है।

# पिंडारसी-रामनगर में नवीन संकल्प शिविरों का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : सांसद नवीन** जिन्दल के संसदीय कार्यालय प्रभारी श्री धर्मवीर सिंह ने नवीन संकल्प शिविरों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि नवीन संकल्प शिविरों के आयोजन क्षेत्र के लोगों के लिए लाभदायक सिद्ध हो रहे हैं। इन शिविरों के माध्यम से लोगों को विभिन्न सरकारी योजनाओं को प्राप्त करने के लिए तमाम तरह की औपचारिकताओं को पूरा करने में मदद की जाती है। इन शिविरों के अंतर्गत नवीन जिन्दल छात्रवृत्ति योजना की जानकारी के साथ-साथ मोबाइल मेडिकल युनिट की टीम परामर्श, दवाईयां और टेस्ट के इलावा स्वस्थ रहने के लिए खान-पान संबंधित आदतों के बारे में




भी जागरूक करने का काम करती है। नवीन संकल्प शिविरों की इस कड़ी में आज थानेसर हल्के के पिंडारसी और डेरा रामनगर में शिविर आयोजित किये गये। इसके बारे विस्तृत जानकारी देते हुए नवीन जिन्दल फाउंडेशन के सुमित कुमार ने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल के प्रयासों से नवीन संकल्प शिविरों में लोगों की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। आज दोनों गांवों में 47 लोगों के कागजों में पाई गई त्रुटियों को दूर किया गया। शिविरों में सांसद जिन्दल की ओर से आरंभ की गई नवीन जिन्दल यशस्वी छात्रवृत्ति योजना की जानकारी लेने 9 लोग पहुंचे। इन दोनों शिविरों में 92 लोगों को डॉक्टरों ने परामर्श देकर निःशुल्क दवाईयां दी जबकि 36 लोगों के रक्त व युरिन के टेस्ट भी किये गये। उल्लेखनीय है कि सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर कुरूक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में काफी समय से नवीन संकल्प शिविर लगाये जा रहे हैं। नवीन जिन्दल फाउंडेशन के सौजन्य से आयोजित इन शिविरों में सरकारी योजनाओं से संबंधित कागजों को दुरूस्त करने का कार्य निःशुल्क किया जाता है। जिला प्रशासन के संबंधित कर्मचारी, पंचायत सदस्य, स्थानीय लोग, नवीन जिन्दल फाउंडेशन टीम के सदस्य और मोबाइल मेडिकल युनिट टीम द्वारा ग्रामीणों की कागजात संबंधित आम समस्याओं व स्वास्थ्य संबन्धी समस्याओं का मिलकर समाधान किया जाता है।

# विधायक बनाकर विधानसभा में भेजा है इसके लिए वो आमजन के ऋणी रहेंगे: मनमाहेन

**टीम एक्शन इंडिया**
**बापौली, ( कमाल हुसैन )**

**हल्का समालखा** विधायक मनमाहेन भडाना ने जलालपुर प्रथम,अतौलापुर और बहरामपुर गांव का धन्यवादी दौरा किया और ग्रामीणों की समस्या भी सुनी। जलालपुर प्रथम गांव कन्या पाठशाला में विधायक मनमाहेन भडाना लाईब्रेरी व फिरनी पर स्ट्रीट लाईटों का सरपंच पुष्प रावल व उसके पति शिवकुमार रावल सहित गणमान्य लोगों के साथ रिबन काटकर उदघ्राटन किया। विधायक मनमाहेन भडाना ने हाथ जोडकर लोगों का आभार व्यक्त किया और उन की समस्याओं को सुनते हुए जल्द समाधान करवाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि



लोगों ने उनको विधायक बनाकर विधानसभा में भेजा है जिसके लिए वह उनके सदैव ऋणी रहेंगे। लोगों की आवाज को विधान सभा में ले जाकर उनकी समस्याओं का समाधान करवाएंगे। विधायक ने कहा कि सभी समस्याओ का प्राथमिकता से समाधान कराया जाएगा। साथ ही कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है और इस पार्टी का आपने मुझे विधायक बनाया है। प्रदेश के मुख्यमंत्री और देश के प्रधानमंत्री डबल इंजन की सरकार प्रदेश के अंदर विकास कार्यो की धूम मचा रही है। इस दौरान उन्होने ग्रामीणों की मांग पर

**आभार**

**▶▶ प्रथम,अतौलापुर और बहरामपुर गांव का धन्यवादी दौरा किया और ग्रामीणों की समस्या भी सुनीं**

गांव के अधूरें पडे स्टेडियम को क्षेत्र का आधुनिक स्टेडियम बनाने,कच्चें रास्तों को पक्का कराने,कन्या स्कूल को 10वीं कक्षा तक कराने,जय फडस के सामने वाली सडक का निर्माण कराने, अतोलापुर रोड के दौनो और नाला बनवाने,सिलाई सैंटर खोलने व गौशाला समिति की मांगों सहित अनेक मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया। इससे पूर्व ग्रामीणों ने उनका फूलमालाओं व पगडी पहनाकर जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर पूर्व सरपंच रत्नसिहं रावल,महिला सरपंच प्रतिनीधि सुशील रावल,सरपंच पुष्पा रावल,शिवकुमार रावल,बीडीपीओं शक्ति सिहं,ग्राम सचिव राहुल,सरपंच राजेन्द्र रावल,सरपंच नवीन शर्मा,सरपंच दलबीर रंगा,रंजीत शर्मा, आनंद कौशिक ,नफेसिहं, राजेन्द्र अग्रवाल, डा.पालेराम,चैरमेन पति सुनील फौर,अनवर रावल, ओमप्रकाश शर्मा,जोगिन्द्र त्यागी,इन्द्र रावल, राजू शर्मा,राजेन्द्र रावल, सतपाल,ओमप्रकाश प्रजापत,सतबीर प्रजापत, राजू,विपिन,ईश्म सिहं फौजी, विनोद रावल, तेजपाल,बलजीत कश्यप आदि अनेक मौजूद थें।

# साप्ताहिक श्रीमद्भागवत गंगा ज्ञान कथा का हुआ समापन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। माता भूरा** भवानी मंदिर सिसोठ में महंत शक्ति नाथ महाराज के सानिध्य में चल रही साप्ताहिक श्रीमद्भागवत गंगा ज्ञान कथा का हवन यज्ञ के साथ समापन हो गया हैं। कथा में श्री निमाहानंद महाराज नंगली साहेब ने उषा अनिरुद्ध विवाह, भगवान श्रीकृष्ण के सत्यभामा, जामवैती, कालिंदी, सुभद्रा, मित्रवंदा, 16108 विवाह हुए उन सबकी कथा का प्रसंग किया। कथा में कृष्ण-सुदामा की मित्रता का प्रसंग मुख्य रहा। जसराम ढोलकिया और सुरेश कुमार ने हर्मोनियम से बहुत बढ़िया संगीत बजाया। कथा में रविंद्र सिंह व उनकी पत्नी मनीषा देवी यजमान बने। महंत शक्ति नाथ



महाराज ने मंदिर में उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद ग्रहण करवाया। इस अवसर पर राज परमानंद महाराज, सावित्री, रतनलाल शर्मा, रणधीर सिंह, राजू शर्मा, पप्पू, आजाद, ओमबाई, गीता, बजरंगी, टोनी, बिमला, रचना, विनोद, राधेश्याम, पूर्व सरपंच केला देवी, भूतपूर्व सरपंच तारावती, चंद्रावली, कौशल्या, विधा देवी, बाला, पुष्पा, फूलवती, शांति, इंद्रा, मीनू, नगीना, रेखा, राजेश, धोली, ज्योति, मनी, संतोष, चंद्रो, माया, लाली, सुनीता, राजबाला, ओम, पिंकी आदि उपस्थित रही।

## संपादकीय

# रेवड़ियों पर केंद्रित होता दिल्ली विधानसभा चुनाव

**दिल्ली में** चुनावी घमासान के बीच रेवड़ी बांटने की प्रतिस्पर्धा-सी दिख रही है। ऐसा लगता है कि अब दिल्ली की सत्ता तक पहुँचने का मार्ग केवल मुफ्त की रेवड़ी ही है। दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए राजनीतिक दल जनता के बीच अपने पिटारे से मुफ्त वाली विभिन्न योजनाएं गिना रहे हैं। इस होड़ में आम आदमी पार्टी पहले ही पिटारा खोल कर बैठी है। अब कांग्रेस और भाजपा भी उसी रास्ते की ओर प्रवृत्त है। एक तथ्य ध्यान देने योग्य है कि आम आदमी पार्टी के पास कुछ नया नहीं है क्योंकि वह पिछले चार विधानसभा चुनाव से इसी राह पर चल रही है। मुफ्त की योजनाओं के वादे करना आम आदमी पार्टी की फितरत बन गई है। इससे अलग अपेक्षा नहीं की जा सकती क्योंकि यह मार्ग उसके लिए लाभकारी साबित होता रहा है। इसलिए आम आदमी पार्टी के नेता और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल को इस बार भी उन्हीं के नाम बाजी होने का पूरा विश्वास है। वर्तमान में दिल्ली विधानसभा चुनाव के प्रचार में राजनीतिक दलों के नेताओं की ओर रेवड़ियों की झड़ी लगाई जा रही है। ऐसा लगता है कि दिल्ली की जनता रेवड़ी की आदी हो चुकी है। इसका राजनीतिक आशय यह भी निकाला जा सकता है कि अपना नायक चुनने के लिए किसकी रेवड़ी स्वार्थ पूर्ति करने वाली है, यह ही देखा जाएगा। इस कवायद को लालच देकर वोट प्राप्त करने का माध्यम भी माना जा सकता है क्योंकि मुफ्त में खजाना लुटाना किसी प्रकार से न्यायसंगत नहीं माना जा सकता क्योंकि इसका बोझ उस समाज पर आता है, जो योजना का लाभ लेने के पात्र नहीं होते। हालांकि सरकार की तरफ से आम जनता का ध्यान रखा ही जाना चाहिए लेकिन इसके लिए मुफ्त की योजना की जगह अन्य तरीके अपनाए जाएं तो बेहतर होगा। नहीं तो एक दिन यही योजनाएं विकास योजनाएं न होकर विनाशकारी मार्ग तैयार कर सकती हैं। दिल्ली में एक दशक पहले भाजपा और कांग्रेस के बीच ही चुनावी लड़ाई होती रही थी, लेकिन कांग्रेस सरकार के भ्रष्टाचार के विरोध में एक धूमकेतु की तरह अरविन्द केजरीवाल ने आम आदमी पार्टी उभरी, जिसने लोक लुभावने वादे कर आम जनता का छप्पर फाड़ समर्थन प्राप्त करके दिल्ली के सिंहासन को कब्जे में ले लिया। मौजूदा चुनाव में एकबार फिर बहुकोणीय मुकाबला होने की तस्वीर बन रही है। आम आदमी पार्टी साथी दलों को हाथ छुड़ा कर अकेले ही चुनावी मैदान में उतरी है। लेकिन उसकी सबसे बड़ी परेशानी यह है कि उसके नेता अरविन्द केजरीवाल पर भ्रष्टाचार के आरोप हैं। ऐसा कहना भी समुचित होगा कि केजरीवाल की कथनी और करनी में जमीन-आसमान का अंतर है। एक समय सुविधाओं को त्याग कर राजनीति करने की कसम खाने वाले केजरीवाल की जीवन शैली भौतिक सुख-सुविधाओं से भरी मालूम पड़ती है। शीशमहल के नाम से भाजपा द्वारा प्रचारित उनके आवास में लग्जरी सुविधाएं हैं। जो उनके कथन से कतई मेल नहीं रखती। ऐसे में यह कहना तर्कसंगत होगा कि इस बार केजरीवाल की राह उतनी आसान नहीं है, जो पहले थी। दूसरी बड़ी बात यह है कि इस बार के चुनाव में आम आदमी पार्टी के समक्ष गंभीर चुनौतियाँ भी हैं। केजरीवाल जमानत पर बाहर हैं, वे दोष मुक्त नहीं हुए।

# मुफ्त की सुविधाओं से गण निष्क्रिय और तंत्र कमजोर होगा

नरेंद्र तिवारी

> “वर्तमान दौर में राजनीतिक दलों में चुनावी विजय हासिल करने के लिए मुफ्त की घोषणाएं करने की सनक सवार हो गई। राजनीतिक दलों को ऐसा लगने लगा है कि मुफ्त की सुविधाओं के बैगर चुनावी रण में सफलता नहीं प्राप्त की जा सकती है, अतएव वैचारिक राजनीति करने के बजाए दलों ने मुफ्त सुविधाएं देने की लोक लुभावनी राजनीति करने का प्रचलन बढ़ गया है। राजनीतिक दलों को यह ध्यान रखना चाहिए मुफ्त की सुविधाएं राष्ट्र के निर्माण में सहायक नहीं अपितु बाधक है। इन मुफ्त की सुविधाओं से जहां गण निष्क्रिय और अकर्मण्य हो रहा है, वहीं तंत्र पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है वह कमजोर होता जा रहा है। राष्ट्रीय राजनीति में शामिल तमाम दलों को चाहिए कि वह ऐसी योजनाएं बनाए जो भारत की जनता को आत्मनिर्भर बनाएं, सरकार बैसाखियों के सहारे न जनता स्वाबलंबी बन पाएगी न ही देश आत्मनिर्भर बन सकेगा”

**भारत** दुनियाँ का मजबूत गणतंत्र है। अपनी जनतांत्रिक विशेषताओं के कारण दुनियाँ में भारत को सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है। इस मजबूती का कारण आजादी प्राप्त करने के लिए किए गए बलिदान, अंग्रेजी हुकूमत का भारतीय स्वतंत्रता सेनानियों के विरुद्ध किया गया सख्त बर्ताव जिसने देश के नेताओं और भारतवासियों में राष्ट्रीय भावना का संचार किया। आजादी प्राप्त करने के बाद भी भी देश के नीति निर्मार्ताओं की सोच के परिणाम गण भी सक्रिय रहा और तंत्र भी मजबूती के साथ काम करता रहा। आजाद मुल्क के नीति निर्मार्ताओं ने अपनी ईमानदारी निष्ठा और नैतिक मूल्यों से राष्ट्रीय भावना का प्रचार प्रसार किया था।

किंतु वर्तमान दौर में राजनीतिक दलों में चुनावी विजय हासिल करने के लिए मुफ्त की घोषणाएं करने की सनक सवार हो गई। राजनीतिक दलों को ऐसा लगने लगा है कि मुफ्त की सुविधाओं के बैगर चुनावी रण में सफलता नहीं प्राप्त की जा सकती है, अतएव वैचारिक राजनीति करने के बजाए दलों ने मुफ्त सुविधाएं देने की लोक लुभावनी राजनीति करने का प्रचलन बढ़ गया है। राजनीतिक दलों को यह ध्यान रखना चाहिए मुफ्त की सुविधाएं राष्ट्र के निर्माण में सहायक नहीं अपितु बाधक है। इन मुफ्त की सुविधाओं से जहां गण निष्क्रिय और अकर्मण्य हो रहा है, वहीं तंत्र पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है वह कमजोर होता जा रहा है। राष्ट्रीय राजनीति में शामिल तमाम दलों को चाहिए कि वह ऐसी योजनाएं बनाए जो भारत की जनता को आत्मनिर्भर बनाएं, सरकार बैसाखियों के सहारे न जनता स्वाबलंबी बन पाएगी न ही देश आत्मनिर्भर बन सकेगा। किंतु देखा जा रहा है कि भारत में कार्यरत तमाम पार्टियां मुफ्त की सुविधाओं की बरसात करने में लगी है।

आजकल राजनीतिक दलों के चुनावी घोषणाझपत्र किराना दुकानों पर लगी भावसूची के मानिंद नजर आतें है। जिसमें लिखा होता है महिला को इतनी राशि, किसानों को इतनी, युवाओं को इतनी याने यह शहरों में लगी महासेल जैसा दिखाई देता है, जो अपने आकर्षक एवं लुभावने विज्ञापनों से ग्राहकों को अपना उत्पाद खरीदने के लिए आकर्षित करता दिखाई देता हैं। मतदाताओं को लुभाने के लिए





राजनीतिक दलों द्वारा तैयार की गई भावसूची या लुभावने वायदे चुनावी पारदर्शिता की धज्जियां उड़ाते नजर आतें है। इन चुनावी घोषणा पत्रों में विचार शून्यता साफ नजर आती है। हरेक सियासी पार्टी चुनाव में विजय होना चाहती है। इस हेतु वह सभी प्रयोग करती है। यह जाने बगैर कि इन प्रयोगों का दूरगामी असर क्या होगा। अभी दिल्ली विधानसभा के चुनाव में राजनीतिक दलों ने मुफ्त वितरण की घोषणाओं का अंबार लगा दिया। दिल्ली में विधानसभा के चुनाव 5 फरवरी को होना है। इससे पूर्व दिल्ली प्रदेश की राजनीति में सक्रिय राजनीतिक दलों ने घोषणाओं का पिटारा खोल दिया है। दलों में घोषणाओं की प्रतिस्पर्धा साफ दिखाई दे रही है। मुफ्त की सुविधाओं की घोषणाओं का यह सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। मुफ़्त की इन रेवड़ियों का देश और जनता पर दूरगामी प्रभाव सकारात्मक नहीं होंगे यह जानते हुए भी राष्ट्रीय राजनीतिक पार्टियां सियासी लाभ के लिए एक से बढ़कर एक घोषणाएं कर रही है। विचार का बिंदु यह है कि क्या मुफ्त की इन घोषणाओं से देश, प्रदेश और जनता का भविष्य संवर रहा है? क्या इन मुफ्त की सुविधाओं से जनता में निष्क्रियता की प्रवृति जन्म ले रही है ? भारत में चुनाव सुधारो की सतत प्रक्रिया चल रही है, किन्तु मुफ्त की रेवड़ियों का प्रचलन घटने के बजाय बढ़ते जा रहा है। इस सिलसिले को रोकना किसी एक की जवाबदेही नहीं यह सामूहिक निर्णय और सामूहिक विचारों से ही संभव है। एक कल्याणकारी राज्य का यह नैतिक दायित्व है कि वह अपनी जनता को बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य , रोजगार और आवास उपलब्ध कराए, राज्य अपनी जनता के सामाजिक और आर्थिक हालातों की बेहतरी के लिए कार्य करें, उन्हें आत्मनिर्भर बनाए। जनसंख्या की सुरक्षा और कल्याण के लिए काम करते हुए कानून व्यवस्था बनाए रखना, राज्य को अपनी जनता के आर्थिक विकास के लिए रोजगार के अवसर प्रदान करना चाहिए, उद्योगों को बढ़ावा देना, ओर आर्थिक स्थिरता बनाए रखना शामिल है। सामाजिक न्याय के लिए समानता, न्याय और मानव अधिकारों की रक्षा करना शामिल है। जबकि देखा जा रहा है कि राज्य के द्वारा मुफ्त की सुविधाएं देकर जनता को निष्क्रिय और मुफ्तखोर बनाया जा रहा है। दिल्ली चुनाव और इससे पहले भी राज्यों में हुए विधानसभा चुनावों में सियासी दलों की घोषणाएं मुफ्त में सुविधा देने वाली रही है। मध्यप्रदेश से शुरू हुई लाडली बहना महाराष्ट्र होते हुए दिल्ली विधान सभा के चुनाव में सियासी दलों के लिए महिला मतदाताओं के आकर्षण का प्रमुख केंद्र बन चुकी है। बताया जा रहा है कि वहां महिलाओं को एक दल ने 2100 रु देने की घोषणा की तो किसी एक दल ने इसे 2500 रु कर दिया। किसी दल ने 200 यूनिट तक बिजली फ्री देने का वायदा किया तो किसी ने इसे बढ़ाकर 300 यूनिट कर दिया। महिलाओं को मुफ्त बसों में यात्रा, तीर्थ स्थानों की यात्रा कराना, यह राज्य सरकारों का अनिवार्य कार्य हो गया है। यह देश के सभी प्रदेशों में राज्य सरकारों के घोषणाझपत्र में शामिल है। राज्य सरकारों द्वारा इन सभी घोषणाओं पर करोड़ों अरबों रु की राशि खर्च भी किया जा रहा है। ऐसी सरकारी योजनाओं को सुप्रीम कोर्ट में भी चुनौती दी गई है। इससे जुड़ी दो याचिकाएं अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की है। जिनपर सुनवाई चल रही है। साल 2022 में दाखिल याचिका में मांग की गई है कि जनकल्याणकारी योजनाओं और मुफ्त की योजनाओं को परिभाषित किया जाए। रोटी, कपड़ा और मकान से जुड़ी योजनाओं को जनकल्याणकारी और बाकी की मुफ्तखोरी माना जाए। याचिका में चुनावी घोषणापत्र के लिए फार्मेट हो और हर दल उसके मुताबिक घोषणा करें, जिसमें राज्य पर मौजूदा कर्ज, चुनावी वादों के बाद बढ़ने वाला कर्ज और सरकार बनने पर इसकी भरपाई की योजना का जिक्र करें। याचिकाकर्ता ने एक समाचार चैनल को बताया कि जब उन्होंने जनहित याचिका दायर की थी तब भारत सरकार पर 150 लाख करोड़ रुपए का कर्ज था, जो अब बढ़कर 225 लाख करोड़ रु हो गया है, जबकि दिल्ली सरकार का कर्ज 55 हजार से एक लाख करोड़ हो गया हैं। यह हालत सिर्फ दिल्ली प्रदेश के नहीं भारत के समस्त प्रदेश में मुफ्त की सुविधाओं ने राज्यों का बजट बिगाड़ दिया है। बेहद अचंभे और गहन चिंतन का विषय है कि केंद्र सरकार ने 1 जनवरी 2024 से पांच वर्ष के लिए प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत लगभग 81.35 करोड़ लाभार्थियों को निशुल्क खाद्यान्न उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। मतलब देश की आधी से अधिक आबादी निशुल्क अनाज की सरकारी सुविधा के आश्रय है। बेशक देश में लाचारों, गरीबों, बुजुर्गों, बेसहाराओ को राज्य द्वारा सहायता मिलना चाहिए, किंतु जनकल्याण के नाम मुफ्त सुविधाएं देकर नागरिकों को पंगु, कमजोर और निष्क्रिय बनाने की राज्य द्वारा प्रदत्त इन घोषणाओं पर सख्ती की आवश्यकता है। इन घोषणाओं पर सरकारी सख्ती, न्यायालयीन कठोरता, चुनाव सुधार कार्यक्रम का तो असर होगा ही सबसे जरूरी देश की जनता को भी मुफ्त की सुविधाएं देने वाले राजनीतिक दलों को सबक सिखाने की आवश्यकता है। गणतंत्र की मजबूती के लिए गण और तंत्र दोनों का मजबूत होना जरूरी है।

## कविता

### गजल

मेरी खुद से अनबन है,
उनसे तो अपनापन है ’
माना दो ही कमरे हैं,
लेकिन घर में आंगन है।
तू जो मेरे पास रहे,
मंगल पर भी जीवन है।
दो दिन का भूखा मानव,
कब देखे यह झूठन है ।
बिन फेरे एक साथ रहे वो,
कैसा युग परिवर्तन है।
जीवन में भी हो वो जो,
छंदों में अनुशासन है ।
वही छूएगा बस अंबर,
जिसमें एक पागलपन है ।
तुम क्या मन में आन बसे,
मन जैसे चंदन-वन है ।
हलधर की कविता कासिद,
दलहन, तिलहन, पटसन है ।

आशीष सिन्हा

## गणतंत्र दिवस और ट्राई कलर बैलून्स इन स्काई

**विवेक रंजन**

**तिरंगे की** छाया में खडे , बंद गले का जोधपुरी सूट पहने,सफेद टोपी लगाये गर्व से अकड़े हुये मुख्य अतिथि ने परेड की सलामी ली। उद्घोषणा हुई कि आकाश की असीम ऊचॉईयों तक ट्राई कलर का संदेश पहुंचाने के लिये गैस के गुब्बारे "बंच आफ ट्राई कलर बैलून्स" छोड़ कर हर्ष व्यक्त किया जावेगा। सजी संवरी दो सुंदर लड़कियों ने केसरिया , सफेद , हरे गुब्बारों के गुच्छे मुख्य अतिथि की ओर बढ़ाये। शौर्य , देश भक्ति और साहस के प्रतीक ढ़ेर सारे केसरिया गुब्बारे सबसे अधिक ऊंचाई पर थे,सफेद गुब्बारों के धागे कुछ छोटे थे। उद्घोषक की भाषा में सफेद रंग के ये गुब्बारे शांति , सदभावना और समन्वय को प्रदर्शित करते इठला रहे थे। इन्हीं सफेद गुब्बारो में एक गुब्बारा गहरे नीले रंग का भी था जो तिरंगे के अशोक चक्र की अनुकृति के रुप में गुच्छे में बंधा था। वही अशोक चक्र जो सारनाथ के अशोक स्तंभ से समाहित किया गया है,हमारे तिरंगे में। यह चक्र राष्ट्र की गतिशीलता , समय के साथ प्रगति तथा अविराम बढ़ते रहने को दशार्ता है। सबसे नीचे हरे रंग के खूब सारे फुग्गे थे। देश के कृषि प्रधान होने , विकास और उर्वरता के प्रतीक का रंग है तिरंगे का हरा रंग। मुस्कुराते हुये मुख्य अतिथि ने बंच आफ ट्राई कलर बैलून्स छोड़ दिये। कैमरा मैन एक्शन में आ गया,लैंस जूम कर,आकाश में गुब्बारों के गुम होते तक जितनी बन पड़ी उतनी फोटो खींच ली गईं। समाचार के साथ ऐसी फोटो न्यूज को आकर्षक बना देती है।नीले आसमान के बैकग्राउंड में , सूरज की सुनहली धूप के साथ,बंच आफ ट्राई कलर बैलून्स इन स्काई की फोटो खबर में देशभक्ति का जज्बा पैदा कर देती है।

किन्तु कोई अदृश्य हाथ तो हैं जो तिरंगे की तीनों रंग की पट्टियों की सिलाई उधेड़कर उन्हें अलग अलग करने पर आमादा है ? कौन सी ताकतें हैं जो जगह जगह जाति,धर्म,भाषा,संप्रदाय की कैंचियां उगाने में जुटी हुई हैं ? ये आवाजें कहां से आ रही है कि समाज के इस हिस्से को उस हिस्से से अलग कर दो ? झंडे का साया तो हमेशा से एकता का पाठ पढ़ाता आया है। संविधान में केवल अधिकार नहीं कर्तव्य भी तो दर्ज हैं। देश का जन गण मन तो वह है,जहां फारूख रामायणी अपनी शेरो शायरी के साथ राम कथा कहते हैं । जहां मुरारी बापू के साथ ओस्मान मीर,गणेश और शिव वंदना गाते हैं। फिल्म बैजू बावरा का भजन है मन तड़पत हरि दर्शन को आज,इस गीत के संगीतकार नौशाद,गीतकार शकील बदायूंनी तथा गायक मोहम्मद रफी हैं।

तिरंगे ने कभी भी इन संगीत के महारथियों से उनकी जाति नहीं पूछी।आज के हालात पर बेचैन तिरंगे ने उस भीड़ से पूछा जो उसे हिला हिला कर आजादी की मांग कर रही थी कि मेरे साये में यह जातिगत भीड़ क्यों ? तो किसी से उत्तर मिला कि ऐसा केवल सोशल मीडिया पर है,जन गण मन तो आज भी वैसा ही है।

## विचार

# सैफ अली खान पर हमले पर उठते सवाल

**राकेश अचल**

**सैफ अली** खान एक अभिनेता हैं इसलिए उनकी हर गतिविधि क्या अभिनय होती है ? ये सवाल हमने-आपने नहीं बल्कि महाराष्ट्र के सियासतदानों ने उठाया है। सैफ पर हमला ही अब सियासी मुद्दा हो गया है। किसी को यकीन ही नहीं हो रहा कि जानलेवा हमले के बाद सैफ मात्र पांच दिन में तंदुरुस्त होकर अपने घर आ सकते हैं। क्योंकि आम आदमी तो कम से कम एक पखवाड़े तक पलंग नहीं छोड़ सकता। आम आदमी में किसी अभिनेता जितनी कूबत ही नहीं होती।

मैं अक्सर कहता हूँ कि हमारे मुल्क में सियासत मुद्दों पर नहीं,हर एक बात पर होती है। और जब होती है तो होती ही चली जाती है। सियासत का ये चरित्र बदलना आसान नहीं है। और इसके लिए किसी एक को जिम्मेदार भी नहीं ठहराया जा सकता। अभिनेता सैफ अली खान की अस्पताल से छुट्टी के बाद प्रदेश सरकार के एक मंत्री नितेश राणे ने सवाल उठाए हैं। उनका मानना है कि सैफ पर हमला संदिग्ध हो सकता है। राणे ने राजनीतिक नेताओं पर पक्षपात का आरोप लगाते हुए हिंदू कलाकारों की उपेक्षा की बात कही और बढ़ते बांग्लादेशी और रोहिंग्या मुदे पर चिंता जताई ।

सैफ के ऊपर सवाल खड़े करने वाले राणे अकेले नहीं है। शिवसेना नेता संजय निरुपम ने भी एक बड़ा सवाल खड़ा किया है। उन्होंने हमले की घटना का जिक्र करते हुए इतनी जल्दी ठीक होने पर कहा कि सैफ को 16 जनवरी की घटना के बारे में बताना चाहिए। निरुपम भले ही दलबदलू हों किन्तु वे अनुभवी नेता हैं इसलिए उन्होंने अपना सवाल बड़ी ही नजाकत के साथ किया है। निरुपम ने कहा कि 16 जनवरी को सैफ अली खान के साथ जो कुछ भी हुआ, वह बेहद चिंताजनक है। हम उनके परिवार के साथ हैं। सैफ को अस्पताल से छुट्टी मिल गई है और बाहर वह ऐसे दिखे हैं जैसे वह शूटिंग करने के लिए फिट हैं। यह देखना आश्चर्यजनक है। डॉक्टरों ने कहा था कि चाकू उनकी पीठ में 2.5 इंच तक घुस गया था, जिसके लिए छह घंटे का ऑपरेशन करना पड़ा। चिकित्सकीय रूप से इतनी जल्दी ठीक होना कैसे संभव है ?

सैफ पर हमला पहले ही अंतर्राष्ट्रीय मुद्दा बन चुका है ,क्योंकि महाराष्ट्र की पुलिस ने सैफ पर हमले के आरोप में जिस आरोपी को पकड़ा है वो संयोग से बांग्लादेशी है। भाजपा के लिए बांग्लादेशी घुसपैठिये चुनावी मुद्दा रहे हैं ।

नेशनल कांफ्रेंस के सदर और पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. फारुख अब्दुल्ला ने सैफ के जल्द ठीक होने पर तो कोई बात नहीं की लेकिन उन्होंने सैफ के कथित हमलावर के बहाने पूरे बांग्लादेशियों को अपराधी माने जाने की निंदा की है। उनका कहना है कि किसी एक व्यक्ति की गलती का ठीकरा पूरे देश पर नहीं फोड़ा जा सकता है।

सैफ अली के माता-पिता से इस देश की आधी से अधिक आबादी का जुड़ाव है,और इस जुड़ाव की वजह भी साफ है।सैफ के पिता मंसूर अली खान पटौदी एक बेहतरीन क्रिकेट खिलाड़ी थे और सैफ की माँ शर्मिला टैगौर एक बेहतरीन अदाकारा। इस जोड़ी की अपनी-अपनी उपलब्धियां हैं ,इसमें किसी राजनीतिक दल का कोई योगदान नहीं है। हम जिस पीढ़ी से आते हैं उस पीढ़ी के लिए नवाब पटौदी और शर्मिला टैगौर देश के लिए गर्व का विषय रहे है। पटौदी और टैगौर की संतान सैफ अली और उनकी पत्नी करीना भी देश की एक पीढ़ी में लोकप्रिय अभिनेता रहे हैं,इसलिए कम से कम आम आदमी तो सैफ की रिकवरी को लेकर कोई सवाल नहीं करना चाहेगा लेकिन नेतागण नहीं मानने वाले।

सैफ के लिए एक और बुरी खबर आई है। सैफ अली खान के पटौदी परिवार की 15,000 करोड़ रुपये की संपत्ति सरकार शत्रु संपत्ति अधिनियम के तहत अपने नियंत्रण में ले सकती है। ये संपत्ति मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में स्थित है। दरअसल, मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने एक अहम फैसला देते हुए 2015 में इन संपत्तियों पर लगायी गयी रोक को हटा दिया है। कोर्ट के इस फैसले के बाद शत्रु संपत्ति अधिनियम, 1968 के तहत इन संपत्तियों के अधिग्रहण का रास्ता खुल गया है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## व्यंग्य

# महाकुंभ में मोनालिसा दर्शन

**विवेक रंजन**

**धन्य हैं** वे श्रद्धालु जो कुंभ में गंगा दर्शन की जगह मोनालिसा की चितवन लीला की रील सत्संग में व्यस्त हैं । स्त्री की आंखों की गहरी झील में डूबना मानवीय फितरत है। मेनका मिल जाएं तो ऋषि मुनियों के तप भी भंग हो जाते हैं। हिंदी लोकोक्तियाँ और कहावतें बरसों के अध्ययन और जीवन दर्शन,मनोविज्ञान पर आधारित हैं। ह्ल आए थे हरि भजन को ओटन लगे कपास' एक प्रचलित लोकोक्ति है। इसका अर्थ है कि किसी विशेष उद्देश्य से हटकर किसी अन्य कार्य में व्यस्त हो जाना। बड़े लक्ष्य तय करने के बाद छोटे-मोटे इतर कामों में भटक जाना है। कुम्भ में इंदौर की जो मोनालिसा रुद्राक्ष और 108 मोतियों वाली जप मालाएं बेचती हैं उनकी मुस्कान से अधिक उनकी भूरी आंखों की चर्चा है। वे शालीन इंडियन ब्लैक ब्यूटी आइकन बन गई हैं । यह सब सोशल मीडिया का कमाल है। एक विदेशी युवती सौ रुपए लेकर कुंभ यात्रियों के साथ सेल्फी खिंचवा रही है। दिल्ली में बड़ा पाव बेचने वाली सोशल मीडिया से ऐसी वायरल हुई कि रियलिटी शो में पहुंच गई। मुंबई के फुटपाथ पर लता मंगेशकर की आवाज में गाने वाली सोशल मीडिया की कृपा से रातों रात स्टार बन गई। जाने कितने उदाहरण हैं सोशल मीडियाई ताकत के कुछ भले,कुछ बुरे । आजकल बेरोजगारी का हल सोशल इन्फ्लूएंसर बन कर यू ट्यूब और रील से कमाई है। तो कुंभ में मिली मोनालिसा की भूरी चितवन इन दिनों मीडिया में है। यद्यपि इतालवी चित्रकार लियोनार्दो दा विंची की विश्व प्रसिद्ध पेंटिंग मोनालिसा स्मित मुस्कान के लिए सुप्रसिद्ध है। यह पेंटिंग 16वीं शताब्दी में बनाई गई । फ़्लोरेंस के एक व्यापारी फ्रांसेस्को देल जियोकॉन्डो की पत्नी लीजा घेरार्दिनी को मॉडल बनाकर यह पेंटिंग बनाई गई थी। यह सुप्रसिद्ध पेंटिंग आजकल पेरिस के लूवर म्यूज़ियम में रखी हुई है । इस पेंटिंग को बनाने में लिओनार्दो दा विंची को 14 वर्ष लग गए थे। पेंटिंग में 30 से ज्यादा ऑयल पेंट कलर लेयर्स है। इस पेंटिंग की स्मित मुस्कान ही इसकी विशेषता है। वैसे भी कहा गया है कि अगर किसी परिस्थिति के लिए आपके पास सही शब्द न मिलें तो सिर्फ मुस्कुरा दीजिये, शब्द उलझा सकते है किन्तु मुस्कुराहट हमेशा काम कर जाती है ।

## दिल्ली यूनिवर्सिटी: कैसे होगा पूरी दुनिया में यशोगान

-प्रो. महेश चंद गुप्ता-

**सदियों** पहले नालंदा, तक्षशिला और विक्रमशिला जैसे विश्वविद्यालयों ने भारत को शिक्षा के वैश्विक केंद्र के रूप में प्रतिष्ठित किया था। ये विवि न केवल ज्ञान और अनुसंधान के केंद्र थे, बल्कि दुनिया भर से छात्र और विद्वान इन संस्थानों में शिक्षा ग्रहण करने आते थे। आज स्थिति बिलकुल विपरीत है। भारतीय विश्वविद्यालय विश्व रैंकिंग में पीछे हैं । आज विदेशी छात्रों में यहां आकर पढ? की लालसा नहीं है, बल्कि हमारे बच्चे दूसरे देशों में पढ? के लिए जा रहे हैं। भारत फिर से शिक्षा के क्षेत्र में सिरमौर बने, हमारे विश्वविद्यालयों का पुन: समूचे संसार में यशोगान हो, इसके लिए दिल्ली यूनिवर्सिटी (डीयू) में चल रहे प्रयासों के बारे में देशवासियों को जानना चाहिए। डीयू को विश्व रैंकिंग में टॉप पर प्रतिष्ठित करने के उच्च लक्ष्य के साथ दो साल पहले अन्य सुधारों के साथ दिल्ली विश्वविद्यालय फाउंडेशन का गठन किया गया, उसका अब दुनिया के विभिन्न देशों में फैले हुए लाखों एलुमनाई को जोडने करके नेटवर्क बनाने का प्रयास आगे बढने लगा है। एक शताब्दी पुराना डीयू देश का लब्ध प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय है जिसमें 80 से अधिक एकेडमिक डिपार्टमेंट, अस्सी से अधिक कॉलेज और पांच सौ से ज्यादा पाठ्यक्रम संचालित हैं। यहां सात लाख से अधिक स्टूडेंट्स प्रतिवर्ष पढ़ते हैं। इसके अस्सी लाख से अधिक पूर्व छात्र दुनिया भर में फैले हुए हैं। मगर अफसोस है कि तमाम उपलब्धियों के बावजूद डीयू की रैंकिंग वर्ल्ड क्लास से नीचे है। वर्तमान में दुनिया के टॉप 500 विश्वविद्यालयों में डीयू की गिनती लगभग तीन सौ नंबर पर होती है। वर्ल्ड क्लास रैंकिंग में डीयू के पिछड? से चिंतित सरकार, यूनिवर्सिटी प्रशासन और इसके स्टाफ के मौजूदा एवं पूर्व सदस्यों की इच्छा है कि डीयू का नाम विश्व स्तर पर चमके। इसके लिए डीयू में सभी जरूरी सुविधाएं एवं संसाधन एकत्रित करने, इसका बुनियादी ढांचा मजबूत करने, विश्व स्तरीय स्मार्ट क्लास रूम, लाइब्रेरी, ऑडिटोरियम, एकेडमिक ब्लॉक्स, बेहतरीन लेबोरेट्री समेत तमाम संसाधनों की व्यवस्था करने हेतु आर्थिक संसाधन जुटाने के लिए यूनिवर्सिटी के तत्वावधान में स्थापित डीयू फाउंडेशन एंडोमेंट फंड में सहायता के लिए न केवल डीयू के दुनिया भर में बसे पूर्व छात्र आगे आए हैं बल्कि समाज के विभिन्न वर्ग भी इस पावन यज्ञ में आहूति दे रहे हैं। अभी ये प्रयास शैशव काल में हैं मगर जिस काम में जिस तरह का समर्पण भाव है, उससे सकारात्मक परिणामों की उम्मीदें परवान चढने लगी हैं।

## न्यूज फ्लैश

### 76वें गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर फाइनल रिहर्सल आज

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़ ।** एसडीएम संजीव कुमार ने बताया कि महेंद्रगढ़ के राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल के प्रांगण में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र के सांसद धर्मबीर सिंह बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे और तिरंगा फहराकर मार्चपास्ट की सलामी लेंगे। तिरंगा फहराने के बाद सांसद धर्मबीर सिंह द्वारा आमजन को सम्बोधित किया जाएगा। मुख्य अतिथि के संबोधन के बाद मार्च पास्ट और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे । एसडीएम ने बताया कि 76वें गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों के मद्देनजर आज पुलिस विभाग, होम गार्ड, एनसीसी बॉयज एंड गर्ल्स, हिंदुस्तान स्काउट्स, भारत स्काउट्स, भारत गाइड, प्रजातंत्र के प्रहरी, एनसीसी जूनियर आर्मी, एनसीसी और स्कूली विद्यार्थियों द्वारा मार्च पास्ट की रिहर्सल की गयी। फाइनल रिहर्सल दिनांक 24 जनवरी को प्रातः 09:58 बजे राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल में आयोजित की जायेगी।

### अपने पर विश्वास एवं परिवार के सहयोग से प्राप्त की सफलता :अर्पिता सिंह गाहल्यान।

**पानीपत , कमाल हुसैन ( कमाल हुसैन ) समालखा** के बुद्धिजीवियों ने किया अर्पिता सिंह गाहल्यान का भव्य स्वागत।अर्पिता सिंह गाहल्यान ने किया जोरासी खालसा गांव व प्रदेश हरियाणा का नाम रोशन।नए युवाओं को दिया सफलता का संदेश, स्थापित किया नया आयाम।अर्पिता सिंह गाहल्यान जोरासी खालसा निवासी अजित सिंह की बेटी है।अजित सिंह ने बताया कि बेटी ने अपनी खुद की मेहनत से यह मुकाम हासिल किया।अर्पिता सिंह ने एन डी ए की कोर्स नंबर 153 में आल इंडिया में दूसरी अटेम्ड में 209 रैंक हासिल की लेकिन गर्ल विंग में एस एस बी में 87 वीं रैंक से पास किया।31 अगस्त को विशाखापटनम से रेकमेंड हुई।21 अप्रैल को दिया था एग्जाम।चार साल के लिए केरल में इंडियन नेवल एकेडमी में ट्रेनिंग पर जायेगी अर्पिता।पिता जी पहले से ही आर्मी के रिटायर्ड अधिकारी है। दो साल पहले बड़ा भाई भी आर्मी में लेफ्टिडेंट के पद पर है। इस स्वागत कार्यक्रम में साहब सिंह रंगा, बीजेपी नेता सुभाष कुहाड़, कुलदीप जांगड़ा मण्डल अध्यक्ष बीजेपी, संजय नरवाल,कंवल मालपुर, अनीता देवी ,रामफल जोरासी, हिटलर जोरासी ,शिशपाल सैनी व देवेंद्र मलिक के इलावा सैकड़ों लोग मौजूद थे।

### बाबू मूलचंद जैन औधोगिक प्रशिक्षण संस्थान में मनाया गया पराक्रम दिवस

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। बाबू मूलचंद जैन** औधोगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य राकेश भाटिया ने कहा कि नेता जी सुभाष चन्द्र बोस स्वतन्त्रता संग्राम के ऐसे वीर सिपाही थे, जिनके अदम्य साहस को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। हमें ऐसे वीर, साहसी और त्यागी के आदर्शों को जीवन में अपनाते हुए संघर्ष करने के लिए तैयार रहना चाहिए। राकेश भाटिया वीरवार को नेता जी सुभाष चंद्र बोस के जन्मदिवस को पराक्रम दिवस के रूप में मनाते हुए उपस्थित स्टाफ व छात्रों को सम्बोधित कर रहे थे। इस मौके पर स्टाफ सहित सभी ने नेता जी सुभाष चंद्र बोस को नमन किया। उन्होंने कहा कि यह दिन हमें नेताजी के बलिदान, उनके दृढ़ संकल्प और उनकी देश प्रेम की भावना की याद दिलाता है। नेताजी ने भारत की स्वतंत्रता के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने आजाद हिंद फौज का गठन और अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई के इतिहास से भी अवगत करवाते हुए कहा कि हमें उनके अदम्य साहस से प्रेरणा लेते हुए देश के लिए कार्य करना चाहिए। उन्होंने बताया कि नेता जी का जन्म 23 जनवरी 1897 को हुआ था। 24 वर्ष की आयु में उन्होंने आईसीएस ज्वाईन की, जिसे आज आईएएस कहा जाता है, परन्तु देश हित में इस उच्च पद से इस्तीफा देते हुए स्वतन्त्रता संग्राम में भाग लेने का फैसला लिया। उन्होंने नारा दिया तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा। इस नारे से प्रभावित होकर बडी संख्या में युवाओं ने आजाद हिन्द फौज में शामिल होकर नेता जी का सहयोग किया। उनका बलिदान, देश सेवा तथा समर्पण भाव हर नागरिक के

# निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने कर्ण ताल पार्क का किया औचक निरीक्षण

## पार्क का भ्रमण कर उचित मेन्टेनेन्स बनाए रखने को लेकर अधिकारियों को दिए निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। नगर निगम आयुक्त** डॉ. वैशाली शर्मा ने गुरुवार को शहर के मुख्य कर्ण ताल पार्क का औचक निरीक्षण किया। पार्क का भ्रमण कर उन्होंने बच्चों के खेलने के लिए लगाए गए झूले, फुटपाथ, बोलार्ड लाईटें, हाई मास्ट लाईट, घास, पेड़-पौधे, शौचालय तथा पार्क की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण में उनके साथ अतिरिक्त निगम आयुक्त अशोक कुमार मौजूद रहे। निगमायुक्त ने निर्देश दिए कि पार्क में समय पर घास कटाई, पौधों की देखरेख व साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए। बागवानी कचरे का रोजाना उठान हो, इसे भी सुनिश्चित किया जाए। इसे लेकर कार्यालय में शिकायत नहीं आनी चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि एजेंसी से अच्छे से काम करवाएं, किसी भी समय औचक निरीक्षण किया जा सकता है। निरीक्षण में उन्होंने पार्क के प्रवेश से लेकर आखिर तक एक-एक चीज को देखा और पार्क की उचित मेन्टेनेन्स बनाए रखने को लेकर दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पार्क में लगी लाईटें ठीक रहनी चाहिएं। अगर खराब हो तो उसे तुरंत दुरूस्त करवाया जाए। ओपन एयर जिम के उपकरण व सभी झूले ओके कंडीशन में रहने चाहिएं। बाउंडरी वाल व शौचालय के साथ लगती दीवार पर पेंटिंग करवाई जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि राजा कर्ण की विशाल प्रतिमा पर सुंदर पेंट करवाया जाए। सुरक्षा की दृष्टि से पार्क में रात्रि के समय होमगार्ड की ड्यूटि लगाई जाए। उन्होंने पार्क में मौजूद म्यूजिकल फाउंटेन का भी निरीक्षण किया और निर्देश दिए कि इसके संचालन और रख-रखाव ( ओ एंड एम ) का टेण्डर जल्द लगाया जाए, ताकि यहां सैट-सपाटे के लिए आए लोग फव्वारे से निकलने वाली जैट्स यानि धाराओं का संगीत के साथ आनंद ले सकें। उन्होंने निर्देश दिए कि पार्क की साफ-सफाई, झूलों की मरम्मत तथा शौचालयों का उचित रख-रखाव सुनिश्चित किया जाए। पीने के पानी की भी उचित व्यवस्था की जाए। इस दौरान उन्हें एक शौचालय की सही सफाई न मिलने पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

## नेता जी जयंती: जिला अध्यक्ष सुशील राणा ने किया नमन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र : भाजपा के** जिला अध्यक्ष सुशील राणा ने कहा कि भारतीय स्वाधीनता संग्राम के महानायक आजाद हिन्द फौज के संस्थापक नेता जी सुभाष चंद्र बोस की जयंती आज पूरे देश में मनाई जा रही है। यह दिवस हमें जीवन में राष्ट्र प्रेम की भावना के साथ आगे बढ़ने की सीख देता है। नेता जी सरीखे महानायक हमारे प्रेणास्त्रोत हैं और उनके दिखाए मार्ग पर आगे बढ़कर? राष्ट्र प्रेम के साथ अपनी आहुति सभी को डालनी है। नेता जी की जीवटता, धीरता, दूरदर्शिता व राष्ट्रभक्ति पीढ़ियों से हमारे प्रेणादायक रही है। भाजपा जिला अध्यक्ष सुशील राणा वीरवार को सुभाष चंद्र बोस पार्क के प्रांगण में सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन करने के उपरांत बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि सुभाष चंद्र बोस ने अपने राष्ट्रवादी विचारों से भारत मे एक ऐसी सृजनात्मक शक्ति का संचार किया था जिससे हमें गुलामी की जंजीरों को तोडने.की शक्ति मिली। नेता जी का विराट व्यक्तित्व और विचार युगों-युगों तक भारतीय जनमानस में देशभक्ति की लौ को प्रज्वलित करते रहेंगे। आजाद हिंद फौज की स्थापना करके नेता जी ने भारत को गुलामी की जंजीरों से मुक्त कराने के लिए हुंकार भरी। उन्होंने सिंगापुर सहित दुनियां के अनेक देशों में भ्रमण करते हुए अंग्रेजों के खिलाफ जंग में भारतीयों को शामिल किया। यहां तक कि अंडमान निकोबार जैसे द्वीप पर भी नेताजी के प्रयास से तिरंगा लहरा पाया।

## डकैती की वारदात को अंजाम देने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिला पुलिस ने** सदर बाजार क्षेत्र में डकैती की वारदात को अंजाम देने वाले दो आरोपियों होशियार सिंह उर्फ भगत पुत्र रामस्वरूप वासी लवकुश कालोनी हांसी रोड़ करनाल और अजय पुत्र बग्गी वासी चांद सराय, मंगल कालोनी, डेरा बस्ती, करनाल को लवकुश कलोनी क्षेत्र से गिरफ्तार किया। डीएसपी सिटी राजीव कुमार ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा 18 जनवरी को दोनों आरोपियों को अदालत में पेश किया गया था, जहां से उनका पांच दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया गया।

## नारी सम्मान में प्रतिष्ठा को पुनः स्थापित किया जाए : डॉ. रीना

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्रः** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के इंस्टिट्यूट ऑफ इंटीग्रेटेड एंड ऑनर्स स्टडीज एवं दिल्ली विश्वविद्यालय के मिरांडा हाउस के संस्कृत एवं दर्शन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में इकोफेमिनिजम (पर्यावरण नारीवाद) पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में बतौर मुख्य वक्ता डॉ. रीना कन्नोजिया ने कहा कि नारीवाद एवं पर्यावरण का संबंध है क्योंकि दोनों ही पितृ सत्तात्मक संस्था द्वारा शोषित होते हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में जरूरत है कि नारी के सम्मान में प्रतिष्ठा को पुनः स्थापित किया जाए ताकि उनके पर्यावरण के संरक्षण में महत्वपूर्ण भागीदारी हो सके। डॉ. चंदन मिश्रा एवं डॉ. मधु सहित चर्चा सत्र में डॉ. चंद्रलेखा एवं शोधार्थियों के वाद संवाद से विचार-विमर्श में अनेक नए आयाम उभर कर आए। लिटरेरी क्लब हिंदी के संयोजक डॉ. रामचन्द्र ने बताया कि मिरांडा हाउस के रिसर्च एवं डेवलपमेंट प्रभाग में इकोफेमिनिजम पर संचालित प्रोजेक्ट के व्यापक विचार-विमर्श के लिए एक परिचर्चा सत्र आयोजित किया गया। लिटरेरी क्लब (इंग्लिश) के संयोजक डॉ. जिम्मी शर्मा ने भी अपने मूल्यवान विचारों से चर्चा सत्र को सार्थक बना दिया। डॉ. जिम्मी शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापन सौंपा और कहा कि भविष्य में भी कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय एवं दिल्ली विश्वविद्यालय का यह पारस्परिक संवाद आयोजित होता रहेगा। संस्थान की प्राचार्या प्रो. रीटा दलाल ने लिटरेरी क्लब को कार्यशाला के इस सफल आयोजन के लिए बधाई दी। आईआईएचएस में आयोजित इस कार्यशाला में बड़ी संख्या मिरांडा हाउस एवं कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के छात्र, शोधार्थी एवं फैकल्टी मेंबर्स सम्मिलित हुए।

## हरियाणा रिटायर कर्मचारी संगठन की ब्लॉक स्तरीय चुनावी मीटिंग हुई आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : हरियाणा** रिटायर कर्मचारी संगठन 1968 की ब्लॉक स्तरीय चुनावी मीटिंग नजदीक नया बस स्टैंड स्थानीय ताज पार्क में जिला प्रधान सुल्तान मराठा की अध्यक्षता में संपन्न हुई संचालन जिला सचिव बरखा राम जास्ट द्वारा किया गया चुनावी मीटिंग में ब्लॉक संगठन से संबंधित सभी विभागों के रिटायर कर्मचारी साथियों ने बढ़कर भाग लिया । मुख्य चुनाव पर्यवेक्षक के तौर पर प्रांतीय प्रधान प्रेम सिंह बेरथली एवं प्रांतीय सचिव राजपाल गुंसर उपस्थित रहे ।चुनावी मीटिंग में उपस्थित पदाधिकारी व कर्मचारी साथियों ने अपने विचार व्यक्त किये व सर्वसम्मति से चुनाव कराने के लिए अपील की । सुल्तान मराठा ने कहा कि प्रांतीय संगठन के निर्देशानुसार पूरे प्रदेश भर में ब्लॉक चुनाव प्रक्रिया जारी है इसी के चलते आज ब्लॉक थानेसर की चुनाव प्रक्रिया होने जा रही है । उपरांत ब्लॉक प्रधान निर्मल सिंह सिसोदिया द्वारा कार्यकारिणी भंग की गई व अगला त्रिवार्षिक चुनाव करवाने के लिए चुनाव पर्यवेक्षकों से अपील की गई । उपस्थित मुख्य चुनाव पर्यवेक्षक प्रांतीय उप प्रधान प्रेम सिंह बेरथली व प्रांतीय सचिव राजपाल गुंसर ने चुनाव प्रक्रिया आरंभ की व चुनाव प्रक्रिया के दौरान उपस्थित रिटायर कर्मचारी साथियों की सहमति से निम्न पदाधिकारी चुने गए।

## मनोहर लाल ने मुनक और सालवन गांव के लोगों से की मुलाकात

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। केंद्रीय ऊर्जा, आवास** एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल गुरुवार को करनाल जिला के मुनक में स्थित सिंचाई विभाग के विश्रामगृह में पहुंचे। यहां उन्होंने मुनक व सालवन गांव के ग्रामीणों से मुलाकात की और गांव के विकास कार्यों व अन्य समस्याओं को लेकर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान असंध के विधायक योगेंद्र राणा भी मौजूद रहे। इसके उपरांत उन्होंने कहा कि बैठक का मुख्य उद्देश्य लोगों की समस्याओं को जान कर उनका निराकरण करना है और गांवों में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार करना है ताकि लोगों को छोटी-मोटी दिक्कतों के लिये जिला मुख्यालय न जाना पड़े और उन्हें गांव में ही मूल सुविधाएं प्राप्त हो सकें। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि लोकसभा क्षेत्र के ग्रामीणों से मिलने का दौर निरंतर जारी है। पहले चरण में लोकसभा क्षेत्र के बड़े गांवों के लोगों से मिला जा रहा है। इसके उपरांत उससे छोटे गांवों के लोगों से मुलाकात की जाएगी। तीसरे चरण में कुछ गांवों को मिलाकर बैठक की जाएगी।बता दें कि केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल पिछले दौरों के दौरान घरौंडा के गांव कोहंड, समालखा के चुलकाना, इंद्री हलका के गांव कुंजपुरा, करनाल के काछवा लोगों के साथ बैठक कर चुके हैं। बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने सिंचाई विभाग के विश्राम गृह के सालों पुराने आगंतुक रजिस्टर में टिप्पणी भी दर्ज की। इस मौके पर असंध के विधायक योगेंद्र राणा के अलावा एसडीएम राहुल, सांसद प्रतिनिधि कविंद्र राणा, बीडीपीओ प्रशांत, मुनक के सरपंच फूल कुमारी, ब्लाक समिति के उपाध्यक्ष अजय कुमार, भाजपा एससी मोर्चा के जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश, गुलाब सिंह वड़ैच, सालवन के सरपंच जयवीर राणा, मंडल अध्यक्ष जय भगवान जांगड़ा, पूर्व मंडल अध्यक्ष अमित राणा, सुभाष आर्य, रिटायर्ड कैप्टन जयपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

## जिला स्तर पर आयोजित रंगोली प्रतियोगिता में हिस्सा लिया

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**



**स्थानीय आई. बी.** स्नातकोत्तर महाविद्यालय की बी. बी. ए. तृतीय वर्ष की छात्रा रुकैया ने डॉ. सुनीता ढांडा के निर्देशन में जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा जिला स्तर पर आयोजित रंगोली प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता का विषय समावेशी सुगम एवं सहभागी निर्वाचन की ओर अग्रसर रहा छात्रा रुकैया ने प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर द्वितीय स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया` कॉलेज परिसर में पहुँचने पर प्रबंधन समिति के महासचिव एल. एन. मिगलानी ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिता में हिस्सा लेने से छात्रों को अपनी कला, ज्ञान और योग्यता का ज्ञान होने के साथ ही चुनौतियों का सामना करने की सीख मिलती है।

## बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की जन्म जयंती

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र :आज बुद्धिजीवी** प्रकोष्ठ के द्वारा जिला भाजपा कार्यालय, सेक्टर 8 में नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की जन्म जयंती को "पराक्रम दिवस" के रूप में मनाया गया।इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता श्री धर्मवीर मिजापुर जी, चेयरमैन, हरियाणा पशुधन विकास बोर्ड और मुख्य अतिथि श्री सुशील राणा जी जिला अध्यक्ष रहे ।कार्यक्रम में बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक डॉ ऋषिपाल मथाना जी ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया एवं कार्यक्रम की भूमिका रखी और बताया कि बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ प्रति मास किसी एक विषय को लेकर बौद्धिक वर्ग किया करेगा।इस अवसर पर धर्मवीर जी ने कहा कि 2021 में नेताजी की 125वीं जन्म जयंती के अवसर पर देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने यह घोषणा की कि नेताजी का जन्म दिवस पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जाया करेगा।। धर्मवीर ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी ने 21 अक्टूबर 1943 को अखंड भारत की 18 मंत्रियों के साथ प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेते हुए भारत सरकार घोषित की थी।। उनका मत था कि द्वितीय विश्व युद्ध में भारत को अंग्रेजों का साथ नहीं देना चाहिए और इस अवसर का फायदा उठाकर भारत को स्वतंत्र घोषित करवाना चाहिए, उन्होंने युवाओं को प्रेरित करने के लिए नारा दिया कि तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा और उनके इस आंदोलन में बहुत युवा शक्ति बढ़-चढ़कर लगी।। उन्होंने बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ को साधुवाद देते हुए कहा कि बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ ने लोकसभा के चुनाव में भी व विधानसभा चुनाव में भी बहुत मेहनत की और डोर टू डोर किया, ऐसे कार्यकर्ताओं के कारण ही आज हरियाणा में और देश में भारतीय जनता पार्टी की तीसरी बार सरकार बन सकी है।जिला अध्यक्ष सुशील राणा जी ने कहा कि अन्य सभी प्रकोष्ठ व विभागों को बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ से प्रेरणा लेकर इस प्रकार के कार्यक्रम प्रति मास करने चाहिए ताकि कार्यकर्ताओं में सक्रियता बनी रहे और कार्यकर्ताओं का समय समय पर मार्गदर्शन होता रहे।कार्यक्रम की अध्यक्षता बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ की जिला संयोजिका डॉक्टर चांद दत्ता जी ने की । इस अवसर पर जिला के महामंत्री राजेंद्र गोल्डी रामपाल पाली ,बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के सह संयोजक श्री एल अरोड़ा, राम स्नेही , समय सिंह ,महेंद्र मेहता , प्रेमचंद महला , नितिन गुलाटी , विशाल मित्तल , धीरज गोयल ,रुक्मेश चौहान , डॉ रामपाल सागवाल, रामफल बूथ अध्यक्ष सैक्टर 8, गुरचरण, दीपक शर्मा उपस्थित रहे।

## सुभाष चंद्र बोस जयंती के उपलक्ष्य में पराक्रम दिवस मनाया गया

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**



**आर्य स्नातकोत्तर** महाविद्यालय एन.एस.एस इकाई के तत्वाधान में नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती के उपलक्ष्य में पराक्रम दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत एन.एस.एस इकाई के प्रभारी विवेक गुप्ता, डॉ. मनीषा डुडेजा व स्वयं सेवकों द्वारा नेताजी को पुष्पांजली अर्पित कर की गई। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा भाषण और कविताओं के माध्यम से नेताजी के जीवन के बारे में विस्तार से बताया । प्राचार्य डॉ.जगदीश गुप्ता ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से विद्यार्थियों में देशभक्ति की भावना का संचार होता है। महान स्वतंत्रता सेनानी, नेताजी सुभाष चंद्र बोस का भारत के स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण योगदान रहा। वे क्रांतिकारी धारा के समर्थक थे। भारत को आजादी दिलाने के लिए, उन्होंने आजाद हिंद फौज के नाम से अपना सैन्य दस्ता तैयार किया था। क्रांतिकारी गुट होने के बाद भी महात्मा गांधी से उनके काफी अच्छे संबंध थे। बोस ही वह व्यक्ति थे जिन्होंने शुरुआत में महात्मा गांधी को राष्ट्रपिता कहा था। एन.एस.एस अधिकारी विवेक गुप्ता ने बताया कि 23 जनवरी को देश प्रेम दिवस के रूप में मनाने का प्रस्ताव पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा दिया गया था. 2021 में केंद्र सरकार की की ओर से इसे "पराक्रम दिवस" के रूप में मनाया जाने लगा। पराक्रम दिवस का अर्थ है 'साहस का दिन या शौर्य का दिन.' इस दिन का लक्ष्य देश के लोगों को प्रेरित करना है। विशेष रूप से युवाओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए, उनमें देशभक्ति की भावना पैदा करना जैसा कि नेताजी का था। एन.एस.एस अधिकारी डॉ. मनीषा डुडेजा ने कहा कि नेताजी का स्वतंत्रता संग्राम में अभूतपूर्व योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर हम उनके देश के प्रति योगदान को याद करते हुए शत-शत नमन करते हैं। प्राचार्य डॉ.जगदीश गुप्ता ने एन.एस.एस अधिकारी प्रो. विवेक गुप्ता व डॉ. मनीषा डुडेजा को कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए बधाई दी। इस अवसर डॉ.नेहा बंसल,सानू ढूल, प्राध्यापक सुनील समेत कॉलेज के सभी स्टाफ सदस्य एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

**पुष्पांजलि**

**विवेक गुप्ता, डॉ. मनीषा डुडेजा व स्वयं सेवकों द्वारा नेताजी को पुष्पांजली अर्पित कर की गई**

## मुख्य सिपाही नरेंद्र पदोन्नति उपरांत बने एएसआई

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**



**पुलिस अधीक्षक** लोकेंद्र सिंह आईपीएस ने पदोन्नति पाने वाले मुख्य सिपाही नरेंद्र के कंधों पर स्टार लगा एएसआई पदोन्नत कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी। पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह आईपीएस ने कहा कि एक पुलिस अधिकारी का ईमानदार व कर्मठ होना बहुत जरूरी है। जीवन में की गई मेहनत और ईमानदारी का फल अवश्य मिलता है। हमें जीवन में आगे बढ़ने का निरंतर प्रयास अवश्य करना चाहिए। जब भी कोई अधिकारी या कर्मचारी अपने वर्तमान पद से पदोन्नत होता है तो उसे अधिक जिम्मेदारी दी जाती है। पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह आईपीएस ने नव पदोन्नत एएसआई नरेंद्र का हौसला बढाते हुए कहा कि अब विभाग के प्रति उनकी जिम्मेदारियों और अधिक बढ़ गई हैं और उन्हें पूरा भरोसा है की वे अपनी जिम्मेदारी को उचित प्रकार से निभाएंगे और हर कसौटी पर खरा उतरेंगे।

## न्यूज फ्लैश

### जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह की फाइनल रिहर्सल शुक्रवार 24 जनवरी को

**पानीपत:** थानीय शिवाजी स्टेडियम के प्रांगण में शुक्रवार को जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह की फाइनल रिहर्सल का आयोजन किया जाएगा। फाइनल रिहर्सल में उपायुक्त डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया ने बतौर मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करेंगे। एडीसी डॉ पंकज यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि इस दिन उपायुक्त राष्ट्रीय ध्वज फहराकर परेड का निरीक्षण करेंगे। उन्होंने बताया कि फाइनल रिहर्सल में पुलिस विभाग के पुरुष व महिला वर्ग, होमगार्ड तथा एनसीसी महिला का शानदार मार्चपास्ट होगा वहीं विभिन्न विद्यार्थियों द्वारा पीटी शो, डंबल शो व लेजियम तथा देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार तरीके से प्रस्तुति दी जाएगी। उन्होंने बताया कि गणतंत्र दिवस समारोह को सुचारु रूप से संपन्न करवाने के लिए विभिन्न विभागों की ड्यूटियां लगा दी गई है।

### अपराध गोष्ठी में पुलिस अधीक्षक ने अपराध रोकथाम के दिए दिशा-निर्देश



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** पुलिस महानिदेशक हरियाणा पंचकुला के निर्देशों का पालन करते हुए पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला ने 22 जनवरी को देर शाम पुलिस लाईन कुरुक्षेत्र में पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ अपराध गोष्ठी की । पुलिस अधीक्षक ने अपराध और अपराधियों को अंकुश लगाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने बुधवार देर शाम को सभी पर्यवेक्षण अधिकारियों व थाना प्रभारियों को पूरी लग्न से कर्तव्य निर्वहन करने व आमजन को शांतिपूर्ण माहौल देने के लिए प्रेरित किया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सोशल मीडिया पर संवेदनशील, हथियारों के साथ, सामाज विरोधी, नशे से सम्बन्धित या गैंगस्टर से सम्बन्धित पोस्ट डालने वाले तथा ऐसी पोस्टों पर कमैन्ट करने वाले युवाओं पर नजर रखी जा रही है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सोशल मीडिया पर जिला पुलिस द्वारा निगरानी की जा रही है। ऐसे युवाओं के खिलाफ पुलिस द्वारा कारवाई की जाएगी जो किसी भी सोशल मीडिया के प्लेट फार्म पर कोई संवेदनशील पोस्ट करता है या ऐसी किसी पोस्ट को लाइक, शेयर करता है। पुलिस अधीक्षक ने गोष्ठी में जिला के पर्यवेक्षण अधिकारियों तथा थाना प्रभारियों को आदेश देते हुए कहा कि जिला में अवैध रुप से विदेश भेजने वालों पर शिकंजा कसा जाए । इस मौका पर सभी डीएसपी, सभी थाना प्रभारी, प्रभारी अपराध शाखा-1 व 2, एएनसी इंचार्ज, हैड क्लर्क निरीक्षक राज कुमार, प्रवाचक पुलिस अधीक्षक उप निरीक्षक विशाल कुमार, सुरक्षा शाखा प्रभारी उप निरीक्षक धर्मेंद्र, शिकायत शाखा प्रभारी उप निरीक्षक प्रवीन कौर, साईबर सैल प्रभारी एएसआई विजय कुमार आदि मौजूद रहे।

# आशा व विश्वास का आधार है जनता समाधान शिविर: उपायुक्त

### जनता समाधान शिविर का मुख्य उद्देश्य नागरिकों की समस्याओं का तत्काल समाधान

**शिविर का लाभ**

**हर तरफ उनके द्वारा किये जा रहे कार्यों की प्रशंसा हो रही है। समाधान शिविर भी उसी अहम कड़ी का हिस्सा है**



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कम समय में ही जनता का दिल जीत लिया है। उनकी कार्यशैली व उनके कुशल मार्ग दर्शन का लाभ प्रदेश के नागरिकों को सीधे तौर पर मिल रहा है। हर तरफ उनके द्वारा किये जा रहे कार्यों की प्रशंसा हो रही है। समाधान शिविर भी उसी अहम कड़ी का हिस्सा है। उपायुक्त डॉ. विरेंद्र कुमार दहिया ने बताया कि जनता समाधान शिविर जिले के नागरिकों की आशा व विश्वास का आधार है। इस विश्वास को प्रशासन ने अंतिम समय तक बनाये रखना है। जो नागरिक समाधान शिविर में अपनी समस्याएं लेकर आ रहे हैं उनका तकलीफ को दूर करना व उनके साथ किसी भी प्रकार का भेद भाव ना हो इस जनता समाधान शिविर का उद्देश्य है।

उपायुक्त ने बताया कि इस मौसम में सेहत का ध्यान रखें। फल, सब्जियों व प्रोटीन से भरपूर चीजों का सेवन करें। अपनी इम्यूनिटी को मजबूत रखने के लिए सही पोषण लें। नियमित व्यायाम करें। योगा व हल्की फूल्की वाक व एक्सरसाइज करें व भरपूर नींद लें क्योंकि कमजोर इम्यूनिटी से मौसमी बिमारियों का मुकाबला नहीं किया जा सकता। उपायुक्त ने गुरुवार को जिला सचिवालय में आयोजित किये जा रहे जनता समाधान शिविर में जन समस्याओं की सुनवाई करते हुए अधिकारियों को कार्य में ओर तेजी लाने के निर्देश दिए।

शिकायतकर्ता रेजिडेंस वैल्फेयर एसोशिएशन सैक्टर 18 के प्रधान परवीर सिंह कादियान ने उपायुक्त से अनुरोध किया कि सैक्टर 18 में मकान नम्बर 220 व 336 के सामने सरकारी स्कूल बना हुआ है। स्कूल के अंदर बड़ी बड़ी जंगली घास बनी हुई है। जिसके वजह से बीमारी का खतरा मंडरा रहा है। उन्होंने उपायुक्त से साफ सफाई की गुहार लगाई। उपायुक्त ने जिला शिक्षा अधिकारी को तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए। समाधान शिविर में किवाना वासी प्रियंका ने प्रशासन से प्रार्थना की कि उनके चाचा साहब सिंह, सुरेश, श्री राजपाल व रामकुमार की उम्र 45 से ज्यादा है लेकिन अभी तक उन्हें सरकार अविवाहित पैंशन का लाभ नहीं मिल पा रहा। उपायुक्त ने डीएसडब्ल्यूओ को तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए। शिकायतकर्ता यशपाल ने उपायुक्त से सरकारी अस्पताल के पार्कों में फैली गंदगी पर संज्ञान लेने का अनुरोध किया। उपायुक्त ने सीएमओ को जांच के आदेश दिए। प्रार्थी दीपक शर्मा ने प्रशासन से अनुरोध किया कि पानीपत में गोल्फ ग्राऊंड नहीं है। गोल्फ ग्राउंड के अभाव में खिलाड़ी अच्छी प्रतिभा नहीं दिखा पा रहे। उपायुक्त ने डीएसओ को इस पर विचार करने के निर्देश दिए व ग्राउंड संबंधित जानकारी के लिए भेजा। प्रार्थी राममेहर वासी कुराड़ ने प्रशासन से अनुरोध किया कि उनके खेत के साथ लगते डाई हाउस का कैमिकल वाला पानी खराब कर रहा है।

# महाराजा अग्रसेन भवन सेक्टर-8 का हुआ भूमि पूजन



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** श्री वैश्य अग्रवाल पंचायत थानेसर कुरुक्षेत्र के अंतर्गत बनने वाले महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट महाराजा अग्रसेन भवन सेक्टर-8 का भूमि पूजन प्रधान सत्य प्रकाश गुप्ता की अध्यक्षता में किया गया। संस्था के प्रधान ने सभी को अग्रसेन भवन के भूमि पूजन होने की बधाई दी। यह समाज की एक महत्वपूर्ण परियोजना है। सत्य प्रकाश गुप्ता ने बताया कि इस भवन में दो वातानुकूलित मल्टीपरपज हाल व 12 वातानुकूलित कमरे बनाए जाएंगे। इस के साथ ही फिजियोथेरेपी सेंटर एवं पैथ लैब इत्यादि चैरिटेबल कार्य किए जाएंगे। इस अवसर पर संस्था के महासचिव गौरव सिंगला, कार्यकारिणी सदस्य राजकुमार मित्तल, अशोक गर्ग, अंशुल बंसल, विनोद गर्ग, अन्य सदस्य राजेश सिंगला, मुनीष मित्तल, सुरेन्द्र गुप्ता, मुकेश मित्तल, विनय गुप्ता, सी.पी. गुप्ता, रोशन लाल मित्तल, जितेन्द्र अग्रवाल, कुलवंत गर्ग, पी.डी. गुप्ता, अजय गुप्ता, अनिल मित्तल, बी.बी. जिन्दल, बृज जिन्दल, सुशील कंसल, डा. संजय शर्मा, निर्मल गुप्ता, अनीता गुप्ता, प्रकाश शर्मा, मयूर, स्वाति गुप्ता, कल्पना, ललिता, लव गुप्ता, विकास बंसल, प्रवीण जिन्दल, ब्रजेश शर्मा एवं संस्था द्वारा गठित सैक्टर-8 भवन निर्माण कमेटी के सभी सम्मानित सदस्य मुख्य रूप से मौजूद रहे।

**भूमि पूजन**

**इस भवन में दो वातानुकूलित मल्टीपरपज हाल व 12 वातानुकूलित कमरे बनाए जाएंगे**

## प्रशासन का पहला रात्रि ठहराव कार्यक्रम 28 जनवरी को डाहर में: उपायुक्त विरेंद्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )** उपायुक्त डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि आमजन की समस्याओं के समाधान को लेकर सरकार पूरी तरह से गंभीर है। जिले में समाधान शिविरो का लगातार आयोजन किया जा रहा है। अब मुख्यमंत्री नायब सिंह के निर्देश पर जिला प्रशासन द्वारा गांव में जाकर भी रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन करने का मन बनाया है। इस रात्रि ठहराव में लोगों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया जाएगा।

उपायुक्त ने बताया कि सभी विभागों के अधिकारी रात्रि ठहराव कार्यक्रम में पूरी तैयारी के साथ मौजूद रहेंगे। मुख्यमंत्री नायब सिंह की दिशा निर्देश पर उदय भारत की तर्ज पर आगामी 28 जनवरी को जिले के गांव डाहर में पहला रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के द्वारा सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचने को लेकर प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया जाएगा। संबंधित विभाग के अधिकारी मौके पर मौजूद रहेंगे व केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित की जा रही

# मेधावी विद्यार्थियों और खिलाडी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया

**सम्मान**

**विद्यालय के कक्षा पहली से पॉंचवी के 15 मेधावी विद्यार्थियों को शिक्षा किट सप्रेम भेंट की**



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** राजकीय प्राथमिक पाठशाला निवारसी कॉलोनी में समाजसेवी एवं पूर्व प्राचार्य सरदार बलविन्द्र सिंह घोत्रा ने अपने पिता स्वर्गीय सरदार अजीत सिंह घोत्रा की पुण्यतिथि के अवसर पर विद्यालय के कक्षा पहली से पॉंचवी के 15 मेधावी विद्यार्थियों को शिक्षा किट सप्रेम भेंट की और विद्यालय के 10 खिलाडी छात्र-छात्राओं को बैडमिंटन किट भेंट की ' समाजसेवी स. बलविन्द्र सिंह घोत्रा ने हरियाणा के उच्चतर शिक्षा विभाग में कॉलेज के प्राचार्य पद पर कार्य कर चुके हैं और अपनी सेवानिवृत्ति के बाद सामाजिक कार्यों में अपना महत्वपूर्ण योगदान देते रहते हैं ' अपनी इसी भावना से प्रेरित होकर अपने पिता की पुण्यतिथि के अवसर पर स.बलविन्द्र सिंह घोत्रा ने विद्यालय के मेधावी बच्चों एवं खिलाडी छात्र छात्राओं को शिक्षा किट में कापियाँ,ज्योमिटरी बॉक्स,बाल कहानी व कविताओं की पुस्तकें और बैडमिंटन किट वितरित की।

विद्यालय के इंचार्ज प्रदीप कुमार और अध्यापक राजेश कुमार ने स.बलविन्द्र सिंह घोत्रा का विद्यालय पहुँचने पर स्वागत किया और इस पुनीत कार्य के लिए उनका आभार अभिव्यक्त किया ' विद्यालय के इंचार्ज प्रदीप कुमार ने बताया कि समय समय पर स.बलविन्द्र सिंह घोत्रा जी अपनी प्रेरणा से विद्यालय आते हैं और विद्यालय में पढ़ रहे बच्चों को प्रेरित करते है और जीवन में कामयाब होने के लिए बच्चों का जरूरी मार्गदर्शन करते हैं ' बच्चों को पुरस्कृत करने के बाद स.बलविन्द्र सिंह घोत्रा नें बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि बच्चों में एक अच्छे राष्ट्र निर्माण के लिए अपार संभावनाएं होती हैं तथा इसके लिए सबसे जरूरी है कि बच्चों को अच्छी शिक्षा दी जाये और उनको जीवन में आगे बढ़ाने के लिए अध्यापकों,माता-पिता एवं समाज को अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए।

# उपायुक्त के मार्गदर्शन में आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** उपायुक्त पार्थ गुप्ता के मार्गदर्शन में निरंतर समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे है जिससे आमजन को अपनी समस्याओं का जल्द समाधान होने से बड़ी राहत है। बता दे कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आदेशानुसार एवं उपायुक्त पार्थ गुप्ता के मार्गदर्शन में अंबाला मे जिलास्तर व उपमण्डल स्तर पर समाधान शिविरों को आयोजन किया जा रहा है। समाधान शिविर प्रत्येक




कार्यदिवस से सुबह 10 बजे से 12 बजे तक आयोजित किए जा रहे है जिनमें उच्च अधिकारियों द्वारा लोगो कि समस्याओं को सुना जाता है और साथ ही उन पर कार्रवाई करते हुए सम्बंधित अधिकारियों द्वारा उनका त्वरित समाधान किया जाता है।

**निपटारा**

**जिलास्तरीय समाधान शिविर में कुल 4 शिकायतें प्राप्त हुई जिनका एडीसी द्वारा मौके पर ही निपटान कर दिया**

इसी कड़ी में उपायुक्त कार्यालय के सभागार में समाधान शिविर आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त डा. ब्रह्मजीत सिंह ने की। इस दौरान उन्होंने समाधान शिविर में आएं लोगो की समस्याओं को सुना और उन पर तुरंत कार्रवाई करते हुए उनका समाधान करवाया। इस जिलास्तरीय समाधान शिविर में कुल 4 शिकायतें प्राप्त हुई जिनका एडीसी द्वारा मौके पर ही निपटान कर दिया गया। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि समाधान शिविर लगाने के मुख्य उद्देश्य लोगो की समस्याओं का मौके पर या अविलम्ब समाधान करना है।

# पराक्रम दिवस के उपलक्ष्य में सुभाषचन्द्र बोस की जयंती मनाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**

गीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जौरासी रोड़ समालखा मे पराक्रम दिवस के उपलक्ष्य में सुभाषचन्द्र बोस की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर प्रबंधक राधेश्याम जांगड़ा, प्राचार्या डॉ॰ अभिलाषा, प्राध्यापक जितेन्द्र उत्तम प्राध्यापक पवन गुलिया व हैड गर्ल प्राची हैड ब्वॉय वंश सभी हाउस के इन्चार्ज ने सुभाष चन्द्र बोस की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर पवन गुलिया ने बच्चों को बताया कि नेता जी स्वतंत्रता संग्राम में अग्रणीय भूमिका निभाई थी जिसे देश कभी




भुला नहीं सकता। उन्होंने उनकी जीवनी से बच्चों को सीख लेने की बात कही। उन्होंने कहा कि नेता देश ऐसे महान नायक थे जिन्होंने आजादी की लड़ाई में अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। प्राचार्या डॉ॰ अभिलाषा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बताया कि देश की आजादी के लिए सुभाष चन्द्र बोष द्वारा दिया गया नारा "तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा।" को आज समय शिक्षा और देश की प्रगति से जोड़कर देखना चाहिए। हिन्दी प्राध्यापक रवि शास्त्री ने बताया कि कैसे नेता जी ने जापान के सहयोग से 1943 में आजाद हिन्द फौज का गठन किया।

### दिल्ली वर्ल्ड में सड़क सुरक्षा को लेकर कार्यशाला आयोजित

**समालखा:** दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में वीरवार को 36वाँ राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह ( 1 जनवरी से 31 जनवरी ) के अंतर्गत सड़क सुरक्षा को लेकर प्रोजेक्टर के माध्यम से कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा सातवीं से नौवीं के छात्रों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें सड़क पर सुरक्षित रहने के नियमों और उपायों से परिचित करवाना था। कार्यशाला का उद्घाटन सुरक्षा अधिकारी अंका बाबू, घटना प्रबंधक सचिन कुमार शर्मा (इंसीडेंट मैनेजर) और नियंत्रण कक्ष अधिकारी नवीन (कंट्रोल रूम ऑफिसर) ने किया।

# गणतंत्र दिवस पर कार्यक्रम को लेकर पुलिस लाइन ग्राउंड में की रिहर्सल

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** 26 जनवरी को जिला स्तरीय कार्यक्रम के सफलतापूर्वक आयोजन को लेकर पुलिस लाईन मैदान अम्बाला शहर में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति व पीटी शो के तहत विद्यार्थियों व एनसीसी की टुकड़ी ने बेहतर प्रस्तुति देते हुए पूर्वाभ्यास किया। जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार ने गणतंत्र दिवस समारोह में प्रस्तुत किए जाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों व अन्य कार्यक्रमों की रिहर्सल का अवलोकन किया। पूर्वाभ्यास के दौरान मास पीटी के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय प्रेमनगर, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय माडल टाउन,



राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पुलिस लाईन, डीएवी सोहन लाल सीनियर सैकेंडरी स्कूल, एसडीएनएसडी सीनियर सैकेंडरी स्कूल व पीकेआर जैन गर्ल्ज सीनियर सैकेंडरी स्कूल, केपीएके महाविद्यालय, कलगीधर कन्या सीनियर सैकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा मास पीटी का पूर्वाभ्यास किया गया। इसी प्रकार सांस्कृतिक कार्यक्रमों के तहत गुरुकुल चमन वाटिका के विद्यार्थियों द्वारा थीम बेस्ड पैट्रियोटिक डांस, सोहन लाल डीएवी स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा योगा पर आधारित सूर्य नमस्कार, सैंट जोसफ पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा थीम बेस्ड ड्रग एडीक्सन, केपीएके महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा राजस्थानी डांस, ओपीएस विद्या मंदिर स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा खेलों पर आधारित डांस की प्रस्तुति दी गई। इस मौके पर शिक्षा विभाग से बीईओ सतबीर सैनी, प्रिंसीपल रामपुर स्कूल प्रवीन शर्मा, सहायक शिक्षा अधिकारी अमरिन्द्र सिंह, डीपीई गुरदेव सिंह, विशाल सैनी, मलकीत सिंह, सतीश बिश्नोई, तरूण यादव, मोनिका, रिचा, रितु, सुरेन्द्र, पीटीआई मोहन लाल मौजूद रहे।

**अवलोकन**

**प्रस्तुत किए जाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों व अन्य कार्यक्रमों की रिहर्सल का अवलोकन किया**

# थानेसर को सर्वेक्षण के टॉप टन शहरों की सूची में लाने का टारगेट: सुभाष

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि थानेसर शहर को स्वच्छता सर्वेक्षण के टॉप टेन की सूची में शामिल करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस शहर को स्वच्छ बनाने का संकल्प और सपना मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा लिया गया है। इसलिए मुख्यमंत्री के संकल्प को पूरा करने के लिए प्रशासनिक अधिकारी, सामाजिक और धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधि व आम नागरिक जन आंदोलन के रूप में लग्न हुआ है। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा आज अपने निवास स्थान पर शहर को स्वच्छ बनाने के लिए गठित की वार्ड कमेटियों के प्रतिनिधियों से बातचीत कर रहे थे। इससे पहले



पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आदेशानुसार शहर के सभी 32 वार्डों में कमेटी के गठन का कार्य शुरू किया और 25 से ज्यादा वार्डो में कमेटियों का गठन करके प्रशासन के पास भेज दी है और शेष वार्ड में भी कमेटी का गठन का कार्य जल्द पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने कमेटी के प्रतिनिधियों को स्वच्छ थानेसर बनाने की योजना पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि शहर को स्वच्छ बनाने के लिए सरकार और प्रशासन की तरफ से तमाम संसाधन उपलब्ध करवाएं जाएंगे। उन्होंने कहा कि वार्ड कमेटी के सदस्य अपने वाडों में होने वाले विकास कार्यों का खाका तैयार करेंगे। इस रिपोर्ट को प्रशासन के माध्यम से सभी विकास कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करवाया जाएगा ताकि हर वार्ड का सामान रूप से विकास होने के साथ-साथ वार्ड को स्वच्छ और सुंदर बनाया जा सके। इस शहर को स्वच्छ बनाने के लिए सभी नागरिकों को जागरूक होकर काम करना होगा। सभी नागरिक जब अपनी मानसिकता में बदलाव लाकर थानेसर को स्वच्छ और सुंदर बनाने का प्रण लेंगे तब थानेसर शहर भारत स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 की श्रेणी में अव्वल नंबर पर पहुंच सकेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का विजन है कि थानेसर शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाया जाए ताकि देश विदेश से आने वाले पर्यटक धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र से स्वच्छता का संदेश लेकर जाए। उनकी इच्छा है कि शहर के प्रत्येक वार्ड में कमेटियों के सदस्य अपने आप में स्वच्छता के ब्रांड अंबेसडर बनकर काम करें। इस बार इस अभियान को आमजन का अभियान बनाकर चलना है। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों की प्रंशसा करते हुए कहा कि शहर में लगातार स्वच्छता को लेकर किए गए कार्यों के सार्थक परिणाम नजर आने लगे है।

**लक्ष्य**

**थानेसर शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाया जाए ताकि पर्यटक धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र से स्वच्छता का संदेश लेकर जाए: सुभाष सुधा**

# अवैध कब्जाधारियों को तीन दिन में अवैध कब्जे खाली करने के दिये आदेश

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा (कुलदीप सिंह )**

**लगता** है अब नई सब्जी मंडी मे पार्किंग की जगह जल्द ही अवैध कब्जों से मुक्त होगी। वर्षो से पार्किंग एरिया पर अवैध कब्जे करके दुकान,बूथ और खोखे चला रहे 100 से ज्यादा अवैध कब्जा धारियों को मार्केट कमेटी सचिव ने नोटिस भेज कर तीन दिन मे सभी कब्जे हटाने के आदेश दिये है । । चेतावनी दी है कि अगर तीन दिन में अवैध कब्जाधारियों ने कब्जे ना हटाए तो मार्केट कमेटी खुद कारवाई करेगी और इसके खर्चे की वसूली भी की जाएगी । इससे पहले गत 14 जनवरी को भी मार्केट कमेटी सचिव सविता जैन ने इन सभी अवैध कब्जाधारियों को कब्जे हटाने के लिये सात दिन की मोहलत दी थी ।

गौर तलब है कि पीपी कपूर द्वारा गत 8 जनवरी को मार्केट कमेटी सचिव सविता जैन को मांग पत्र दिया था ।मांग पत्र के बाद मार्केटिंग बोर्ड अधिकारियों की नींद खुली है और प्रशासन हरकत मे आया है । कपूर ने मांग पत्र देते वक्त मांगें जल्द पूरी न होने पर दोषी अधिकारियों के खिलाफ लोकायुक्त कोर्ट में केस दर्ज कराने की चेतावनी भी दी थी।

आरटीआई एक्टिविस्ट पीपी कपूर ने आरोप लगाया कि नई सब्जी मंडी में पार्किंग एरिया की सरकारी भूमि पर व बूथों, दुकानों के आगे अवैध कब्जे करके 100 से ज्यादा लोग वर्षो से अवैध कब्जे किये हुए हैं । यहाँ कुछ दबंग लोग बिना लाइसेंस लिये सब्जी- फ्रूट की अवैध आड़त का कारोबार कर राजस्व को चूना लगा रहे हैं । मार्केट कमेटी कर्मचारियों की मिलीभगत से नई सब्जी मंडी में बने व्यवसायिक बूथों में प्रतिबंध के

**आदेश**

**अवैध कब्जा धारियों को मार्केट कमेटी सचिव ने नोटिस भेज कर तीन दिन मे सभी कब्जे हटाने के आदेश दिये**

# तिरंगे ने भारतीय एकता के सूत्र में पिरोने का काम किया : डॉ. वीरेंद्र पाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : फ्लैग फाउंडेशन** ऑफ इंडिया के अध्यक्ष एवं कुरुक्षेत्र के सांसद नवीन जिंदल के मार्गदर्शन एवं प्रेरणा से कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के फैकल्टी लॉन्ज में 22वां तिरंगा अधिकार दिवस पर बतौर मुख्यातिथि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. वीरेंद्र पाल खटकड़ ने कहा कि तिरंगे ने भारतीय एकता के सूत्र में पिरोने का काम किया। तिरंगे में भारत की आत्मा बसती है तथा भारत देश अनेकता में एकता का उदाहरण है। उन्होंने कहा कि यहां अलग-अलग संस्कृति संप्रदाय




और सभ्यता के लोग आपस में मिलजुल कर रहते हैं। उन्होंने युवाओं से कहा कि तिरंगे संग आत्मीयता से जुड़े और देश प्रेम के महत्व को समझने के लिए एनसीसी और एनएसएस की सदस्यता ग्रहण करें। इस अवसर पर केयू की एनएसएस सेल और फ्लैग फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में बुद्धिजीवियों ने राष्ट्रीय ध्वज के प्रति अपने विचार रखे। फाउंडेशन की ओर से डॉ. राज कुमार ने कार्यक्रम की रूपरेखा रखी। इस अवसर कार्यक्रम में विशेष अतिथि सब मेजर रविंद्र कौशिक ने कहा कि 2004 में सांसद नवीन जिंदल ने लंबी लड़ाई के बाद प्रत्येक देशवासी को तिरंगा फहराने का अधिकार दिलाया। उन्होंने कहा कि जब विद्यार्थी जीवन देश प्रेम से जुड़ता है तो नवीन जिंदल जैसे उदाहरण लोगों के सामने मिसाल बनकर आते हैं। तिरंगे के सम्मान के लिए नवीन जिन्दल ने लंबी लड़ाई लड़ी। प्रत्येक देशवासी को इस सराहनीय कार्य के लिए उनका आभारी रहना चाहिए। इस मौके पर सांसद कार्यालय की ओर से संसदीय कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह, कैथल कार्यालय प्रभारी शंकर गोयल एवं भूषणपाल मंगला ने अतिथियों का अभिनंदन किया। आयोजन की शुरूआत नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। फ्लैग फाउंडेशन की ओर से आयोजित 23 जनवरी राष्ट्रीय ध्वज दिवस हस्ताक्षर अभियान में कुलसचिव डॉ. वीरेंद्र पाल खटकड़ सहित सभी अतिथियों एवं 150 से अधिक युवाओं ने हस्ताक्षर करके अभियान को सहमति प्रदान की। फाउंडेशन की ओर से युवाओं में तिरंगे, बैंड और राष्ट्रीय ध्वज की गौरव गाथा का बखान करने वाली पुस्तकों का वितरण किया गया।

# तुलसी पब्लिक स्कूल में मिलन समारोह आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला: हरियाणा सरकार** द्वारा चलाए जा रहे मिलन समारोह के अंतर्गत गवर्नमेंट मिडिल स्कूल सारंगपुर और गवर्नमेंट मिडिल स्कूल धुरखड़ा के बच्चे तुलसी पब्लिक स्कूल देखने आए। बच्चे पुस्तकालय में दस हजार से ज्यादा पुस्तकें देखकर चकित रह गए। उन्होंने वहाँ विभिन्न प्रकार की मैगजीन, विश्व कोष, धार्मिक, सामाजिक, विभिन्न विषयों की एवं कहानियों की पुस्तकें देखी। कंप्यूटर लैब में उन्हें स्वयं कंप्यूटर चलाने का मौका मिला। खेल के मैदान में उन्होंने विभिन्न खेल जैसे कि वॉलीबॉल, नेटबॉल, क्रिकेट, फुटबॉल, बैडमिंटन आदि खेल खेलें। संगीत कक्षा में बच्चों ने नृत्य व गायन का आनंद लिया।



इसके साथ ही उन्होंने स्कूल की भव्य फिजिक्स लैब, केमिस्ट्री लैब, बायो लैब भी देखी। बच्चों ने बताया कि उन्होंने पहली बार अटल टिंकरिंग लैब देखी है, जिसे देखकर वे आश्चर्य चकित रह गए। वहाँ वे तुलसी पब्लिक स्कूल के बच्चों द्वारा बनाए गए विभिन्न प्रोजेक्ट्स देखकर अत्यंत उत्साहित हुए और स्वयं भी प्रोजेक्ट बनाने का प्रयास किया। अंत में उन्होंने स्मार्ट क्लास में नैतिक मूल्यों पर आधारित रोचक कहानियाँ सुनी। स्कूल डायरेक्टर श्रीमती रीटा मुंजाल जी व प्रधानाचार्या श्रीमती अनुराधा जिंदल जी ने सरकार के इस कदम की सराहना की एवं बच्चों के साथ आए अध्यापकों का धन्यवाद किया।

## न्यूज फ्लैश

### हर महिला को जाननी चाहिए सर्वाइकल कैंसर से जुड़ी यह महत्वपूर्ण बातें

**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

**सर्वाइकल** कैंसर गर्भाशय के निचले भाग को प्रभावित करता है और कई बार योनि के ऊपरी भाग तक फैल जाता है। यह स्थिति तब विकसित होती है जब सर्विक्स की सतह पर कोशिकाएं ह्यूमन पैपिलोमावायरस से संक्रमित हो जाती हैं। समय के साथ ये कोशिकाएं असामान्य रूप से बढ़ने लगती हैं, जिससे सर्वाइकल कैंसर हो सकता है। भारत में यह महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर के बाद दूसरा सबसे सामान्य कैंसर है और विश्व स्तर पर यह महिलाओं में दूसरा सबसे अधिक होने वाला कैंसर है। सर्वाइकल कैंसर के शुरूआती चरण में कोई लक्षण दिखाई नहीं देते, लेकिन जैसे-जैसे यह बढ़ता है, इसके लक्षण स्पष्ट होने लगते हैं। इनमें असामान्य रक्तस्राव, जैसे संभोग के बाद, मासिक धर्म के बीच, अत्यधिक मासिक धर्म या रजोनिवृत्ति के बाद रक्तस्राव शामिल हो सकता है। इसके अलावा, योनि से अत्यधिक पानीदार, गंदा, रक्त-मिश्रित या दुर्गंधयुक्त डिस्चार्ज भी हो सकता है। पीठ, पेल्विस या पैरों में दर्द और बिना वजह वजन कम होना या थकान महसूस करना भी इसके अन्य संभावित लक्षण हैं। एंड्रोमेडा कैंसर अस्पताल के रेडिएशन ऑन्कोलॉजी विभाग की वरिष्ठ सलाहकार और प्रमुख, डॉ. आशु यादव ने बताया कि ह्लसर्वाइकल कैंसर आमतौर पर 40 से 55 वर्ष की महिलाओं में विकसित होता है, लेकिन यह कम उम्र में भी हो सकता है। लक्षण तब तक प्रकट नहीं होते जब तक असामान्य कोशिकाएं कैंसर में बदलकर आसपास के ऊतकों में फैलना शुरू नहीं कर देतीं। प्रमुख कारण और जोखिम कारकों में (ह्यूमन पैपिलोमावायरस) संक्रमण, विशेषकर प्रकार 16 और 18 शामिल हैं, जो इस कैंसर का मुख्य कारण हैं। कई यौन साथियों के साथ संबंध बनाने या यौन गतिविधि जल्दी शुरू करने से इस वायरस का खतरा बढ़ जाता है। इसके अलावा, यौन संचारित रोगों जैसे क्लैमिडिया या गोनोरिया का इतिहास, कमजोर इम्यून सिस्टम, पारिवारिक इतिहास और स्क्रीनिंग की कमी भी इसके जोखिम कारक हैं। सर्वाइकल कैंसर का जल्दी पता लगाने के लिए स्क्रीनिंग की जाती है, जिसमें पैप स्मीयर और लढश टेस्ट प्रमुख हैं। 21-29 वर्ष की उम्र में हर तीन साल में पैप स्मीयर और 30-65 वर्ष की उम्र में हर पांच साल में पैप स्मीयर के साथ लढश टेस्ट करवाने की सलाह दी जाती है। यदि जरूरी हो, तो लढश टेस्ट पैप स्मीयर के साथ किया जा सकता है।

### जहरीला पदार्थ निगलने से व्यक्ति की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। शहर के मौहल्ला** भूरीवाल निवासी एक व्यक्ति ने जहरीला पदार्थ निगलने से मौत हो गई। मृतक के बेटे ने एक व्यक्ति पर उसके पिता को प्रताड़ित करने का आरोप लगाया हैं। पुलिस ने मृतक का नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया हैं। शहर निवासी आशीष ने सिटी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह पुराने बस स्टैंड के पास मौहल्ला भूरीवाल में रहता हैं। उसका पुराना मौहल्ला जवाहर नगर है। मेरे पिता शरद कुमार पिछले कुछ समय से चौधरियों वाली गली निवासी शेरपाल की प्रताड़ना से परेशान थे। शेरपाल ने उनके खिलाफ एक चैक का गलत तरीके से मुकदमा दायर करके नाजायज वसूली की थी। जिस नाजायज रकम को चुकाने में पिता असमर्थ थे। फिर भी उसके दवाब में पिता ने कुछ जानकार लोगों व इधर-उधर से पैसे लेकर उसका भुगतान किया था। जिनका हालात, प्रताड़ना व तनाव पिता ने हमें पहले भी बताई थी। इससे परेशान होकर पिता ने 20 जनवरी को जहरीला पदार्थ खा लिया। रात्रि को तबीयत बिगड़ने पर हम पिता शरद कुमार को अरविंद अस्पताल में दाखिल कराया। अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद उनकों रेवाड़ी स्थित विराट अस्पताल में दाखिल कराया। अरविंद अस्पताल में पिता की जेब में उनके हाथ का लिखा हुआ एक सुसाइड नोट डॉक्टर ने अपने पास रख लिया। मरते-मरते पिता शरद कुमार ने उसे व भाई मोहित आदि को बताया की वह शेरपाल द्वारा की गई प्रताड़ना व उसके द्वारा बनाए गए मानसिक दवाब, अवैध वसूली से परेशान होकर जीवन समाप्त करने का कदम उठाया है।

# बाल श्रम: 14 साल की उम्र के दो बच्चों को रेस्क्यू किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**

**पानीपत के असंध** रोड पर गिफ्ट शॉप पर काम कर रहे 14 साल की उम्र के दो बच्चों को एमडीडी ऑफ इंडिया की टीम ने मानव तस्करी विरोधी इकाई के सहयोग से रेसकयू कर बाल कल्याण समिति पानीपत में पेश किया गया। जहां इन दोनों बच्चों की काउंसलिंग की गई और उसके बाद बाल कल्याण समिति द्वारा बच्चों को बाल देखभाल गृह पानीपत में भेज दिया गया।इस कार्रवाई में मानव तस्करी विरोधी इकाई से स्टेट क्राइम ब्रांच इंचार्ज एस आई सुनील कुमार, हैड कांस्टेबल मुकेश चहल, एमडीडी ऑफ इंडिया संस्था से अजय चौहान



मौजूद रहे। एमडीडी ऑफ इंडिया से पीड़ित सहायक समन्वयक अजय चौहान ने बताया कि बाल श्रम एक कानूनन अपराध है और जो कोई भी बच्चों से बाल श्रम करवाता है उसे सजा के साथ जुमार्ना भी हो सकता है। और सभी बच्चों को अनिवार्य शिक्षा अधिनियम के तहत स्कूली शिक्षा उपलब्ध करवाई जानी चाहिए। बाल श्रम से जुड़े अपराधों के लिए भारतीय दंड संहिता, 1860 की धारा 370-374 में सजा का प्रावधान है। बाल श्रम (निषेध और विनियमन) अधिनियम, 1986 के मुताबिक, 14 साल से कम उम्र के बच्चे को किसी कारखाने या खान में काम नहीं कराया जा सकता। अगर कोई व्यक्ति 14 साल से कम उम्र या 14 से 18 साल के बीच के बच्चे को किसी खतरनाक काम में लगाता है, तो उसे एक से छह महीने की जेल हो सकती है या 20,000 से 50,000 रुपये का जुमार्ना हो सकता है। बाल श्रम उन्मूलन के लिए भारत सरकार कई तरह के सरकारी कार्यक्रम चलाती है। अगर किसी को भी बाल श्रम का कोई मामला दिखे, तो उस व्यक्ति को तुरंत श्रम विभाग, मानव तस्करी विरोधी इकाई, बाल कल्याण समिति, जिला प्रशासन या गैर सरकारी संस्थाओं को इसकी जानकारी देनी चाहिए।

# यातायात नियमों का पालन कर खुद के साथ दूसरों को भी सुरक्षित रखें

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़ । राष्ट्रीय** सड़क सुरक्षा माह के तहत थाना सतनाली की पुलिस टीम ने विजय इंटरनेशनल स्कूल बलाना में सेमिनार का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों को यातायात नियमों का पाठ पढ़ाया गया। विद्यार्थियों को लाइसेंस बनवाने संबंधी जानकारी भी दी गई। सड़क दुर्घटनाओं से बचाव के उपाय की जानकारी देने के साथझ्रसाथ हेलमेट व सीट बेल्ट के उपयोग का महत्व भी समझाया। यातायात के नियम में सड़क संकेत, सड़क चिन्ह, चालक द्वारा दिए जाने वाले संकेत और यातायात जवानों द्वारा दिए जाने वाले संकेतों के बारे में बताया गया। विद्यार्थियों को हेलमेट की और सीट बेल्ट की आवश्यकता व उपयोगिता के बारे में बताया। साथ ही अपने परिवार के सदस्यों को इसके लिए प्रेरित करने को कहा गया। वाहन चालकों द्वारा बरती जाने वाली लापरवाही जैसे नशा कर वाहन चलाना, तेज रफ्तार, असुरक्षित ओवरटेक, वाहन चालक के दौरान मोबाइल फोन का उपयोग, थकान में वाहन चलाना, बगैर इंडिकेटर वाहन मोडना, सड़क पर वाहन खड़ा करना आदि सड़क दुर्घटना के प्रमुख कारणों के बारे में जानकारी दी गई।

# नारायणगढ़ में उपमण्ड़ल स्तर पर आयोजित होगा गणतंत्र दिवस

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला/नारायणगढ़: उपमण्डल** स्तर पर अनाज मण्डी नारायणगढ़ में आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह 26 जनवरी के कार्यक्रमों की रिहर्सल नायब तहसीलदार संजीव अत्रि की देख-रेख में अनाज मण्ड़ी में की गई। मार्च पास्ट/परेड की रिहर्सल में राजकीय महाविद्यालय नारायणगढ़ की टुकड़ी का नेतृत्व में रितिका द्वारा, राजकीय मॉडल संस्कृति सीनीयर सैकण्डरी स्कूल नारायणगढ का नेतृत्व हरदीप सिंह ने, राजकीय सीनीयर सैकण्डरी स्कूल पतरेहड़ी का नेतृत्व जसप्रीत सिंह, पीएम श्री राजकीय कन्या सीनीयर सैकण्डरी स्कूल नारायणगढ का नेतृत्व रजविन्द्र कौर, डीएवी सीनीयर सैकण्डरी पब्लिक स्कूल नारायणगढ़ का नेतृत्व प्रियांशी, राजकीय मॉडल संस्कृति सीनीयर सैकण्डरी स्कूल शहजादपुर की एनसीसी की टूकडी का नेतृत्व आदित्य द्वारा किया गया। मार्च पास्ट/परेड की रिर्हसल मुख्याध्यापक सुरेन्द्र धीमान के मार्गदर्शन में की गई। रिहर्सल में एसडी हाई स्कूल नारायणगढ़ के बच्चों द्वारा डम्बल तथा श्रीमद भगवद गीता सीनीयर सैकण्डरी स्कूल नारायणगढ़ के बच्चों द्वारा योगा की बेहतरीन प्रदर्शन किया गया।

# सचिन सिंगला बने कृष्ण पुरा के मंडल अध्यक्ष

**टीम एक्शन ंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**

**नवनियुक्त मंडल** अध्यक्ष सचिन सिंगला को मंडल अध्यक्ष नियुक्त होने पर सभी मंडल के पूर्व में रहे पदाधिकारियों और श्रेष्ठ ओर ज्येष्ठ कार्यकताओं ने नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष का स्वागत किया । सभी मंडल के कार्यकर्ताओं ने मंडल अध्यक्ष को भरोसा दिलाया कि मंडल पहले की भांति अधिक से अधिक कार्यक्रमों में भाग लेता रहेगा । कृष्ण पुरा मंडल लगातार संगठन के काम के प्रति जागरूक रहा और अपना काम समय पर पूरा करता रहा है । पूर्व मंडल अध्यक्ष रहें। राजेश भारद्वाज ने मंडल के सभी कार्यकताओं को साथ लेकर



भाजपा संगठन को मजबूत किया । इस स्वागत समारोह के दौरान सभी मंडल कार्यकताओं ने नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्ष को भरोसा दिलाया कि मंडल कार्यकर्ता आपके साथ मिलकर संगठन को मजबूत करेंगे । इस मौके पर मंडल के सभी पदाधिकारियों ने नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्ष को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया । कृष्ण पुरा मंडल के पूर्व में रहें पांचों मंडल अध्यक्ष पहले डॉक्टर सतबीर रोड़ , दूसरे सतीश सहगल , तीसरे सुनील कंसल , चौथे राजेश भारद्वाज , पांचवें युवा साथी सचिन सिगंला मौके पर मौजूद रहें । इन सभी मंडल अध्यक्षों ने अपने अपने कार्यकाल में संगठन को मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयास किया और मंडल के सभी कार्यकताओं को एक समान समझा । प्रदेश महिला मोर्चा से सुनीता गोयल,वरिष्ठ भाजपा नेता मेघराज गुप्ता ,पार्षद पति जसमेर शर्मा,पार्षद पति अशोक छाबड़ा,समुद्र जागलान,सतीश सहगल,शम्मी मोंगा,युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष आदेश शर्मा,ओ बी सी मोर्चा से राजेंद्र सैन , रमेश सैन अहरिया , तरुण पसरीजा,जतिन झोंका, राजेश शर्मा , प्रदीप योगी , बलवान सरोहा आदि गणमान्य नागरिक मौजूद रहें ।

# नेताजी की जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

**एसडी पीजी कॉलेज पानीपत** की राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के 128वें जन्म एवं पराक्रम दिवस को श्रद्धा और आदर भाव के साथ मनाया । इस अवसर पर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने नेताजी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित किये और उनके प्रति अपने गहरे भावो को व्यक्त किया । इस मौके पर प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा ने विद्यार्थियो को संबोधित किया । उनके साथ एन.एस.एस. प्रोग्राम ऑफिसर डॉ राकेश गर्ग, डॉ एसके वर्मा, डॉ प्रियंका चांदना, डॉ प्रवीण कुमारी, प्रो सविता पुनिया, डॉ रवि कुमार, प्रो मनोज कुमार आदि उपस्थित



रहे । विद्यार्थियो ने सुभाष चन्द्र बोस के जीवन, व्यक्तित्व और उनके द्वारा किये कार्यो को अपने प्राध्यापको से जाना और नेताजी के बताये मार्ग पर चलने का प्रण लिया । बाद में स्वयंसेवकों और छात्र-छात्राओं ने अपने प्राध्यापकों संग देशभक्ति के भाव लिए रैली में हिस्सा लिया । ह्यइन्कलाब जिंदाबादह्व, ह्यशहीद सुभाष चन्द्र बोस अमर रहेह्व, ह्यभारत माता की जयह्व के उदघोष लगाते जब युवा विद्यार्थी कॉलेज से निकले तो उनका जज्बा देखते ही बनता था । डॉ अनुपम अरोड़ा ने कहा कि भारत सुभाष चंद्र बोस की हिम्मत और अंग्रेजो के खिलाफ लड़ाई में उनके अमूल्य योगदान के कर्ज को हम कभी नहीं उतार सकते है । सुभाष चंद्र बोस भारतीयों की उन्नति और कल्याण के लिए सैदेव तत्पर रहे । साहसी स्वतंत्रता सेनानियों और विचारको में नेताजी का नाम सबसे आगे है । वैसे तो देश की आजादी में अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले अनेक महापुरुष हुए हैं परन्तु महात्मा गाँधी के अनुसार सुभाष चन्द्र बोस देशभक्तों के देशभक्त थे । स्वामी विवेकानंद को अपना आर्दश और गाँधी जी से प्रभावित होकर सुभाष ने अपनी प्रतिष्ठित नौकरी को छोङकर असहयोग आंदोलन में शामिल होना पसंद किया।

# न्यायालय परिसर में किया गया रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**

**राष्ट्रीय मतदाता** दिवस के अवसर पर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने कॉलेज लेवल रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन बुधवार को एडीआर हाल न्यायालय परिसर में किया । पानीपत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुदेश कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में सीजेएम सह सचिव ने प्रतियोगिता का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से कर आकर्षक रंगोलियों का अवलोकन करते हुए युवाओं को मतदान के संवैधानिक अधिकार के इस्तेमाल के लिए प्रेरित किया। सीजेएम मीनू ने बच्चों को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने तथा डिजिटल फ्रॉड से समझ रखने की बात कही।
निर्वाचन तहसीलदार सुदेश राणा ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की।
जिला निर्वाचन आयोग पानीपत एवं जिला विकास प्राधिकरण के इस संयुक्त कार्यक्रम में जिला कॉर्डिनेटर डा हितेश चंद शर्मा ने सभी प्रतिभागियों सहित न्यायिक अधिकारी एवं स्टाफ सदस्यों को मतदान की शपथ भी दिलाई।
रंगोली प्रतियोगिता में एसडी पीजी कॉलेज प्रथम, आईबी पीजी कॉलेज द्वितीय, आर्या पीजी कॉलेज को तृतीय स्थान मिला।

# राई हलके के नव-नियुक्त मण्डल अध्यक्षों ने विधायक कृष्णा गहलावत से की मुलाकात

**टीम एक्शन इंडिया**

**राई । राई हलके** के नव-नियुक्त मण्डल अध्यक्षों ने गुरूवार को विधायक कृष्णा गहलावत के कार्यालय में पहुंचकर आभार जताया। विधायक ने चारों मण्डल अध्यक्षों का शॉल और बुक्के देकर स्वागत किया और उनको शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि भाजपा एक ऐसी पार्टी है जो अपने कार्यकर्ता को सबसे ऊपर मानते हुए हमेशा उसका मान सम्मान करती है आज आप लोगों की मेहनत का ही परिणाम है कि पार्टी ने आपको मण्डल अध्यक्ष बनाया है। उन्होंने नव-



नियुक्त मुरथल मण्डल के अध्यक्ष विकास कौशिक, जाखौली मण्डल के अध्यक्ष शेखर आंतिल, कुण्डली मण्डल के अध्यक्ष इंद्र चौहान तथा नाहरी मण्डल के अध्यक्ष वेदपाल शास्त्री को आशीर्वाद देते हुए कहा कि पार्टी कार्यकताओं की मेहनत के कारण ही प्रदेश में भाजपा ने इतिहास रचते हुए तीसरी बार पूर्ण बहुमत से सरकार बनाने का कार्य किया है।

# एसआरएम विवि व आईआईटी दिल्ली के बीच एमओयू साइन हुआ

**टीम एक्शन इंडिया**

**राई।** राजीव गांधी एजुकेशन सोसाइटी स्थित एसआरएम विश्वविद्यालय व आईआईटी दिल्ली के बीच रिसर्च, ट्रेनिंग, एक्सपर्ट लेक्चर सर्विस को लेकर एम ओ यू साइन हुआ । अब एसआरएम विश्वविद्यालय व आईआईटी दिल्ली आपस में एक दूसरे के रिसोर्स प्रयोग कर सकेंगे। जिसमें आईआईटी दिल्ली स्थित फ्लोरेंस माइक्रोस्कोपी, स्पेक्ट्रोस्कोपी, 300 के वी,क्रायो-इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोप जैसे उत्कृष्ट उपकरण भी शामिल है क कार्यक्रम की अध्यक्षता एसआरएम समूह के अध्यक्ष डॉ. रवि पचामुथू ने की । उन्होंने



कहा कि एसआरएम समूह सदैव ही छात्रों व रिसर्च स्कॉलर्स को उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है, भविष्य में ऐसे एम ओ यू और भी साइन भी किए जाएंगे क कुलपति ने भी उत्कृष्ट शिक्षा प्रणाली पर जोर दिया क एसआरएम के रजिस्ट्रार व डीन एकेडमिक डॉ. वी. सैम्यूल राज ने समूह की तरफ से एम ओ यू पर साइन किया। आईआईटी दिल्ली की ओर से डायरेक्टर प्रोफेसर समीर सपरा ने समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किए कउन्होंने कहा कि अब विश्वविद्यालय के छात्रों के लिए

**समझौता**

**▶▶ अब एसआरएम विश्वविद्यालय व आईआईटी दिल्ली आपस में एक दूसरे के रिसोर्स प्रयोग कर सकेंगे**

रिसर्च के नए द्वार खुलेंगे व छात्र रिसर्च व ट्रेनिंग से नए आयाम स्थापित कर सकेंगे कसंसाधन साझाकरण, अनुसंधान सहयोग और क्षमता निर्माण के लिए साथी आईआईटीडी और एसआरएम विश्वविद्यालय के बीच एक सहयोगी ढांचा स्थापित करना है। साथी फाउंडेशन की पहल के तहत स्थापित उन्नत अनुसंधान सुविधाओं का इष्टतम उपयोग सुनिश्चित करने के लिए साथी फाउंडेशन आईआईटी दिल्ली में फ्लोरोसेंस माइक्रोस्कोपी, स्पेक्ट्रोस्कोपी, 300 के वी क्रायो-इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोप और अन्य बुनियादी ढांचे जैसे परिष्कृत उपकरणों तक पहुंच शामिल है। उन्होंने कहा कि शिक्षा जगत, उद्योग और अंतर्राष्ट्रीय सहयोगियों के साथ सहयोग के माध्यम से अनुसंधान परियोजनाओं को संयुक्त रूप से आगे बढ़ाना और नवाचार को बढ़ावा दिया जाएगा । इस मौके पर एसआरएम विश्वविद्यालय से डॉ. संजय विश्वनाथन, डॉ. रामेंद्र पांडेय आदि उपस्थित रहे।

# ब्रह्म प्रकाश बुलाकी भाजपा में हुए शामिल, प्रदेश अध्यक्ष ने किया पटका पहनाकर स्वागत






**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली की प्रसिद्ध श्री गुरू रविदास जन्मोत्सव कमेटी के अध्यक्ष एवं सामाजिक कार्यकर्ता ब्रह्म प्रकाश बुलाकी गुरूवार को प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा की उपस्थिति में भाजपा में शामिल हुए। बुलाकी के नेतृत्व वाली कमेटी हर वर्ष लाल किले से करोल बाग तक श्री गुरू रविदास शोभा यात्रा निकालती है।

उन्होने भाजपा में शामिल होने पर कहा की हम श्री रविदास जी के अनुनाई आज महसूस करते हैं कि अरविंद केजरीवाल सरकार ने गत दस साल में गरीबों को विकास, शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाओं से भी वंचित रखा है जबकि मोदी सरकार ने हर पिछड़े वर्ग को आगे बढ़ने के अवसर एवं संसाधन दिये हैं। प्रदेश कार्यालय में कालका जी, गांधी नगर, आर.के. पुरम एवं दिल्ली कैंट से सैकड़ों की संख्या में आम आदमी पार्टी एवं कांग्रेस के महत्वपूर्ण पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हु। वीरेन्द्र सचदेवा, सांसद बांसुरी स्वराज ने वरिष्ठ नेता एवं विधानसभा प्रत्याशी रमेश बिधूड़ी, सरदार अरविंद्र सिंह लवली, अनिल शर्मा एवं भुवन तंवर, प्रदेश मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर, पार्टी ज्वाइनिंग कमेटी सदस्य एवं पूर्व विधायक नितिन त्यागी की उपस्थिती में पार्टी पटके पहना कर भाजपा परिवार में शामिल किया। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा की दिल्ली में आज अरविंद केजरीवाल के विरूद्ध बहुत भयंकर एंटी इनकमबेंसी है और जनता भाजपा को चुनने का मन बना चुकी हैं। शीशमहल निर्माण, शराब घोटाले से लेकर मोहल्ला क्लीनिक एवं क्लास रूम घोटाले तक में घिरी केजरीवाल सरकार के मुखिया आज जनता के बीच जाने से डर रहे हैं। जिस तरह की लहर आज आप के विरुद्ध चल रही है उसके चलते केजरीवल दल के लिए डबल डिजीट में पहुंचना भी नामुमकिन लग रहा है। भाजपा में शामिल होने वालों में प्रमुखः कालका जी विधानसभा से आप की दिल्ली प्रदेश उपाध्यक्ष उमा भोगाल, नीरज सिंह, रवि भोगल, अधिवक्ता पूनम सिंह जिन्होने 3017 एवं 2022 में निगम चुनाव लड़ा था, मंदिर कमेटी सचिव नवरतन मैनी, ममता व पूजा अरोड़ा एवं सैकड़ों कार्यकर्ता।

गांधी नगर विधानसभा से लगभग 700 आप एवं कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के साथ ही स्थानीय धार्मिक संस्थाओं के पदाधिकारी जिनमे प्रमुख थे राखी शर्मा, राजेश शर्मा, अंकुर जैन, राशिद अली, महेश चौहान, सोनू श्रीवास्तव, संतोष झा, सुमन नैयर, विकास सूद, प्रदीप ढींगरा, अश्वनी सब्बरवाल, तिलक सहगल, मनमोहन शर्मा, विकास जैन, राजेश शर्मा, प्रदीप जैन, विजय तनेजा, मनीष अग्रवाल, नितिन शर्मा, इमरान सोलंकी आदि।

## वजीरपुर सीट पर खिलेगा कमल, लोगों में है भाजपा को लेकर उत्साह: उटवाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: भाजपा नेता** संजय उटवाल ने कहा कि इस बार जनता भाजपा के साथ है। हम जहां पर भी जनसंपर्क के लिए जा रहे है, वहां पर जनता भाजपा का साथ देने की बात कह रही है।

भाजपा नेता संजय उटवाल ने कहा कि वजीरपुर सीट से भाजपा उम्मीदवार पूनम शर्मा भारद्वाज भारी मतों से विजयी होगी। क्योंकि इन्होंने पार्षद रहते हुए अशोक विहार क्षेत्र में विकास ही विकास करके दिखाया है। उन्होंने आगे बताया कि मैं सभी कार्यकर्ताओं से कहना चाहता हूं कि सभी कार्यकर्ता एक्टिव होकर कार्य करें और भाजपा की नीतियों और भाजपा के कार्य को जन-जन तक पहुंचाये, जिससे की जनता भाजपा के कार्यों को बेहतर से तरीके से जान सके। उन्होंने बताया कि भाजपा हमेशा ही जनहित में कार्य करती है, क्योंकि भाजपा जनता के साथ रहती है। यही कारण है कि देश के कोने-कोने में भाजपा का सिपाही मौजूद है और लोगों की निःस्वार्थ भाव से सेवा करें।



**संजय ने कहा**

**भारतीय जनता पार्टी हमेशा ही जनहित में कार्य करती है, क्योंकि भाजपा जनता के साथ रहती है।**

## केंद्र ने पीएम विश्वकर्मा के सौ लाभार्थियों को गणतंत्र दिवस परेड में विशेष अतिथि के रूप में किया आमंत्रित

**नई दिल्ली। केंद्र सरकार** ने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के लाभार्थियों को विशेष सम्मान दिया है। सरकार ने 100 लाभार्थियों को राजधानी नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर 26 जनवरी को आयोजित गणतंत्र दिवस परेड देखने के लिए आमंत्रित किया है। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्रालय ने गुरुवार को जारी बयान में बताया कि पीएम विश्वकर्मा के 100 लाभार्थियों को नई दिल्ली में कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस परेड-2025 देखने के लिए विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रण किया गया है। रक्षा मंत्रालय ने पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत लाभार्थियों को सशक्त और प्रोत्साहित करने के लिए विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया है। मंत्रालय के मुताबिक गणतंत्र दिवस समारोह में पीएम विश्वकर्मा के 100 लाभार्थी अपने जीवनसाथी के साथ शामिल हो रहे हैं। इन लाभार्थियों में से 37 लाभार्थी महिलाएं हैं। ये लाभार्थी पूर्वोत्तर राज्यों और 4 केंद्र शासित प्रदेशों सहित विभिन्न राज्यों के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों से हैं। इनमें से कुछ आकांक्षी जिलों से संबंधित भी हैं।

उल्लेखनीय है कि पीएम विश्वकर्मा का उद्देश्य विश्वकर्माओं को कई तरह लाभ प्रदान करना है, जो या तो स्वरोजगार कर रहे हैं या स्वयं का लघु-स्तरीय उद्यम स्थापित करना चाहते हैं।

## भारी मतों से विजयी होगें भाजपा प्रत्याशी अशोक गोयल: अनिल यादव

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: भाजपा चांदनी** चौक जिला पूर्वांचल मोर्चा के अध्यक्ष अनिल यादव ने कहा कि हम जनसंपर्क के दौरान जहां पर भी जा रहे है, वहां की जनता भाजपा के समर्थन की बात कर रही है। क्योंकि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सभी के हित में कार्य करती है। उन्होंने आगे बताया कि आज जो आप देश में विकास देख रहे है, उसका श्रेय केवल भारतीय जनता पार्टी को जाता है। क्योंकि भाजपा जो कहती है वह करके दिखाती है। उन्होंने आगे बताया कि भाजपा प्रत्याशी अशोक गोयल बड़े ही मिलनसार व लोगों की मदद करने वाले व्यक्ति है। यही कारण है कि स्लम में भी भाजपा का जलवा इस बार पहले से बेहतर देखने को मिलेगा। उन्होंने आगे बताया कि आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता को केवल गुमराह करने का कार्य किया है। जो वादे आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता से किये थे, वह भी पूरे नहीं हुए है, जिसके चलते लोगों को कई समस्याओं से जूझना पड़ता है। उन्होंने आगे यह बताया कि क्षेत्र में गंदा पानी आने की वजह से जहां एक और लोगों को पेट से संबंधित बिमारियां हो रही है, वहीं लोगों को त्वचा रोग की भी समस्या से जूझना पड़ रहा है। उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा कि आप सभी भाजपा को मॉडल टाउन सीट से विजयी बनाये और क्षेत्र में सुन्दर सड़के, शुद्ध जल और विकास ही विकास पाये।



# वजीरपुर औद्योगिक क्षेत्र में इन्द्रजीत यादव की अगुवाई में हुई कांग्रेस पार्टी की जनसभा







**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: वजीरपुर** विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता और पूर्वांचल की बेटी रागिनी नायक के समर्थन में वजीरपुर औद्योगिक क्षेत्र मछली मार्केट में सभा का आयोजन किया गया। सभा का आयोजन पूर्वांचल नेता इन्द्रजीत यादव ने किया। इस मौके पर उत्तर प्रदेश के पूर्व अध्यक्ष अजय सिंह लल्लू और दलित परिसंघ एवं अखिल भारतीय कामगार कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व सांसद उदित राज ने गंभीर विषयों पर जनता को संबोधित किया और जनता की ओर से तालियां बजाकर समर्थन किया गया। इस मौके पर इन्द्रजीत यादव ने जनता से अपील करते हुए कहा कि आप सभी कांग्रेस का समर्थन करें। क्योंकि कांग्रेस पार्टी जो कहती है, वह करके दिखाती है। इस दौरान स्वर्गीय दीपचंद बंधु जी एवं आधुनिक दिल्ली की शिल्पकार स्वर्गीय शीला दीक्षित की प्रतिमा पर पुष्प अर्पण कर उन्हें नमन किया गया। इस मौके पर कांग्रेस नेता अशोक बसौया, जनेश भडाना, इन्द्रजीत यादव सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

## नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती पर श्रद्धा सुमन किये अर्पित



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: आजाद** हिंद फौज के संस्थापक अदम्य साहसी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए बलवीर नगर में स्थित श्री गोवर्धन विद्या निकेतन के विद्यार्थियों एवं अध्यापकों द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

## पत्रकारों के लिए बेहतर माहौल बनाने के लिए एनयूजेआई संघर्ष करेगी तेज

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** देश के सबसे बड़े पत्रकार संगठन नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स इंडिया का 53वां स्थापना दिवस बड़ी घूमधाम से दिल्ली के जंतर-मंतर स्थित केंद्रीय कार्यालय में मनाया गया। इस मौके पर एनयूजेआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष रास बिहारी ने आपातकाल के दौरान संगठन की भूमिका पर विस्तृत प्रकाश डाला। रास बिहारी ने कहा कि पत्रकारों और उनके अधिकारों की सुरक्षा के लिए हम लगातार सरकार से मांग करते रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारी प्रमुख मांगों में पत्रकार सुरक्षा अधिनियम, मीडिया आयोग का गठन, पत्रकारों के राष्ट्रीय रजिस्टर प्रमुख है। एनयूजेआई और इससे संबंद्ध राज्य इकाइयां पत्रकारिता में नई प्रौद्योगिकियों की चुनौतियों का सामना करने में मदद करने, पत्रकारों को नई प्रौद्योगिकियों से परिचित कराने, उनके पेशेवर कौशल में सुधार करने के लिए अक्सर कार्यशालाएं, सेमिनार, चचाएं आयोजित करती रही हैं। उन्होंने कहा कि एनयूजेआई हमेशा संपादकीय स्वतंत्रता की पक्षधर रही है।

## रेलवे ने उत्कृष्ट सेवाओं के लिए कर्मचारियों को किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली। उत्तर रेलवे ने** अपना 69वां रेल सप्ताह राष्ट्रीय रेल संग्रहालय, चाणक्यपुरी, नई दिल्ली में एक भव्य पुरस्कार समारोह के आयोजन के साथ मनाया।

इस अवसर पर उत्तर रेलवे अपर महाप्रबंधक मोहित चंद्रा, विभिन्न विभागों के सभी प्रमुख विभागाध्यक्ष, वरिष्ठ रेल अधिकारी और कर्मचारी, तथा यूनियनों, एसोसिएशन और फेडरेशन के सदस्य उपस्थित थे।

## केजरीवाल के राज में नर्क की गर्त में राजधानी दिल्ली : विजेंद्र सिंह

# केजरीवाल की सारी चुनावी योजनाएं है फर्जी: विजेंद्र सिंह



**टीम एक्शन इंडिया/महेन्द्र सिंह**
**नई दिल्ली: जैसा की** सभी को मालूमात है कि दिल्ली विधानसभा चुनाव को अब चंद ही दिन शेष बचे है और ऐसे में सभी राजनैतिक घटक दलों के प्रत्याशी जोरो-शोरों से प्रचार-प्रसार कर अपनी-अपनी पार्टियों के काम गिनवा रहा है तो कोई पार्टियों के मैनिफेस्टों की योजनाओं से दिल्ली वासियों को मिलने वाली तमाम सुविधाएं बताकर अपने लिए वोट बैंक तैयार कर रहा है।

**2100 वाली योजना है बोगस:** इसी कड़ी में बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले झड़ोदा वार्ड स्थित मिलन विहार में रहने वाले व दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष चौधरी विजेंद्र सिंह ने केजरीवाल की 2100 वाली योजना को पूरी तरह से फर्जी बताते हुए कहा है कि दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की सारी योजनाएं बौगस है, जो कि केवल दिल्ली की सीट को पुनः हथियाने के षड़यंत्र के तहत बनाई गई है।

उन्होंने कहा कि आप नेताओं के द्वारा दिल्ली में जगह-जगह इनके कार्यकर्ताओं द्वारा जो 2100 रूपए महिला सम्मान के लिए फार्म भरवाए जा रहे है, जिसके लिए उन महिलाओं से केवल वोटर कार्ड ही मांगे जा रहे है,अब केजरीवाल इस बात का जवाब दें कि केवल पहचान पत्र से उन महिलाओं के बैंक अकांउट में पैसे कैसे भेजे जाएंगे। उन्होंने कहा कि केजरीवाल दिल्ली की भोली भाली महिलाओं को बेवकूफ बनाने का कृत्य कर रहे है।



**केजरीवाल ने दिल्ली को बनाया नशे का हब:** चौधरी विजेंद्र सिंह ने कहा कि जब से दिल्ली में अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी की सरकार आई है तब से दिल्ली का बेड़ागर्क हुआ है, रही बात विकास की तो केजरीवाल ने दिल्ली में ऐसा कोई काम ही नहीं किया है जिसे दिल्ली वासी याद रख सकें और पुनः 'आप' को वोट देकर उनकी सरकार बनाएं। विजेंद्र ने कहा कि पंजाब में सरकार बनाने से पहले केजरीवाल ने पंजाब के लोगों से यह कहते हुए वोट मांगे थे कि पंजाब में अगर आम आदमी पार्टी की सरकार बनती है तो पंजाब को नशा मुक्त कर देंगे, पंजाब को नशामुक्त करवाने वाले केजरीवाल ने दिल्ली के प्रत्येक युवाओं के हाथ में शराब की बोतलें थमा दी और उन गरीब लोगों के घर तबाह करने के लिए एक के साथ एक बोतल थमा दी।

**कांग्रेस के बाद से दिल्ली का विकास उतरा पटरी से:** चौधरी विजेंद्र सिंह ने कहा कि साल 2014 के बाद से ही दिल्ली में सारे विकास कार्य बंद हुए है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल सरकार द्वारा कोई नया कार्य नहीं किया गया है केजरीवाल कांग्रेस के शासन काल में हुए विकास को अपना कार्य बताकर दिल्ली के लोगों को गुमराह करने का काम कर रहे है, लेकिन दिल्ली के लोगों को भली भांति ज्ञात है कि तत्कालीन दिवंगत पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित ने ही दिल्ली में विकास कार्यों की झड़ी लगाकर दिल्ली को तमाम सुख-सुविधाओं से लैस किया था।

**'आप' राज में बुराड़ी में न सुख न सुविधा, विकास जीरों:** चौधरी विजेंद्र सिंह ने कहा कि पिछले 11 सालों से बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र में विकास केवल कागज़ों में ही सिमट कर रह गया है, जमीनी स्तर पर विकास तो क्षेत्र से नदारद ही नज़र आता है। उन्होंने कहा कि आप के विधायक संजीव झा के कार्यकाल में बुराड़ी विधानसभा में एक भी दिल्ली सरकार का स्कूल नहीं बनाया गया है और जो स्कूल बना है उसमें भी तमाम भ्रष्टाचार किया गया है। उन्होंने कहा कि स्कूल में बने शौचालयों को भी क्लासरूम बताकर बड़ा भ्रष्टाचार किया गया है।

**अपने मुहं मियां मिट्ठू बन बैठे विधायक:** चौधरी विजेंद्र सिंह ने बताया कि बुराड़ी क्षेत्र की जनता को आप सरकार व विधायक संजीव झा ने पानी की बूंद-बूंद के लिए भी तरसा दिया है।





# गणतंत्र दिवस से वर्ष भर अनवरत चलने वाले कार्यक्रमों की शुरू होगी श्रृंखला

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा।** कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना की अध्यक्षता में गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के दृष्टिगत बैठक हुई संपन्न। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व योगानंद पांडेय, अपर जिलाधिकारी प्रशासन विजय शंकर दुबे, नगर मजिस्ट्रेट राकेश कुमार, डिप्टी कलेक्टर कंचन, बेसिक शिक्षा अधिकारी सुनील दत्त, जिला विद्यालय निरीक्षक रविन्द्र सिंह, जिला विकास अधिकारी गरिमा खरे, परियोजना निदेशक अरुण कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी विकास चंद्र,



जिला क्रीड़ा अधिकारी राकेश कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। मुख्य विकास अधिकारी ने नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायतों एवं ग्राम पंचायतों में उत्कृष्ट साफ सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सभी स्थानों पर साज सज्जा, सजावट व साफ-सफाई का विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने समस्त कार्यालयों में साफ-सफाई व साज सज्जा के निर्देश दिए। समस्त खंड विकास अधिकारी अपने अपने क्षेत्रों में अमृत सरोवरों व शहीद

**बल**

▶▶ आगामी गणतंत्र दिवस समारोह में संविधान के अंगीकरण के 75 वर्ष पूर्ण होने के तथ्य पर बल दिया जाएगा

स्मारकों पर झंडा रोहण कराए। जिला प्रोबेशन अधिकारी वृद्धा आश्रमों में फल व मिठाई का वितरण सुनिश्चित करे। उन्होंने बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक को प्रभात फेरी, रंगोली, वाद विवाद, क्विज, पोस्टर मेकिंग, पेंटिंग आदि प्रतियोगिता को आयोजित कराने के निर्देश दिए। जिला क्रीड़ा अधिकारी को विशाल रैली आयोजित करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि स्वतंत्रता के अमृत काल में सम्पूर्ण जनपद में वर्ष पर्यन्त हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान की टैगलाइन के अन्तर्गत अभियान के रूप में विविध कार्यक्रम उत्सव के रूप में आयोजित किए जाएंगे। आगामी गणतंत्र दिवस समारोह में संविधान के अंगीकरण के 75 वर्ष पूर्ण होने के तथ्य पर बल दिया जाएगा। सभी ग्राम पंचायतों की ग्राम सभाओं में जीवित स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को सम्मानित किया जाएगा

# नगर आयुक्त ने छटीकरा से विद्यापीठ तक किया निरीक्षण

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा।** नगर आयुक्त ने सफाई अभियान में सम्मिलित होकर वृंदावन के छटीकरा से विद्यापीठ चौराहे तक सड़कों पर पैदल भ्रमण कर जलभराव, प्रकाष एवं स्वच्छता के कार्यों का निरीक्षण किया गया। वृंदावन स्थित छटीकरा से विधापीठ चौराहा तक नगर आयुक्त शशांक चौधरी ने प्रातःकाल से सायंकाल तक विशेष सफाई अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान रोड के किनारे स्थित जल भराव, नालों की सफाई, सफाई व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, वेन्डिंग जोन स्थापित किया जाना, सड़क किनारे ई-रिक्षा, ऑटो स्टेण्ड स्थापित किया जाना, स्विपिंग मशीनरी का उपयोग करते हुए रोड किनारे उगे हुए घास आदि को साफ कराया गया सीवर सैक्शन मशीन से रोड साइड वाटर लॉगिंग समाप्त कराया गया। इसी के साथ जेसीवी, टैक्टरों के



माध्यम से कूड़ा उठवाया गया। साथ ही संबधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि सम्पूर्ण मार्ग को मॉर्डन रोड बनाए जाने के लिए उच्च स्तरीय कार्यवाही की जाए। वृन्दावन नगर में बड़ी संख्या में प्रतिदिन श्रद्धालु दर्शनार्थ आते है, इसलिए नगर निगम द्वारा मूलभूत सुविधाओं उपलब्ध करायी जाये। वीवीआईपी मार्ग के अलावा सभी प्रमुख मंदिरों के आसपास परिक्रमा मार्ग में सफाई कार्य उच्चकोटि का रहना चाहिए इसके लिए कई टीम सफाई के लिए बना दी गई है। इस दौरान उप सभापति मुकेश सारस्वत, अपर नगर आयुक्त सीपी पाठक, सहायक नगर आयुक्त अनुज कौशिक, अधिशासी अभियंता राम कैलाश, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गोपाल गर्ग, क्षेत्रीय स्वास्थ्य अधिकारी महेश चंद आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### केंट आरओ सिस्टम्स लिमिटेड ने सेबी के पास दायर किया डीआरएचपी

**नोएडा । केंट आर** ओ सिस्टम्स लिमिटेड (कंपनी) ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (ह्लडीआरएचपीह्व) दाखिल किया है। कंपनी आरंभिक सार्वजनिक पेशकश के जरिये इक्विटी शेयर पूंजी की पेशकश के माध्यम से धन जुटाने की योजना बना रही है। कुल पेशकश में प्रमोटर सेलिंग शेयरहोल्डर्स द्वारा 1 रुपये प्रति शेयर अंकित मूल्य वाले 10,094,568 इक्विटी शेयरों तक की ह्यबिक्री के लिए पेशकशह्व शामिल है। ब्रांड केंट अच्छी तरह से स्थापित है और भारत में वाटर प्यूरीफायर उत्पाद श्रेणी में रिवर्स ऑस्मोसिस (आरओ) तकनीक शुरू करने में अग्रणी के रूप में पहचाना जाता है। (स्त्रोतः टेक्नोपैक रिपोर्ट)। पिछले कुछ वर्षों में, कंपनी ने वाटर प्यूरीफायर उत्पाद श्रेणी में अपनी उत्पाद रेंज का विस्तार किया है, जो 30 सितंबर, 2024 तक 5.50 मिलियन से अधिक उपभोक्ताओं को सेवा प्रदान कर रही है। मोतीलाल ओसवाल इन्वेस्टमेंट एडवाइजर्स लिमिटेड और जेएम फाइनेंशियल लिमिटेड इस इश्यू के बुक रनिंग लीड मैनेजर (बीआरएलएम) हैं।

### अंतरराष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद की पवित्र महासंगम यात्रा, हर घर में ज्योतिर्लिंग दर्शन का धार्मिक महाअभियान




**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद द्वारा पवित्र महासंगम यात्रा का योजन किया जा रहा है। जिसका शुभारंभ 23 जनवरी को दोपहर 12:00 बजे दिल्ली के 69, साउथ एवेन्यू से किया जा रहा है। इस यात्रा को हरी झंडी मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव श्री तरुण चुग जी द्वारा दिखाई जायेगी। भारतीय धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर को पुनः जीवंत करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। इस यात्रा का उद्देश्य भारतीय धर्म और संस्कृति की महिमा को हर घर तक पहुँचाना, 12 ज्योतिलिंगों के दर्शन करना, धार्मिक स्थलों को आध्यात्मिक केंद्रों के रूप में स्थापित करना है, और महा शिवरात्रि के अवसर पर 108 शिव मंदिरों में त्रिशूलों को शक्ति केंद्र के रूप में स्थापित करके इसे संपन्न किया जाएगा। यह यात्रा न केवल भक्ति के रस से भक्तों को जोड़ने का प्रयास है, बल्कि यह समाज में एकता और समृद्धि की भावना भी उत्पन्न करेगी। श्री दीप सिहाग सिसाय, राष्ट्रीय महामंत्री, क्टढउ एवं संयोजक महासंगम यात्रा, ने कहा, "यह यात्रा केवल एक धार्मिक यात्रा नहीं है, बल्कि एक आध्यात्मिक आंदोलन है जो देशभर में भक्ति की एक नई लहर पैदा करेगी। हम चाहते हैं कि लोग इस यात्रा के माध्यम से अपनी धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर को पहचानें और सम्मानित करें।" इस यात्रा का समाज पर गहरा प्रभाव पड़ेगा। यह न केवल लोगों को भक्ति और धर्म से जोड़ने का काम करेगी, बल्कि भारतीय संस्कृति और परंपराओं को पुनः स्थापित करने का भी एक प्रयास है। समाज में एकता, सामूहिकता और सांस्कृतिक विविधता को बढ़ावा देने के लिए यह यात्रा अहम साबित होगी। यह यात्रा धर्म और आस्था के नए आयाम को प्रस्तुत करेगी और लोगों के मन में धार्मिक स्थलों के प्रति गहरी श्रद्धा उत्पन्न करेगी। महासंगम यात्रा, भारतीय संस्कृति और धार्मिक जीवन के सम्मान को पुनः स्थापित करने का प्रयास है, जो हमें अपने गौरवपूर्ण अतीत से जोड़ते हुए एक उज्जवल भविष्य की ओर ले जाएगी।

# एक किलो 160 ग्राम नशीला पाउडर के साथ दो युवक पकड़े

**मथुरा।** शहर कोतवाली क्षेत्र से पुलिस ने दो युवकों को नशीला पाउडर रखने के आरोप में गिरफ्तार किया है। इनके पास से एक किलो 160 ग्राम नशीला पाउडर वह कुल दो लाख 20 हजार रुपए बरामद हुए हैं। चैकिंग के दौरान दिलावर खान पुत्र ईलियास खान उर्फ ईल्ला निवासी ग्राम नगला इमाम खान थाना बरसाना जनपद मथुरा व साजिद उर्फ शाहिद पुत्र गनी निवासी गढी दिलावटी थाना कामा जनपद भरजपुर (राजस्थान) को मिड़ासाइन होटल से दिल्ली की ओर सर्विस रोड़ से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त दिलावर खान के

# देश में उपचार के अभाव में सात करोड़ नेत्रहीन: कैलाश सत्यार्थी

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा।** मथुरा में उत्तर भारत का सर्वश्रेष्ठ नेत्र चिकित्सा संस्थान संकल्प के दम पर तैयार हुआ है। किसी के जीवन में प्रकाश भरने से बड़ा कोई पुण्य नहीं। 200 बैड की क्षमता वाला यह संस्थान उत्तरोत्तर प्रगति करेगा। यह बातें गोवर्धन रोड पर नव निर्मित कल्याणं करोति नेत्र संस्थान के शुभारंभ अवसर पर अतिथियों ने व्यक्त किए। मुख्य अतिथि नोबेल शांति पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी ने कहा कि शास्त्रों में उल्लेख है कि तुम 100 हाथों से कमाओ और हजार हाथ से दान करो। संस्थान सचिव सुनील शर्मा ने जो सपना देखा उसे साकार किया। वह एक लाख शरीरों को



संसार से जोड़ने का काम पूरा कर चुके हैं। सात करोड़ लोग नेत्र हीन हैं। इनमें से 80 फीसद को उपचार मिला होता तो वह भी दुनिया देख पाते। कल्याणं करोति के इस यज्ञ की रोशनी से लाखों लोग लाभान्वित होंगे। यह नेत्र संस्थान शोध संस्थान बनेगा ताकि दुनिया को लाभ हो। डीआईजी शैलेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि प्रकृति सृष्टि की अनूठी कृति है लेकिन इसका आनंद बगैर नेत्रों के नहीं

**मील का पत्थर**

▶▶ इस क्षेत्र में कल्याणं करोति का यह नैत्र संस्थान समूचे भारत के लिए मील का पत्थर साबित होगा

लिया जा सकता है। इस क्षेत्र में कल्याणं करोति का यह नैत्र संस्थान समूचे भारत के लिए मील का पत्थर साबित होगा। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान गणेश के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर किया। संचालन करते हुए समाज के हर वर्ग के सहयोगियों का आभार संस्थान सचिव सुनील कुमार शर्मा ने जताया। कार्यक्रम में ओम प्रकाश धानुका कोलकाता, नयन दलाल यूएसए, अदिश जैन यूएसए, उमाकांत अग्रवाल, धनेश मित्तल, कल्याण दास अग्रवाल, दीनानाथ अग्रवाल, बीड़ी अग्रवाल, राजेश उनेहिया, राधेश्याम सिंघल, आनंद अग्रवाल, कृष्ण कुमार खण्डेलवाल, रवि मेहरा, अतुल शर्मा वैद्यनाथ, ललित अरोड़ा, ललित ग्रोवर मुम्बई, मीना उमेश शाह, मूलचंद गर्ग, हृदेश शर्मा, प्रवीण भारद्वाज, कन्हैया अग्रवाल, सात्विक उपाध्याय, ब्रजेश शर्मा, प्रीतम चौधरी, केके खण्डेलवाल, निरूपण भार्गव, ज्ञानेंद्र राणा, आनंद शर्मा के देश विदेश व जनपद के अनेक गणमान्य जन मौजूद रहे।

# होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने लॉन्च किया नया 2025 एक्टिवाडीएम ने किया जिला अस्पताल का निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**

**करनाल। होंडा मोटरसा**इकिल एंड स्कूटर इंडिया ने आज भारत के सबसे लोकप्रिय स्कूटर एक्टिवा का नया OBD2B- अनुपालन संस्करण लॉन्च किया, जो तकनीक, सुविधा और स्थिरता के अगले स्तर तक पहुंचाता है। नए फीचर्स से लैस यह अपडेटेड एक्टिवा ग्राहकों की बदलती जरूरतों को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है। नई 2025 होंडा एक्टिवा की कीमतें 80,950 रुपये (एक्स-शोरूम दिल्ली) से शुरू होती हैं। नए एक्टिवा को पेश करते हुए होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया के प्रबंध निदेशक, प्रेजिडेंट एंड सीईओ, श्री त्सुत्सुमु ओटानी ने कहा, ह्लएक्टिवा हमेशा से भारतीय ग्राहकों के लिए मोबिलिटी को फिर से परिभाषित करने में अग्रणी रहा है। अपने नवीनतम 2025 संस्करण के साथ, यह नवाचार, सुविधा और विश्वसनीयता का आदर्श मिश्रण बना हुआ है, जिसने इसे भारत का सबसे पसंदीदा स्कूटर बनाया है। TFT डिस्प्ले के साथ ब्लूटूथ कनेक्टिविटी और OBD2B-A³fb´ff»f³f इंजन का समावेश तकनीक और स्थिरता के मामले में आगे रहने की हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ता है। हमें विश्वास है कि नया एक्टिवा न केवल हमारे ग्राहकों के राइडिंग अनुभव को बेहतर बनाएगा बल्कि भारतीय स्कूटर बाजार में होंडा की अग्रणी स्थिति को और मजबूत करेगा।

नए एक्टिवा को पेश करते हुए होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया के डायरेक्टर सेल्स एंड मार्केटिंग, श्री योगेश माथुर ने कहा, ह्लएक्टिवा सिर्फ एक स्कूटर नहीं है, यह भारत भर में करोड़ों परिवारों का एक विश्वसनीय साथी है और अपने टैगलाइन 'स्कूटर बोले तो एक्टिवा' के प्रति सच्चा है। नया 2025 एक्टिवा स्मार्ट फीचर्स जैसे 4.2 इंच का TFT डिस्प्ले, ब्लूटूथ कनेक्टिविटी और नेविगेशन, आइडलिंग स्टॉप सिस्टम और वइ टाइप-उ चार्जिंग पोर्ट के साथ ग्राहकों की बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए तैयार है।

# हैड कांस्टेबल से अभद्रता पडी भारी, भेजे जेल

**मथुरा।** सीओ सिटी कार्यालय में तैनात हेड कांस्टेबल से अभद्रता लोगों को भारी पड गई। थाना कोतवाली पुलिस ने ड्यूटी के दौरान पुलिस कर्मचारी के साथ अभद्रता व जानलेवा हमला करने वाले दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। योगेन्द्र कुमार शर्मा पुत्र बाबू लाल निवासी आजनौक थाना बरसाना मथुरा हालपता प्रीति नर्सिंग होमवाली गली नंदगांव रोड थाना कोसीकला व राहुल पुत्र रामनिवास निवासी गांव साचौली थाना कोसीकला मथुरा को रेलवे ग्राउंड धौली प्याऊ थाना कोतवाली से गिरफ्तार किया गया। बुधवार को पुलिस अधीक्षक नगर के कार्यालय में तैनात मुख्य आरक्षी पवन सिंह जोकि सरकारी कार्य करके वापस

# अवैध अतिक्रमण पर जमकर गरजा बुलडोजर



**टीम एक्शन इंडिया**

**कानपुर।** शहर के सुगम यातायात में रोड़ा बने अवैध अतिक्रमण के खिलाफ नगर निगम सख्ती से कार्रवाई कर रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को महापौर प्रमिला पांडेय दल बल के साथ मुस्लिम बहुल क्षेत्र बेकनगंज पहुंची। यतीमखाना चौराहे से लेकर रहमानी मार्केट तक करीब एक किलोमीटर के दायरे में लोगों ने कच्चे-पक्के अवैध कब्जे कर रखे थे। इन सभी पर बुलडोजर की कार्रवाई करी गई। साथ ही कब्जेदारों को महापौर की ओर से दोबारा कब्जा न करने की कड़ी हिदायत भी दी गयी। शहर का बेकनगंज इलाका यहां पर दुकानदारों द्वारा फुटपाथ पर किये गए अवैध अतिक्रमण के चलते घंटों वाहन ट्रैफिक जाम में फंसे रहते है। इस वजह से यहां पर हमेशा जाम की स्थिति बनी रहती है। रास्तों को जाम से मुक्त कराने और अवैध अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करने के उद्देश्य से गुरुवार को महापौर नगर निगम अधिकारियों और भारी पुलिस बल के साथ

**कार्रवाई**

▶▶ इसी क्रम में गुरुवार को महापौर प्रमिला पांडेय दल बल के साथ मुस्लिम बहुल क्षेत्र बेकनगंज पहुंची

बेकनगंज पहुंची। यतीमखाना चौराहे से रहमानी मार्केट तक करीब एक किलोमीटर के दायरे में सैकड़ों दुकानदारों द्वारा किए गए अवैध अतिक्रमण पर बुलडोजर की कार्रवाई की गई। नगर निगम दस्ते को देख दुकानदारों के बीच हड़कंप मच गया। कुछ दुकानदारों ने पहले से ही अपनी दुकान समेटनी शुरू कर दी। तो वहीं मुस्लिम बहुल इलाका होने की वजह से बवाल की आशंका को देखते हुए भारी पुलिस बल भी तैनात रहा। साथ ही महापौर ने कड़े शब्दों में दुकानदारों को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि भविष्य में दोबारा अतिक्रमण किया गया।

# मानव श्रृंखला बना कर दिया सड़क सुरक्षा का संदेश

**शपथ**

▶▶ मानव श्रृंखला बनाई गयी। उपस्थित सभी लोगों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई।

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर कलेक्ट्रेट के सामने सड़क सुरक्षा मानव श्रृंखला बनाई गयी। उपस्थित सभी लोगों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। आम जनमानस को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किए जाने के लए कलेक्ट्रेट गेट से




बांयी ओर टैंक चौराहा तथा कलेक्ट्रेट गेट से दांयी ओर तहसील तक ऐतिहासिक वृहद सड़क सुरक्षा मानव श्रृंखला बनाई गई। कार्यक्रम का मुख्य आयोजन कलेक्ट्रेट मुख्य द्वार पर किया गया। मानव श्रृंखला में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागियों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई।

जिलाधिकारी श्री सिंह ने मानव श्रृंखला का अवलोकन करते हुए मानव श्रृंखला में प्रतिभाग करने वाले छात्र छात्राओं का उत्साह वर्धन किया। जागरूकता से सडक दुर्घटनाओं को नियंत्रित किया जा सकता है। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में सड़क सुरक्षा माह के तहत आज एक विशेष कार्यक्रम सड़क सुरक्षा मानव श्रृंखला का आयोजन किया गया है, जिसमें यह प्रयास किया गया है कि अधिक से अधिक लोगों तक सड़क सुरक्षा के नियमों की जागरूकता के लिए मानव श्रृंखला बनायी गई है।

# जनजातीय समाज के 15 हजार लोग सात फरवरी को संगम में लगायेंगे डुबकी

**टीम एक्शन इंडिया**

**महाकुम्भनगर।** प्रयागराज के महाकुम्भ में पहली बार 29 प्रान्तों के 550 विभिन्न जनजातीय समूह के 15 हजार जनजातीय लोग 07 फरवरी को संगम में डुबकी लगाएंगे। जिसमें जनजातीय समाज के 07 हजार युवा, 04 हजार लोक कलाकार, तीन सौ जनजातीय परम्परा के पुजारी, साधु-संत एवं 150 लोक-कलाकारों की टोली तथा उस समाज के अन्य लोग शामिल होंगे। यह जानकारी वनवासी कल्याण आश्रम के प्रान्त संगठन मंत्री आनन्द कुमार ने हिन्दुस्थान समाचार को विशेष वार्ता में बतायी।

उन्होंने बताया कि महाकुम्भ में



जनजातीय समाज के लिए 05 फरवरी से 10 फरवरी के बीच विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। 06 फरवरी को जनजातीय युवा कुम्भ प्रभु प्रेमी संघ शिविर में होगा। जिसमें देश भर से जनजातीय समाज के 7000 युवा हिस्सा लेंगे। इसके अलावा 7, 8 व 9 फरवरी को जनजातीय सांस्कृतिक कुम्भ का आयोजन महाकुम्भ क्षेत्र में विभिन्न स्थलों पर होगा। इसके अलावा 10 फरवरी को सेक्टर-18 स्थित संत समागम शिविर में जनजातीय संत, महात्मा एवं पुजारियों का समागम होगा। उन्होंने बताया कि जनजातीय समाज से जुड़ी एक वृहद प्रदर्शनी का आयोजन भी

**कुंभ**

▶▶ पुजारी, साधु-संत एवं 150 लोक-कलाकारों की टोली तथा उस समाज के अन्य लोग शामिल होंगे

कुम्भ क्षेत्र के सेक्टर-9 स्थित वनवासी कल्याण आश्रम परिसर में होगा। बताया कि जनजातीय सांस्कृतिक समागम में देश भर के 150 सांस्कृतिक नृत्य दल भाग लेने वाले हैं। रंगारंग नृत्यकला से युक्त यह समागम कुम्भ मेला परिसर में सभी के आकर्षण का केंद्र बनेगा। लगभग 15 हजार जनजातीय बंधु इस कुम्भ में भाग लेकर एकात्मता की अनुभूति प्राप्त करेंगें। साथ ही 'तू-मैं एक रक्त' इस मूल मन्त्र को साकार करेंगे। उन्होंने कहा कि 2025 का प्रयागराज महाकुम्भ राष्ट्रीय भावनात्मक एकता और सार्वभौमिकता का अद्भुत प्रतीक बनेगा। उन्होंने बताया कि भारत की लगभग 12 करोड़ आबादी अनुसूचित जनजाति समाज की है, जो लगभग 700 विभिन्न जनजातीय समूह में विभाजित है। उन्होंने बताया कि सनातन परम्परा को मानने वाले इन जनजातियों में अधिकाश प्रकृति-पूजक हैं जो प्रकृति में व्याप्त परमेश्वर की पूजा करते हैं। वैविध्यपूर्ण इन जनजातियों की श्रेष्ठ सास्कृतिक विरास्त है।

# पिरामल फार्मा ने ब्रांड लिटिल के लिए यामी गौतम को बनाया अपना ब्रांड एंबेसडर

**टीम एक्शन इंडिया**

**नोएडा।** पिरामल फार्मा लिमिटेड के इंडिया कंज्यूमर हेल्थकेयर (आईसीएच) ने आज अपने प्रमुख बेबी केयर ब्रांड, लिटिल के लिए अपने नए अभियान, स्विच टू सॉफ्टर की शुरूआत की घोषणा की। इस अभियान में अभिनेत्री यामी गौतम को ब्रांड के नए एंबेसडर के रूप में दिखाया गया है और लिटिल के फ्लफी सॉफ्ट डायपर पैंट पेश किए गए हैं - जो 12 घंटे के अवशोषण को सुनिश्चित करने के लिए बेहतर आयातित सामग्रियों से तैयार किए गए हैं, एक एंटी-रैश फॉमूर्ला और शिशुओं के लिए चौतरफा सुरक्षा




और बढ़ी हुई कोमलता के लिए एक नमी सूचक है। युवा माताएं अक्सर शिशु उत्पादों का चयन करते समय खुद उचित शोध करने के बजाय परिवार, दोस्तों और अपने सामाजिक दायरे की ओर रुख करती हैं। ब्रैंड लिटिल का उद्देश्य माताओं को ब्रांड को आजमाकर सूचित विकल्प बनाने के लिए राजी करके इस प्रवृत्ति को तोड़ना है, जो चिकने और मुलायम डायपर देने का वादा करता है, जिसे मूर्त रूप से महसूस किया जा सकता है। पिरामल कंज्यूमर हेल्थकेयर के सीईओ साई रमना पोनुगोटी ने कहा, "शहरीकरण के बढ़ने, वैश्विक रुझानों के बारे में अधिक जानकारी और बाल स्वास्थ्य और स्वच्छता के बारे में बढ़ती जागरूकता के साथ, भारत में नई माताओं की शिशु देखभाल उत्पादों के लिए अपेक्षाएँ काफी बढ़ गई हैं।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group



# दादा-पोते की जोड़ी ने विरोधियों को करवा दिया अपनी ताकत का एहसास

● युवा नेता शिवांक ने प्रचार को दी धार, जनता ने भी शिवांक को दिया आशीर्वाद ● मंगत राम सिंघल ने विरोधियों को लिया आड़े हाथ







**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली विधानसभा चुनाव में अब कुछ ही दिन शेष रह गए हैं। प्रत्याशी दिन-रात प्रचार में जुटे हैं। मतदाताओं तक पार्टी की नीतियों से अवगत करा रहे हैं और वोट की अपील कर रहे हैं साथ ही जनसंपर्क कर क्षेत्र की समस्याएं सुन उनका समाधान करने का आश्वासन दे रहे हैं। इसी कड़ी में आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी शिवांक सिंघल ने क्षेत्र में अपनी चुनावी गतिविधियां तेज कर दी हैं।

**कांग्रेस प्रत्याशी ने आजादपुर गांव में की पदयात्रा**
शिवांक ने आजादपुर में पदयात्रा कर लोगों से वोट की अपील की। लोग भी युवा नेता शिवांक सिंघल को अपना प्यार और जीत का आशीर्वाद दे रहे। शिवांक के साथ कांग्रे के दिग्गज नेता और पूर्व मंत्री रहे मंगत राम सिंघल ने चुनाव प्रचार में जान झोंक दी है। पोते शिवांक के साथ हर नुक्कड़ सभा, जनसभा में प्रचार को अपने अनुभव से आगे बढ़ा रहे और विरोधियों को आड़े हाथों ले रहे।

**लोगों से घर-घर जाकर जनसंपर्क कर रहे शिवांक सिंघल:** कांग्रेस उम्मीदवार शिवांक ने जनसंपर्क कर लोगों से वोट की अपील कर रहे हैं। इस मौके पर शिवांक ने लोगों को कांग्रेस की नीतियों से अवगत कराया।

**कांग्रेस जाते ही रुक गया दिल्ली का विकास :** शिवांक सिंगल
कांग्रेस प्रत्याशी में कहा कि जब से कांग्रेस की सरकार गई है तभी से दिल्ली के सभी विकास थम से गए हैं। अब तो सिर्फ दिल्ली सरकार, एलजी और केंद्र सरकार के बीच तकरार की ही खबरें सुनने को मिलती है। जब कांग्रेस की सरकार थी तो रोज कोई ना कोई नई योजना, नया शिलान्यास, नए उद्घाटन सुनने को मिलते थे। अब सिर्फ लड़ाई की ही खबरें सुनने को मिलती हैं। शिवांक ने आगे कहा कि केजरीवाल सरकार ने झुग्गीवासियों के लिए एक भी विकास कार्य नहीं किया। विकास के नाम पर झुग्गीवासियों ने आप सभी को भ्रमित किया। शवांक ने कहा कि दिल्ली में असली विकास कार्य कांग्रेस ने ही किया है। तत्कालीन शीला दीक्षित के कार्यकाल में दिल्ली में अनगितन विकास कार्य हुए हैं, यहीं कारण है कि आज भी दिल्लवासी तत्कालीन सरकार को याद करते हैं।

**केजरीवाल एंड पार्टी सत्ता से होगी बेदखल:** पूर्व मंत्री मंगत राम सिंगल ने आप पार्टी पर जमकर हमला बोला। मंगत ने कहा कि दिल्ली की वर्तमान सरकार ने पिछले 12 वर्षों से दिल्ली में विकास कार्य के नाम पर सिर्फ जुमले दिए। आज दिल्ली की सभी व्यवस्थाएं चरमरा गई है।










## यूपी के छह लोगों को मिलेगा उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ: उत्तर** प्रदेश के स्थापना दिवस का आयोजन 24 से 26 जनवरी तक अवधशिल्प ग्राम में होगा। इसके साथ ही महाकुम्भ के सेक्टर-7, नोएडा शिल्पग्राम समेत सभी 75 जनपदों में भी विविध आयोजन होंगे। लखनऊ में होने वाले मुख्य महोत्सव में उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, राज्यपाल आनंदी बेन पटेल व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मौजूद रहेंगे। स्थापना दिवस की थीम 'विकास व विरासत प्रगति पथ पर उत्तर प्रदेश' है। इस बार छह लोगों को उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान प्रदान किया जाएगा। लोकभवन सभागार




में मीडिया से मुखातिब संस्कृति व पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश दिवस-2025 के आयोजन की थीम 'विकास व विरासत प्रगति पथ पर उत्तर प्रदेश' रखी गई है। सभी विभागों द्वारा उसी थीम पर प्रदर्शनी, संगोष्ठी, सम्मेलन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रतियोगिता, रोड शो आदि होंगे। 24 जनवरी को उत्तर प्रदेश दिवस, 25 जनवरी को राष्ट्रीय पर्यटन दिवस-मतदाता जागरूकता दिवस व 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस का धूमधाम से आयोजन होगा।

**विरासत व विकास पर लगाई जाएगी प्रदर्शनी**
विरासत व विकास पर अलग-अलग प्रदर्शनी लगाई जाएगी। विरासत पर लगाई गई प्रदर्शनी में पूर्व प्रधानमंत्री व भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के शताब्दी वर्ष पर उनके जीवन प्रसंग आदि से दर्शक अवगत हो सकेंगे। इसके अलावा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती, सरदार वल्लभ भाई पटेल, हमारा संविधान व हमारा स्वाभिमान आदि पर प्रदर्शनी लगाई जाएगी। इसके साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा सफल प्रतिभाओं को भी सम्मानित किया जाएगा। साथ ही 75 जनपदों के ओडीओपी, कला शिल्प की प्रदर्शनी, फूड कोर्ट में विभिन्न अंचलों का स्वाद ले सकेंगे।

## महाकुम्भः त्रिवेणी के आकाश में दिखेगा संस्कृति का संगम

**टीम एक्शन इंडिया**
**महाकुम्भनगर :** महाकुम्भ में तकनीक और सांस्कृतिक संगम के अद्भुत प्रदर्शन की तैयारी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर श्रद्धालुओं की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पर्यटन विभाग की ओर से महाकुम्भनगर के सेक्टर-7 में 24, 25 और 26 जनवरी को ड्रोन शो का आयोजन किया जा रहा है। यह शो आधुनिक

**तकनीक**

**▸▸ 24 से 26 जनवरी ड्रोन शो का नजारा देख सकेंगे श्रद्धालु, एक साथ सैकड़ों ड्रोन आकाश में बनाएंगे विभिन्न आकृतियां**

तकनीक और भारतीय संस्कृति का संगम प्रस्तुत करेगा, जो श्रद्धालुओं के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव होगा। गणतंत्र दिवस पर इस आयोजन के लिए पर्यटन विभाग ने विशेष तैयारी की है।

**रोशनी और संगीत के समन्वय का नजारा**
गुरुवार की शाम सेक्टर-7 में ड्रोन शो का रिहर्सल किया गया। शो में ड्रोन एक साथ आकाश में उड़कर विभिन्न आकृतियां बनाएंगे। भारतीय संस्कृति, अध्यात्म और महाकुम्भ के महत्व को दशार्ने वाले दृश्य ड्रोन के माध्यम से आकाश में उकेरे जाएंगे।

## महाकुम्भ में दहेज प्रथा के खिलाफ उठी आवाज

**टीम एक्शन इंडिया**
**महाकुम्भ नगर।** महाकुम्भ-2025 के पावन अवसर पर तीर्थराज प्रयाग में आयोजित परमार्थ निकेतन शिविर में गुरुवार को उत्तर प्रदेश की राज्यपाल, आनंदी बेन पटेल ने उपस्थिति दर्ज कराई। उन्होंने यहां राष्ट्रसंत पूज्य मोरारी बापू जी के श्रीमुख से हो रही श्रीरामचरित मानस कथा का भी श्रवण किया। इस अवसर पर आनंदी बेन पटेल ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर उनके पराक्रम और साधना को नमन किया।

**महकुंभ** मेला क्षेत्र में 200 से अधिक वाटर एटीएम उपलब्ध करवा रहे हैं प्रतिदिन 12 से 15 हजार लीटर पानी

## महाकुम्भ में वाटर एटीएम से बटन दबाते ही मिल रहा फ्री आरओ पानी

**टीम एक्शन इंडिया**
**महाकुम्भ नगर।**
प्रयागराज में सनातन के महापर्व महाकुम्भ का दिव्य भव्य आयोजन चल रहा है। देश भर से करोड़ों की संख्या में श्रद्धालु महाकुम्भ में संगम स्नान करने हर दिन आ रहे हैं। अब तक 10 करोड़ श्रद्धालु संगम में स्नान कर चुके हैं। महाकुम्भ में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में मेला प्रशासन और अन्य सभी विभाग व्यवस्था और सुविधाएं उपलब्ध करवाने में प्रयासरत हैं। इसी क्रम में यूपी जल निगम नगरीय ने श्रद्धालुओं को पीने के लिए आरओ वाटर उपलब्ध करवाने को




200 वाटर एटीएम लगाए हैं। इन वाटर एटीएम से महाकुम्भ आने वाले श्रद्धालुओं को पूरी तरह मुफ्त शुद्ध आरओ वाटर उपलब्ध करवाया जा रहा है।

**बटन दबाते ही मिल रहा है वाटर एटीएम से फ्री आरओ वाटर**
महाकुम्भ में प्रतिदिन लाखों, करोड़ों की संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं के पीने के लिए शुद्ध आरओ पानी उपलब्ध करवाया जा रहा है। इसके लिये मेला क्षेत्र में 200 वाटर एटीएम लगाए गये हैं। इन वाटर एटीएम से श्रद्धालु पूरी तरह मुफ्त शुद्ध आरओ वाटर पीने के लिए ले सकते हैं।
ये वाटर एटीएम पूरे मेला क्षेत्र के अलग-अलग सेक्टर और मंदिरों के पास लगाए गये हैं। वाटर एटीएम के बारे में बताते हुए जन निगम नगरीय के अधिशासी अभियंता सतीश कुमार ने बताया कि वाटर एटीएम को लेकर शुरूआत में आ रही सभी तकनीकि समस्याओं को दूर कर दिया गया है। अब श्रद्धालु केवल बटन दबा कर पूरी तरह मुफ्त आरओ वाटर अपनी बोतलों या बर्तनों में ले सकते हैं।

www.actionindialive.com

जब चाहें, जहां चाहें
ताजा खबरों से अपडेट रहें




H.O: Action Balaji House, Majlis Park,
Near Rakesh Bhardwaj Chowk, Delhi- 110033

B.O: Shakti Complex, 6/18, Main Gt Road,
Samaypur Industrial Area, Delhi -110042

9999889104, 8447314925